e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 135
शुक्रवार
19.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त करते वक्त सिर्फ 2 सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता में खुद बना लूँगा।



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

3,469
माध्यमिक शिक्षकों का
नियुक्ति पत्र
वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 19 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : टाना भगत इंडोर स्टेडियम,
खेलगांव होटवार, रांची

PR NO-297722 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

प्रभात मंत्र

पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में हुई अपराध गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के उपस्थिति में अपराध गोष्ठी के दौरान माह अप्रैल में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई । बैठक में थानावार वारंट ,कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा की गई ।माह अप्रैल में हत्या, लूट ,बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों मैं गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्या क्या प्रयास किए गए हैं ,उसकी गहन समीक्षा की गई ।उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू ,नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा एवं हरिहरगंज को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया और उनके द्वारा विशेष सफलता नहीं मिलने को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है ,उसको लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिया गया ।सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने तथा वैसे कांड जो काफी पुराने हैं ,उसकी समीक्षा कर दें का निर्देश भी दिया गया।जिन अनुसंधानकर्ताओं के द्वारा कांड के अनुसंधान में रुचि नहीं ले जा रही है ,उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव समर्पित करने का कड़ा निर्देश पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिया गया।जिन कांडों में अभियुक्त दूर के राज्यों में छुपे हुए हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक से अनुमति लेकर संबंधित राज्य जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।कांड उद्भेदन एवं कांड निष्पादन की दिशा में जिन

पत्रकार पर गोली चलानेवाले अपराधियों को गिरफ्तार करे पुलिस : अवधेश शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : धनबाद के बलियापुर के एक दैनिक के पत्रकार प्रवीर महतो को गोली मारने वाले अपराधियों पुलिस गिरफ्तार करे। उक्त बातें झारखंड पत्रकार संगठन केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा। घटना बुधवार की रात 9 बजे की है। पत्रकार प्रवीर बाइक से बलियापुर से रघुनाथपुर अपने घर जा रहे थे। रखितपुर तालाब के पास तीन अपराधी खड़े थे। प्रवीर के पहुंचते ही अपराधियों ने गोली चला दी। गोली कमर के ऊपर लगी है। गोली लगते ही वह बाइक समेत जमीन पर गिर गए। सूचना पर बलियापुर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रवीर को इलाज के लिए पहले स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, वहां से एसएनएमएमसीएच भेजा दिया। मेडिकल अस्पताल में एक्सरे में पता चला कि एक गोली रीढ़ के नीचे फंसी हुई है। गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए प्रवीर को रांची रिम्स रेफर कर दिया। अवधेश ने कहा झारखंड में पत्रकार सुरक्षित नहीं है। झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए।

चोरी की घटना के लगभग डेढ़ माह बाद भी नहीं मिला सुराग

दो बार हो चुकी है व्यवसाई के साथ लूटपाट व चोरी की घटना

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : स्वर्ण व्यवसाई के दुकान में हुई चोरी की घटना के डेढ़ माह बाद भी किसी भी तरह की सुराग नहीं मिल पाया। व्यवसाई प्रत्येक दिन इधर-उधर की दौड़ लगाते हुए न्याय के लिए भटक रहा है। नावा बाजार पुलिस के द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह मोड़ अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है। सुबह-शाम लोगों की भीड़ लगी रहती है जिसका फायदा अपराधियों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देकर उठाया जा रहा है। विदित हो कि 24 मार्च की देर रात ब्रहमोरिया मोड़ पर अवस्थित नरेश सोनी के सोने की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दुकान में रखे लगभग दो लाख से अधिक की सोने चांदी के गहने सहित बर्तन आदि ले भागे थे। इसके पूर्व भी लगभग 7 माह पहले लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका उद्भेदन पुलिस प्रशासन के द्वारा आज तक नहीं हो पाई है। दोनों ही मामले में व्यवसाई नरेश सोनी के द्वारा समय-समय पर नावा बाजार थाना को सूचना दी जाती रही है। बावजूद आज तक किसी भी मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया। लगातार हो रही घटनाओं से भयभीत व्यवसाई नरेश सोने ब्रहमोरिया मोड़ से अपना कारोबार समेटने का निर्णय लिया है। व्यवसाई ने बताया कि लगातार सिर्फ इन्हीं के साथ ऐसी घटनाएं हो रही। जबकि आसपास घनी आबादी है और भी कई बड़े कारोबारी का दुकान अवस्थित है, लेकिन उनके साथ ऐसी वारदात नहीं हो रहा। शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा कभी गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई।

लालगढ़ के 3 छात्रों का हुआ मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना में चयन

विद्यालय का हमेशा रहा है उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ मध्य विद्यालय के 3 छात्र का चयन मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति के लिए योजना में हुआ है। जिसमें राहुल राज, प्रिंस कुमार व अनिकेत कुमार कुमार का नाम शामिल है।? तीनों छात्रों को प्रतिवर्ष 12 सौ रुपए प्रदान की जाएगी। यह राशि बेहतर कैरियर व शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगा। इनकी सफलता पर विद्यालय परिवार फूले नहीं समा रहे। तीनों छात्रों ने बताया कि सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक को जाता है। जिनके कुशल नेतृत्व में परीक्षा की तैयारी की और सफलता भी प्राप्त हुआ। प्रतिवर्ष मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि भविष्य के निर्धारण में वरदान साबित होगा। तीनों छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय ने पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी व विद्यालय परिवार इनके उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर किया है। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय ने चयनित तीनों छात्रों को पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के बदौलत विद्यालय हमेशा प्रगति की राह पर चलकर अपने लक्ष्य को पाने में सफल रहा है । उन्होंने अन्य छात्रों से आग्रह किया कि सभी निरंतर कठिन परिश्रम के साथ पाठ को समझें न कि रटने की प्रवृत्ति रखें। सफलता निश्चित रूप से उन्हें प्राप्त होगी। विदित हो कि यह उपलब्धि लालगढ़ मध्य विद्यालय के लिए कुछ पहली बार नहीं मिली है।

ग्रामीणों ने शिक्षक के प्रति जताया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

पलामू : जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमाखुर्द पंचायत अंर्तगत टीटही गांव में ग्रामीणों ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय टीटही स्कूल परिसर में पहुंच कर शिक्षक के खिलाफ जमकर विरोध जताया, टीटही गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां स्कूल परिसर में बच्चों को नियमित खान मेनू के अनुसार नहीं मिलता है, कभी मिलता भी है तो कभी 15 से 20 दिनों तक बच्चों को मिलने वाला भोजन गायब भी हो जाता है। आगे ग्रामीणों का कहना है कि इस विधालय में एक शिक्षक के भरोसे पहली से 5वीं क्लास तक के बच्चो की पढ़ाई सही से नहीं हो पाती है, बताते चलें कि कि बच्चे बच्चियों को स्कूल का नाम भी नहीं मालूम है। ग्रामीणों ने एक और शिक्षक की मांग किया है। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह से पूछने पर उन्होनें बताया कि खाना बच्चों के ईच्छा अनुसार व मेनू के अनुसार दिया जाता है। राशन व पैसा नहीं रहने के कारण एमडीएम 15 दिनों से बंद था, लेकिन फिलहाल बच्चों को खाना मिल रहा है। मौके पर यासीन अंसारी, नसीर अंसारी, गाजी अनवर, महबूब अंसारी, शहीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

आरटीआई से खुलासा पूर्व मुखिया द्वारा क्रय किया गया समाग्री पंचायत कार्यालय में नहीं है उपलब्ध, कई दस्तावेज भी लापता

प्रभात मंत्र संवाददाता

पलामू : जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया द्वारा क्रय किया गया समाग्री पंचायत भवन में नहीं है मौजूद। आरटीआई से भरष्टाचार का बड़ा खुलासा, आरटीआई कार्यकर्ता ने उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत से संबंधित वर्ष 2010 से 2015 तक का सूचना का माँग किया था सत्समय सूचना उपलब्ध नहीं होने पर अपीलीय पदाधिकारी आदेश के बाद आधा अधूरा सूचना उपलब्ध कराया गया शेष सूचना उपलब्ध नहीं होने का सत्यापित प्रति दिया गया है जो भ्रष्टाचार को उजागर करता है, वहीँ उपलब्ध कराई गयी सूचना में पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाह द्वारा लगभग 3 लाख का क्रय किया गया समाग्री पंचायत सचीवालय में उपलब्ध नहीं है जो भ्रष्टाचार का बड़ा सबूत है, वहीं दिये गए दस्तावेज में मुखिया ने स्वंय के नाम से चेक काट कर समाग्री धुलाई का भुगतान भी किया है, यहाँ सोचनीय विषय यह है की जो समाग्री पंचायत सचीवालय में मौजूद ही नहीं है उसका धुलाई और पैमेंट कैसे किया।

20 को जलयात्रा, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी पूर्ण

बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिश्रामपुर प्रखंड के ग्राम तोलरा में भव्य लक्ष्मी नारायण भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।20 मई को कार्यक्रम निर्धारित हुआ है कमेटी के सदस्य द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से आयोजन की तैयारी चल रही है। ग्रामवासी एवं सदस्यों को इस कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी उर्फ मखीरन तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमंत तिवारी, सोनी तिवारी, अमरेश तिवारी, रोहित तिवारी, राजेश तिवारी, विजय तिवारी, सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

जमीनी विवाद में मारपीट, तीन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : थाना क्षेत्र के टीकर टोला में गुरुवार के सुबह जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पति, पत्नी और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में टीकर टोला निवासी सुचिंता देवी पति ब्रजेश प्रजापति तथा डंडई थाना क्षेत्र के रारो गाँव निवासी सुचिता के पिता कामेश्वर प्रजापति व माँ बिमला देवी का नाम शामिल है। उक्त तीनो को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। ईलाजरत सुचिता देवी ने बताया कि हमारे पट्टीदार के बीच पूर्व से ही जमीन विवाद चल रहा था, उक्त विवादित भूमि में 107 का केस भी चल रहा है। उसी जमीन में गुरुवार के सुबह उमेश प्रजापति व लखन प्रजापति घर बनाने के लिए नींव खोद रहे थे। जब उमलोगो को नींव खोदने से मना की तो वें भड़क गए तथा मुझे मारने लगे तभी मेरे घर पहुंचे मेरे माता पिता जब मुझे बचाने पहुंचे तो उमेश प्रजापति, लखन प्रजापति, विनोद प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, प्रमोद प्रजापति और उनके घर के आठ दस सदस्य लाठी, डंडा और ईंट से मारकर मुझे तथा मेरे माता पिता को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। उधर जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है।

बंशीधर पलटन कबड्डी टीम देवघर के लिए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : बंसीधर पलटन कबड्डी टीम के चयनित खिलाड़ियों के बीच बुधवार को कबड्डी किट का वितरण किया गया। कबड्डी किट का वितरण मुख्य अतिथि सह बंसीधर पलटन कबड्डी टीम के स्पॉन्सर (मैनेजर) झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, झामुमो नेत्री किरण देवी, जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता, युवा समाजसेवी दीपू गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबड्डी ड्रेस किट का वितरण किया। इसके बाद गुरुवार को बंसीधर पलटन कबड्डी टीम देवघर के लिए रवाना हो गई। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड से मान्यता प्राप्त देवघर जिला कबड्डी संघ के तत्वधान में देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 2 का शुभारंभ आगामी 21 मई से 27 मई 2023 तक देवघर जिला के केकेएन स्टेडियम में आयोजित होगी। यह लीग में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। जिसमें गढ़वा जिला के बंसीधर पलटन टीम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग का सीधा लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।मौके पर टीम के स्पॉन्सर सह युवा नेता दीपक प्रताप देव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आने वाले समय में गढ़वा जिला सिर्फ और सिर्फ कबड्डी के नाम से जाना जाएगा। कबड्डी के प्रति लोगों का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। हमें आगे चलकर स्कूल व कॉलेज में भी कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन कराने पर जोर देना होगा ताकि जिले में बेहतर कबड्डी खिलाड़ी आगे बढ़ सके और जिले का नाम पूरे राज्य एवं देश में रोशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि बाबा बंशीधर की कृपा से बंसीधर पलटन टीम बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि देवघर में आयोजित कबड्डी मैच में यह टीम चैंपियन बनेगी। देव ने गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव व टीम के कोच अजय गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि आज इन्हीं के बदौलत गढ़वा जिला में कबड्डी का नाम सबसे ऊंचा हो रहा है।

लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अन्य दो लुटेरे पुलिस को चकमा देकर हुए फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को हथियार साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा और डीएसपी ऋृषभ गर्ग ने संयुक्त रुप से बताया कि पिपराटाड़ थाना प्रभारी हीरालाल शाह के नेतृत्व में 17 मई की रात गुप्त सूचना के आधार पर पिपराटाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमानत नदी के किनारे छ. अपराधी डकैती की योजना बनाते घेरे गये। छापामारी क्रम में दो अपराधी भागने मे सफल रहें तथा चार अपराधी हथियार गोली आदि के साथ रंगे हाथ पकड़े गये। इनके पास से 12 बोर का दो देशी पिस्तौल, पुलिस का चितकबरा वर्दी, दार्थ, फाईटर रिंग, खिलौना पिस्टल, चिलम आदि बरामद हुआ है। गिरफतार अपराधी शमशाद अंसारी पूर्व में हत्या कांड का अरोपी रहा है। अपराधी अखिलेय भूईया आठ महीना पहले चोरी के कई कांडों जेल गया है। विगत कुछ दिनों से सूचना आ रही थी कि माकी और पिपराटांड थाना क्षेत्र में सुंदर ग्रामीण जंगली रास्तों में छोटा-मोटा छिनतई की घटनायें घट रही है। करीब एक सप्ताह पहले केलहवा डेम पर लूट-पाट की घटना घटी थी जिसका केस पिपराटाड थाना में दर्ज है। उक्त अपराधियों के पास से उक्त कांड में लूटा गया दो मोबाईल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में शामशाद अंसारी पिता सदीक असारी ग्राम जोल्हविंगहा,अखिलेश भूईया उर्फ लड्डू पिता बिनोद भूईया,मुख्तार अंसारी पिता मुमजात अंसारी ग्राम बलमुआ,नवीन उर्फ मित्ररंजन सिंह पिता कार्तिक सिंह ग्राम भूईया कुरहा थाना पांकी का नाम शामिल है। बाकी दो लुटेरे पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने अपराधियों के पास से 12 बोर का देशी पिस्तौल,12 बोर का गोली- 02,मोबाईल फोन-11,चितकबरा वर्दी-03,पाँच सेल का टार्च, गांजा पीने वाला चिलम-01 बरामद किया है।

मुखिया ने किया नाली व पुल का शिलान्यास

रमना(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने पासी टोला में प्यारी राम के घर से बड़ा पुल तक 15 वाँ वित्त आयोग से बनने वाली नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।मौके पर अनीता देवी ने कहा कि नाली के बन जाने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने- जाने में अब कोई परेशानी नहीं होगी साथ ही घर का पानी निकासी भी सीधे नाली मे होने सड़क पर गंदा पानी का बहाव या जमाव से लोगों को राहत मिलेगा। नाली का निर्माण एक लाख सत्तर हजार रुपए की लागत से कराया जाएगा।इस अवसर पर वार्ड सदस्य दीपक पासी, विनय ठाकुर, लाला सिंह,नागेंद्र सिंह,रमेश चंद्रवंशी, राकेश सिंह,रमेश उरांव, मुकेश ठाकुर, विजय विश्वकर्मा सहीत कई लोग मौजूद थे।

मुखिया ने बंद पड़े जलमीनार को कराया चालू

झारखण्ड पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत महुगांव पंचायत में कई महीने से बंद पड़े चापाकल एंव जलमीनार को मुखिया मदन राम ने कराया चालू. बताते चले कि पांडू प्रखंड इन दिनों लगातार सुखाड़ कि मार झेल रहा है, लोग पेजल के लिए तरस रहे है. पानी कि घोर किलत को ध्यान में रखते हुए महूगांवा मुखिया ने अपने पंचायत में सभी बंद पड़े जलमीनार एंव चापाकल को पुनः चालू कराना प्रारंभ कर दिया है. मुखिया ने कहा पंचायत क्षेत्र में बंद सभी चापाकल एवं जल मीनार को चालू कराया जाएगा. पूरा प्रयास रहेगा कि पंचायत वासियों को पेयजल के लिए किसी भी प्रकार का परेशानि ना हो. जलमीनार चालू हो जाने के बाद लोगों के चेहरे पर साफ खुशी देखी जा रही है. ग्रामीणों ने मुखिया मदन राम के कार्यों कि परसंसा कि है।

शादी के सात दिन बाद ही लड़की ने पति के साथ रहने से किया इंकार

खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के गोबरदाहा गांव मे सात दिन पहले विवाहित लड़की ने अपने पति छोड़ अपने प्रेमी के साथ रहने का निर्णय लिया है.प्राप्त समाचार के अनुसार गोवरदाहा गांव निवासी गामा राम के पुत्र मनोज राम की शादी कांडी थाना क्षेत्र के भीलका गांव में विगत 10 मई को हुई थी। जब कि पत्नी रूबी ने पति को छोड़ प्रेमी प्रेमी के साथ जाना चाहती है।वह किसी भी हाल मे अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती है. बाद में ससुराल वालों ने लड़की के मां बाप को गोबरदाहा गांव बुलाकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर समझाने का प्रयास किया।बैठक के बाद भी लड़की प्रेमी के साथ ही रहने की बात कहती रही।लड़की के माता पिता उसे अपने घर ले जाने को तैयार नही।जबकि ससुराल वाले भी उसे रखना नही चाहते।फ़इलहल लड़की ससुराल में राह रही है जहाँ उसे अपने प्रेमी के आने का इन्तजार है। बैठक में उपस्थित खरौंधी पूर्व मुखिया उपेंद्र भारती, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर किशोरियों को किया गया जागरूक : सुषमा कुमारी

पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सहभागी शिक्षण ट्रस्ट द्वारा के जी स्कूल सदर मेदिनीनगर के प्रांगण में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 60 से ज्यादा किशोरियों को माहवारी के दिनों में सफाई के लिए प्रेरित किया गया, जिससे वह कई संक्रमण से सुरक्षित रह सकते है। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विशेषज्ञ नौसबा, कंचन एवं नमिता ने बताया कि हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है, लेकिन ग्रीष्म कालिन अवकाश होने के कारण हम सभी आज के दिन ही इसे बना रहे है। इसका उद्देश्य महिलाओं, युवतियों एवं लड़कियों को माहवारी के दिनों में शारीरिक सफाई के प्रति जागरूक करना है। बताया गया कि इन दिनों में जरा सी लापरवाही तमाम संक्रमण एवं बीमारियों का कारण बन सकती है। इसी क्रम में प्राचार्य महोदया सुषमा कुमारी द्वारा सभी युवतियों से अपील की गई कि मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। विशेषज्ञ नमिता द्वारा बोला गया कि इस पर शर्माने की बजाय खुलकर बात करना चाहिए। इसके बाद विशेषज्ञ नौसबा एवं कंचन द्वारा बताया गया कि पैड का इस्तेमाल करें और 6 से 8 घंटे में अपना पैड बदल दे। गीले पैड को लंबे समय तक इस्तेमाल से आपकी जांघो व गुप्त अंगों पर लाल चकत्ते पड़ सकते है और उस हिस्से पर जलन भी हो सकती है, इससे बचाव भी पैड के समय समय पर बदलते रहेने से होगा।

पूर्व विधायक ने हरिहरगंज में लगाई दौड़

हरिहरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो द्वारा पिछले 11 फरवरी से खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने को मांग को लेकर मैराथन दौड़ सभी विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है । इसी कड़ी में गुरुवार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर अमित महतो ने युवा नेता राजगौरव उर्फ छोटू सिंह सहित स्थानीय धावकों के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई । हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा में मैराथन दौड़ की शुरुआत हरिहरगंज एनएच 98 तेंदुआ स्थित बाबा भोलेनाथ बस सर्विस कार्यालय से किया गया । उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदेश भर में मैराथन दौड़ लगाई जा रही है । इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार और पूर्व की एनडीए सरकार पर भी निशाना साधा । कहा कि दोनों ने झारखंड के लोगों को उपेक्षित रखा है । राज्य गठन के 22 साल बाद भी खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हुआ है । जिसके कारण युवाओं को रोजगार से वंचित रहना पड़ रहा है ।

बस और बाइक की टक्कर में दो की मौत

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच-98 पर गुरुवार की सुबह औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज जाने के क्रम में सर्विस बस बाबा भोलेनाथ में दो अलग-अलग बाइक सवार युवक को जोरदार धक्का मार दिया. जिससे घटनास्थल पर ही दोनों बाइक सवार की मौत हो गई है. इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने औरंगाबाद- डालटनगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया है. सूचना मिलने पर नावा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है।मृतकों की पहचान हिंदी दैनिक अखबार के नावा बाजार प्रतिनिधि बबलू प्रसाद गुप्ता के 16 वर्षीय भतीजे छोटू प्रसाद (पिता स्व. मथुरा प्रसाद) और दूसरी बाइक पर सवार उंटारी रोड के मुरमा कला निवासी 40 वर्षीय चंद्रप्रकाश (पिता-रामलखन राम) के रूप में हुई है. घटना के बाद बस मौके पर खड़ी है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया है. नावा बाजार के थाना प्रभारी दीपक कुमार दास दल बल के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं।बताया जा रहा कि छोटू प्रसाद बाइक से निकल कर सड़क पर आया था. इसी क्रम में बस ने पहले उसकी बाइक में टक्कर मार दी और असंतुलित होकर दूसरी बाइक से जा रहे चंद्रप्रकाश को भी चपेट में ले लिया।

तालाब में डूबने से सात वर्षीय बच्चे की स्थिति गंभीर

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसीआरा में तालाब में डूबने से 7 वर्षीय बच्चे की स्थिति गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसीआरा निवासी विनय चौरसिया का पुत्र नीतीश कुमार गुरुवार की सुबह कुछ बच्चों के साथ अपने घर के पास तालाब में नहाने गया था। इसी बीच अचानक वह तालाब में डूब गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से नीतीश कुमार को तालाब से बाहर निकाला गया।नीतीश जब पानी से बाहर निकला तो उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक रोगी की मौत

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के सुआ निराला टोला में मालगाड़ी की चपेट में आकर गणेश सिंह की पुत्री लालसा कुमारी उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लालसा कुमारी का दिमागी हालत ठीक नहीं था। गुरुवार की सुबह वह अपने घर के पास रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी।इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 135
शुक्रवार
19.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त करते वक्त सिर्फ 2 सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता में खुद बना लूँगा।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 40⁰
न्युनतम 24⁰

क्विक न्यूज

राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने रतनलाल कटारिया के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद व पूर्व मंत्री रतनलाल कटारिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। कटारिया की छवि एक लोकप्रिय जनसेवक की थी जो हरियाणा के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। उनके परिवार जनों व समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक-संवेदनाएं हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया के निधन से स्तब्ध हूं। लोगों के कल्याण के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के अंबाला से तीन बार के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया का गुरुवार को पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। कटारिया पांच दशक से भी अधिक समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुई राबड़ी देवी

नई दिल्ली : बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजधानी स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में पेश हुई। ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आगे की पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंची हैं। उनसे इस मामले से जुड़े अहम पहलुओं पर पूछताछ किए जाने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बुधवार को ही पति और राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दिल्ली पहुंची थीं।

नशे की लत से दूर रहें युवा: ठाकुर

शिमला : केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे की लत के खतरों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और दूसरे साथियों को भी इस घातक लत से बचने के लिए प्रेरित करें। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हमीर संगम महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि लोगों को नशा मुक्त करने का काम मैं आपको दे रहा हूं। मैंने युवाओं को इस नशे का शिकार होते देखा है। अनुराग ने कहा कि न जाने ऐसे कितने युवा नशे में अपनी जान खो रहे हैं। कई बार युवाओं को जीवन में परेशानी लगती है, लेकिन लड़ने वालों के कदमों ही जहां होता है। नशा बेचने वालों पर भी सरकारें कड़ी कार्रवाई कर रही हैं।

मणिपुर हिंसा में घायल असम राइफल्स के जवान ने तोड़ा दम

कोलकाता : मणिपुर हिंसा में घायल 18वीं असम राइफल्स के जवान आलोक राव ने बुधवार को कोलकाता के कमांड अस्पताल में दम दोड़ दिया। गुरुवार को थल सेना पूर्वी कमान के प्रवक्ता हिमांशु तिवारी ने हिन्दुस्थान समाचार से इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 10 मई को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के दोलाईथाबी क्षेत्र में सुबह 11 बजे उग्रवादियों ने वर्चस्व स्थापित करने के लिए वहां मौजूद जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी थी। इस दौरान गोली लगने से आलोक घायल हो गए थे।

जवाहरलाल नेहरू के बाद जापान के हिरोशिमा जाने वाले दूसरे पीएम हैं मोदी

जापान यात्रा पर आज रवाना होंगे पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शुक्रवार से तीन देशों के दौरे पर जाने वाले हैं. इन देशों में जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं. इस बात की जानकारी विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार दी. पीएम मोदी 19 से 21 मई के बीच जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे. हिरोशिमा में होने वाली इस बैठक के लिए जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने अपने समकक्ष को निमंत्रण भेजा था. विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि पीएम मोदी शुक्रवार की सुबह जापान के लिए रवाना होंगे. हिरोशिमा में वो जापान के पीएम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे. हम लोग जापान में क्वाड नेताओं की बैठक की योजना बना रहे हैं. शिखर बैठक में प्रधानमंत्री जी-7 के सत्रों में भागीदार देशों के साथ शांति, स्थिरता और भोजन, उर्वरक और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन से अलग कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे.विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी में पोर्ट मोर्सबी जाएंगे. यहां वे 22 मई को हिंद-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच की तीसरी शिखर बैठक की पापुआ न्यू गिनी के साथ मिलकर मेजबानी करेंगे. हिंद-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच में भारत और प्रशांत द्वीप समूह के 14 देश शामिल हैं. ये देश फिजी, पापुआ न्यू गिनी, टोंगा, तुवालु, क्रिबाटी, समोआ, वानुआतु, नियू, माइक्रोनेशिया, मार्शल द्वीपसमूह, कुक द्वीपसमूह, पालाउ, नाउरू और सोलोमोन द्वीप समूह हैं. पीएम मोदी पापुआ न्यू गिनी में न्यूजीलैंड के पीएम से भी मुलाकात करेंगे. यहां पीएम मोदी द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे. इनमें उनकी गवर्नर जनरल बॉब दादाइ और प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के साथ बैठक शामिल हैं. यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा होगी.

क्यों खास है हिरोशिमा

जापान के पीएम फुमियो किशिदा खुद हिरोशिमा से ही आते हैं, इसीलिए इस बार जी-7 समिट को इसी शहर मे आयोजित किया जा रहा है. 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए गए थे. जिसके बाद द्वतीय विश्व युद्ध खत्म हो गया. सबसे पहला बम हिरोशिमा में गिराया गया था, जिसमें लाखों लोगों की जान गई और जमकर तबाही मची. यही कारण है कि जापान में मौत का मंजर देखने वाले इस शहर में ये बड़ा सम्मेलन हो रहा है. जिससे परमाणु हथियारों के बढ़ते खतरे को लेकर दुनिया को एक मैसेज दिया जा सके.

पीएम मोदी 19 से 21 मई के बीच जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

22 से 24 मई को ऑस्ट्रेलिया में पीएम मोदी

इसके बाद पीएम मोदी 22 मई से 24 मई तक ऑस्ट्रेलिया के सिडनी जाएंगे. वे वहां ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज के साथ 24 मई को द्विपक्षीय बैठक करेंगे. पीएम यहां ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और व्यापारिक नेताओं के साथ संवाद करेंगे.वो 23 मई को सिडनी में भारतवासियों को संबोधित करेंगे. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज भी शामिल होंगे.

मुख्यमंत्री 3469 शिक्षकों को आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

स्थानीय भाषा के शिक्षकों की भी हो रही नियुक्ति

माध्यमिक शिक्षा के सशक्तिकरण में बढ़ते कदम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य भर में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शुभारंभ के बाद राज्य सरकार झारखण्ड की शिक्षा व्यवस्था में नई कड़ी जोड़ने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 19 मई को 3,469 माध्यमिक शिक्षकों को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्त होने वाले सभी शिक्षक राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित किए जायेंगे। स्कूलों में बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा देने हेतु स्थानीय भाषा के शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसमें संताली, मुंडारी, कुड़ुख एवं अन्य भाषा शामिल हैं। जिलावार शिक्षकों की जरूरतों को देखते हुए सरकार उन्हें प्रस्थापित करने जा रही है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों यथा इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 779, संस्कृत में 398, भूगोल में 341, हिन्दी में 337, अर्थशास्त्र में 260, गणित एवं भौतिकी में 268, अंग्रेजी में 249, जीव एवं रसायन विज्ञान में 232, शारीरिक शिक्षा में 184, वाणिज्य में 118, संगीत में 97, उर्दू में 27, गृह विज्ञान में 50, संथाली में 42, बांग्ला में 29, कुड़ुख में 28, नागपुरी में 11, मुंडारी में 11, कुरमाली 04, उड़िया में 02, पंचपरगनिया में 01 तथा हो विषय में 01 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित होगा। जबकि रांची में सर्वाधिक 279, पूर्वी सिंहभूम में 263, धनबाद 240, सरायकेला - खरसावां में 230, गोड्डा में 228, पश्चिमी सिंहभूम में 200 समेत कुल 3, 469 शिक्षकों को राज्य भर के स्कूलों में पदास्थापित किया जायेगा। राज्य में शैक्षिक उन्नयन एवं शैक्षणिक विकास को एक नई दिशा देने के लिए प्रत्येक ग्राम एवं पंचायत स्तर पर राज्य सरकार द्वारा लीडर स्कूल की संकल्पना विकसित की गई है। यह योजना राज्य के मुख्यमंत्री के शैक्षणिक विकास की दूरदर्शिता तथा राज्य को शैक्षणिक सूचकांक पर अग्रणी राज्यों में शामिल करने की महत्वकांक्षा को प्रदर्शित करता है।

कर्नाटक में 20 को होगा नए सरकार का शपथ ग्रहण

एजेंसी

बेंगलुरु : कांग्रेस ने गहन मंथन के बाद गुरुवार को कर्नाटक के सीएम के नाम की घोषणा कर दी. राज्य के नए मुखिया सिद्धारमैया होंगे और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे. शपथ ग्रहण का आयोजन 20 मई को बेंगलुरु में होगा. इस घोषणा के बाद सिद्धारमैया और शिवकुमार ने राज्य की जनता के कल्याण के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई.सिद्धारमैया ने ट्वीट किया कि कन्नडिगा लोगों के हितों की रक्षा के लिए हम हमेशा मिलकर काम करेंगे. कांग्रेस पार्टी जनहितैषी, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने और सभी गारंटी को पूरा करने के लिए परिवार की तरह काम करेगी.कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने भी इसी तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा कि कर्नाटक का सुरक्षित भविष्य और हमारी जनता का कल्याण हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और हम इसे सुनिश्चित करने के लिए एकजुट हैं. उपमुख्यमंत्री मनोनीत किए जाने पर खुश हैं या दुखी के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे दुखी क्यों होना चाहिए? अभी लंबा रास्ता तय करना है. पार्टी में सब कुछ ठीक है और आगे भी सब कुछ ठीक रहने वाला है. डीके शिवकुमार ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि पार्टी हाईकमान जो भी निर्णय लेगा, हम उसे स्वीकार करेंगे.इससे पहले कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सीएम की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने फैसला किया कि सिद्धारमैया को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाया जाए और डीके शिवकुमार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री बनाया जाए. सभी से चर्चा करने के बाद कांग्रेस पार्टी ने ये फैसला लिया है. उन्होंने कहा कि डीके शिवकुमार कर्नाटक के एकलौते उपमुख्यमंत्री होंगे. शिवकुमार संसदीय चुनाव के अंत तक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे. 20 मई को शपथ ग्रहण समारोह होगा जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ ही मंत्रियों का एक समूह भी उस दिन शपथ लेगा. वहीं कर्नाटक के कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मैं कर्नाटक के लोगों का कांग्रेस की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं.

हटाए गए कानून मंत्री किरेन रिजिजू अर्जुन मेघवाल को मिली जिम्मेवारी

एजेंसी

नई दिल्ली : मोदी कैबिनेट में बड़ा बदलाव हुआ है. किरेन रिजिजू को कानून मंत्री पद से हटा दिया गया है. उनकी जगह अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्री बनाया गया है. किरेन रिजिजू बतौर केंद्रीय कानून मंत्री लगातार चर्चा में रहे और उन्होंने पिछले दिनों न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे.पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंत्रिमंडल में बदलाव को मंजूरी दी है. अब किरेन रिजिजू को कानून मंत्रालय से बदलकर भू विज्ञान मंत्रालय दिया गया. वहीं, रिजिजू की जगह अर्जुन राम मेघवाल को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है.

किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा, माननीय पीएम मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री के रूप में सेवा करना सौभाग्य रहा. मैं सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और सभी लॉ अधिकारियों को हमारे नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं प्रदान करने में भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं. मैं पीएम मोदी के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए तत्पर हूं. एक बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में मैंने जिस उत्साह और जोश के साथ काम किया था, वैसे ही भू विज्ञान मंत्रालय में जिम्मा संभालूंगा.

किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा, माननीय पीएम मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री के रूप में सेवा करना सौभाग्य रहा. मैं सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और सभी लॉ अधिकारियों को हमारे नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं प्रदान करने में भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं.

कौन हैं अर्जुन राम मेघवाल ?

अर्जुन राम मेघवाल 2009 से बीकानेर से सांसद हैं. मेघवाल का जन्म बीकानेर के किस्मिदेसर गांव में हुआ. उन्होंने बीकानेर के डूंगर कॉलेज से बीए और एलएलबी की. इसके बाद उन्होंने इसी कॉलेज से मास्टर्स डिग्री की. इसके बाद, फिलीपींस विश्वविद्यालय से एमबीए भी किया. वह राजस्थान कैडर के एक आईएएस अधिकारी रहे हैं और उन्हें राजस्थान में अनुसूचित जाति के चेहरे के रूप में देखा जाता है.

द केरला स्टोरी फिल्म पर लगी रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटाया

सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के निर्माताओं से भी कहा है कि वह एक नया डिस्क्लेमर लगाएं.

एजेंसी

नई दिल्ली : फिल्म द केरला स्टोरी पर पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से लगाई गई रोक सुप्रीम कोर्ट ने हटा दी है. कोर्ट ने कहा है कि इस रोक का कोई भी उचित आधार नहीं है. कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार पर भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि वह इस फिल्म को दिखाने वाले सिनेमा हॉल को सुरक्षा दी जाए. सरकार या उससे जुड़े लोगों की तरफ से सिनेमाघर मालिकों पर कोई दबाव न बनाया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के निर्माताओं से भी कहा है कि वह एक नया डिस्क्लेमर लगाएं. इसमें कहा जाए कि 32000 लड़कियों के गायब होने का आंकड़ा पुख्ता नहीं है. कोर्ट ने 20 मई की शाम 5 बजे तक यह नया डिस्क्लेमर लगा देने के लिए कहा है.

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने कहा कि वह फिल्म पर रोक न लगाने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को भी सुनेगी. इसे 18 जुलाई को सुना जाएगा. तब जरूरत पड़ने पर जज इस फिल्म को देखेंगे. इस पर जमीयत उलेमा ए हिंद के वकील हुजैफा अहमदी ने जजों से फिल्म जल्द देखने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा, संभव हो तो जज इसी सप्ताहांत में फिल्म देखें. इसे ओटीटी पर रिलीज होने से रोका जाए. हालांकि, कोर्ट ने इस मांग पर कोई टिप्पणी नहीं की.

सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए

6 मई को यह फिल्म पूरे देश में रिलीज हुई. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन भी कर रही है, लेकिन 8 मई को पश्चिम बंगाल सरकार ने इस फिल्म से अपने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका जताते हुए इसके प्रदर्शन पर रोक लगा दी. गुरुवार (18 मई) को राज्य सरकार के दावे को निराधार बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस रोक को हटा दिया.तमिलनाडु में भी कथित तौर पर राजनीतिक दबाव के चलते सिनेमाघरों ने फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया था. तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया था कि उसने कोई रोक नहीं लगाई है. फिल्म को दर्शक नहीं देख रहे थे, इस कारण से सिनेमाघरों ने खुद ही उसे हटा लिया.

उप्र से गुजरात जा रही बस मप्र में हादसे का शिकार, पांच की मौत, 13 घायल

एजेंसी

शाजापुर (मध्य प्रदेश) : शाजापुर जिले में मक्सी-उज्जैन रोड पर गुरुवार सुबह एक यात्री बस और ट्राले के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार उत्तर प्रदेश के पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए है। सभी शव शाजापुर के जिला अस्पताल भेजे गए हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी। मक्सी थाना पुलिस के अनुसार सुबह करीब 5.00 बजे हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर शारदा ट्रेवल्स की बस (यूपी 75 एटी 4799) ट्राले में घुसी हुई थी। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे में 13 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए उज्जैन भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मीराबाई (45) पत्नी गणेशप्रसाद प्रजापत निवासी गोराभुप्का थाना गोहन जिला जालौन, उत्तर प्रदेश, रामजानकी (40) पत्नी परमात्माशरण निवासी गोराभुप्का थाना गोहन जिला जालौन, उत्तर प्रदेश, राधा (18) पुत्री रामकिलोनी निवासी पुशमारा जिला जालौन, उत्तर प्रदेश, सुमित्रा (50) पत्नी रामकिलोनी निवासी पुशमारा जिला जालौन, उत्तर प्रदेश और लालसिह (70) पुत्र सूबेदार चौहान निवासी चिरोहिली जिला उरैया, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

उपायुक्त नें किया सतगावां का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सतगावां : प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा गुरुवार को किया गया।स्कूल खुलने के उपरांत सुबह लगभग 8 बजे ही सुदूरवर्ती कोठियार पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचाने से निरीक्षण प्रारंभ हुई जहां जांच के क्रम में बच्चो से प्रोजेक्ट इंपेक्ट कार्यक्रम के बारे में पूछा गया तथा प्रार्थना सभा एवं चेतना सत्र के बारे में पूछा गया जिसके दौरान बच्चों ने उक्त प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी जिसके बाद बच्चो ने स्कूल में शिक्षको की कमी के बारे में भी शिकायत की जिस पर उपायुक्त ने शिक्षक देने की आश्वासन दी।वहीं जंगली क्षेत्र में ही दोनैया उच्च विद्यालय की भी निरीक्षण किया जहां शिक्षको को कुछ जरूरी निर्देश दिए।वहीं मध्य विद्यालय बासोडीह में भी वर्ग 7 में जाकर बच्चो से विद्यालय की गतिविधि के बारे में पूछताछ किया जहां बच्चो ने ठीकठाक जबाव दिया।तूफानी दौरा के दौरान कारवां पहुंची उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरचोई जहां विद्यालय प्रभार को लेकर शिक्षक को फटकार लगाई एवं जरूरी गतिविधि में लापरवाही को लेकर सभी शिक्षको का वेतन रोकने के आदेश दिए ।वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजवार में भी उपायुक्त ने शिक्षको को जरूरी निर्देश दिए जबकि रजवार स्थित बुढ़िया आहर की मरम्मती कार्य का भी निरीक्षण किया जिसमे ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली की मात्र 4 साल में दुबारा मरम्मती का कार्य हो रहा है ।जिसके बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडिहा में भी निरीक्षण के दौरान प्रभार का समस्या देखी गई जहां विद्यालय प्रभार उच्च विद्यालय के शिक्षक के जिम्मे है और मध्याह्न भोजन का संचालन किसी दूसरे शिक्षक के पास है जहां उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश दिया जबकि राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बसोडीह में भी निरीक्षण किया गया वहीं अंत में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सिहास में जाकर प्रोजेक्ट रेल एवं प्रोजेक्ट इंपेक्ट की जानकारी बच्चो से लिया जबकि चेतना सत्र में वर्ग दशम की छात्रा पूनम कुमारी द्वारा स्वलिखित कविता ÷साहब आए हैं मेरे विद्यालय ÷सुनाई गई जिसे सुनकर उपायुक्त प्रसन्न दिखे।शिक्षको एवं छात्राओं से समस्याओं की जानकारी भी ली।मालूम हो की उक्त स्कूल में भी शिक्षको की घोर कमी है। जहां उपायुक्त ने प्रोजेक्ट इंपेक्ट के बारे में पूछताछ की एवं जरूरी निर्देश दिया।मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, बीडीओ वैद्यनाथ उरांव, बीईईओ शेख शकील अहमद,एपीओ क्रांति कुमार चांद, बीआरपी मो शहजाद,बीरेंद्र कुमार,शिक्षक मनोज कुमार,रमेश चंद्र गुप्ता,नंदलाल ठाकुर,रितेश कुमार,मुकेश सिंह,शाहिद सलीम,सदाशिव प्रसाद आदि मौजूद थे।

हक से लेना होगा अपना अधिकार : अनिल पासवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : चुरी पूर्वी पंचायत भवन में झारखंड पार्टी गठन के लिये ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता चूरी (खलारी) में ग्रामीणों की समाज सेवी नगीना देवी ने किया. बैठक में उपस्थित समाज सेवी व झारखंड पार्टी के सदस्य अनिल कुमार पासवान ने मौजूद ग्रामीणों को जल, जंगल,जमीन की पार्टी (झारखंड पार्टी) के इतिहास से अवगत कराया. कहा कि अपने समाज की प्रगति,उन्नति और विकास के लिए अब लोगों को सता की बागडोर को खुद संभालने होंगे, तभी अपने क्षेत्र का विकाश होगा. इस महंगाई और बेरोजगारी के दौर में, कस्तूरवा गांधी और सेंट्रल स्कूल न खुलने से अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में महंगी फीस होने के कारण पढ़ाने में असमर्थ हो रहे हैं. सैकड़ों लोग इस बदलाव के लिए जल, जंगल, जमीन की पार्टी (झारखंड पार्टी) का दामन आगामी दिनों में थामेंगे. वही चुरी उतरी पंचायत के सुभाष नगर (खलारी प्रखंड) में सोनू कुमार अध्यकता में युवा साथियों के साथ एक बैठक किया गया. बैठक में बेरोजगारी से परेशान युवा साथी व नौजवान मौजूद थे.बैठक में चर्चा किया गया कि कोयलांचल क्षेत्र में निजी कंपनिया में लोकल होने के कारण काम नहीं देना चाहती है. युवा साथी अब जनांदोलन करने को तैयार रहें.

कुआसाल बाजार से 150 बोरी अवैध ड़ोड़ा के साथ ट्रक जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

तमाड़ : रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के सूदूरवर्ती इलाका कुआसाल बाजार में एक अवैध ड़ोडा लदी ट्रक खड़ी होने की सूचना 17 मई दिन बुधवार को पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुई जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए बासुकोचा स्थित 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सी÷ कंपनी और तमाड़ थाना पुलिस के संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध डोड़ा लदे RJ -19 GE - 5882 रजिस्ट्रेशन नंबर के ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया और ट्रक से प्लास्टिक की बोरियों में 150 बोरी अवैध ड़ोडा (वजन-2259 किलोग्राम) बरामद किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा की तस्करी के विरुद्ध इस छापेमारी अभियान में 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सी कंपनी के सहायक कमांडेंट भोलानाथ के नेतृत्व में, तमाड़ थाना के सहायक पुलिस उप निरीक्षक अजय प्रताप,26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सी कंपनी बासुकोचा के उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह, मुख्य आरक्षी घनश्याम वर्मा,समान्य आरक्षी त्रिलोक राम, रुपेश कुमार,रूपिंदर सिंह और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

द आई स्कूल में समर कैंप

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सहाना रोड स्थित द आई स्कूल में चल रहे समर कैंप मे बच्चों ने खूब मस्ती की। स्कूल में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता, क्राफ्ट आर्ट और पपेट शो में बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप को लेकर विद्यालय परिसर को विभिन्न थीम से सजाया गाया है जहां बच्चे धमाल मचा रहे हैं। डांस क्लब का आयोजन हुआ जिसमें गाने और म्यूजिक पर द आई स्कूल और दूसरे स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से खूब प्रभाव छोड़ा। निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि समर कैंप मे खेल खेल में बच्चे नयी चीजें सीखते हैं और छिपी प्रतिभा भी सामने आती है, साथ ही बच्चे छुटियों का सदुपयोग कर पाते है। इस समर कैंप मे योगा, डांस और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। एडमिन श्रुति राय ने बताया कि इस समर कैंप के जरिये 2 से 10 साल के बच्चों को कला संस्कृति के बारे मे बताया जायेगा और योग के साथ भारतीय संस्कृति की भी जानकारी दी जाएगी।

बच्ची ने दिया साहस का परिचय

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले के जयनगर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मंधवाटांड के पास से मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने पांचवीं की छात्रा का अपहरण कर लिया. बच्ची ने अदम्य साहस दिखाते हुए एक बदमाश के हाथों को दांत से काट दिया और उनके चंगुल से बचकर भागी. घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने जयनगर थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. गोहाल के रहने वाले चंदन पासवान की 10 वर्षीय पुत्री परिधि पासवान आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में पांचवीं में पढ़ती है. वह बुधवार को बस से स्कूल पहुंची थी. इसके स्कूल के ठीक सामने स्टेशनरी की दुकान पर वह कॉपी खरीदने लगी. इसी बीच मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए और उसके पिता के दोस्त के रूप में परिचय दिया. पिता द्वारा बुलाने की बात कह दोनों उसे बाइक पर बैठाकर पिपचो ले गए. वहां पिता को न देख परिधि ने शोर मचाना चाहा. इस पर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे शख्स ने उसका मुंह दबा दिया. इसके बाद भी परिधि ने हिम्मत नहीं हारी और उस शख्स के हाथ में दांत से काट लिया और इसके साथ ही वह उनके चंगुल से भाग निकली. भागकर वह घर पहुंची और घर वालों को पूरी बात बतायी. इधर स्कूल प्रबंधन ने लिखित तौर पर थाना को पूरी जानकारी दी है.

घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने की नगद व जेवर सहित घरेलू समान की चोरी

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) : थाना क्षेत्र के बेड़ो सबस्टेशन के क्वाटर में बुधवार की रात में चोरों ने घर का ताला तोड़ कर लगभग 45 हजार नगद, सोना चाँदी के ज्वेर व घरेलू उपयोग के समान को चोरी कर ली। घटना के संदर्भ में दैनिक बिजली कर्मी असलम मिंया ने बताया कि परिवार के साथ 13 मई को सबरे सात बजे सवेरे घर में ताला बंद कर शादी समारोह में सामिल होने रिस्तेदार के यहाँ अम्बिकापुर,छतिसगड़ चले गये थे। दिन के लगभग 9.30 बजे पड़ोसी ने फोन पर बताया कि घर के दरवाजा का ताला टुटा हुआ है। शाम में जब घर वापस आया तो अंदर जाकर देखा तो कमरा का सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में 45 हजार नगद रुपये, सोने व चाँदी की जेवर एलएडी टीबी, कुलर, नये कपड़े व घरेलु उपयोग के समान चुरा कर ले गए। संभवतः चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इधर बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर मुआयना किया। वही पुलिस चोरी की घटना को लेकर छान बिन कर रही है। उन्हेंने बताया बहुत जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होगा।

अनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन भी जारी

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस भुगतान में विलंब व सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के प्रबंधन के द्वारा मजदूरों को वर्षो से छलावा रणनीति से आहत होकर युयूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एआईटीयूसी) के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है. बताना चाहते है कि असंगठित मजदूरों का 2013 से लेकर 2022 तक का सीएमपीएफ व बोनस का भुगतान संचालित कंपनियों के द्वारा नही किया गया. जिसपर सीसीएल के द्वारा कई वर्षों से अथवा कई बार का बैठक सीसीएल व कंपनी के अधिकारियों के साथ वार्ता किया गया. सीसीएल के बैठक में सिर्फ अस्वाशन के अलावे मजदूरों को कुछ नही मिला. जिसे लेकर पिपरवार जीएम कार्यालय के समक्ष चौथे दिन धरना जारी रहा. मौके पर कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, अशोक राम, दिनेश भर, जितेंद्र सिंह,चंदन शर्मा,अजीत पांडे,संतोष प्रजापति, टेकलाल महतो, नंदकिशोर ठाकुर, राम आशीष, विनोद मिस्त्री सहित अन्य सैकड़ों असंगठित मजदूर उपस्थित थे.

जमीन के मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन 20 मई को

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : होरो पड़हा के नेतृत्व में 20 मई दिन शनिवार को जमीन के मुद्दों को लेकर कर्रा मिशन मोड़ बगीचा में विशेष बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक पर झारखंड जमीन बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य सह सोशल एक्टिविस्ट सुसांतो मुखर्जी अपने सहयोगी साथीयों के साथ मौजूद रहेंगे. बैठक पर विशेष करके जमीन से संबंधित चर्चा, गांव समाज व किसी रैयत के निजी जमीन में किसी तरह की त्रुटी या समस्या होने पर आवश्यक दस्तावेज के साथ बैठक पर लोग उपस्थित होगें, जमीन संबंधित समस्या व त्रुटी को लेकर पड़हा के सदस्य कर्रा सीओ से मुलाकात करके ज्ञापन सौंपने का कार्य किया जाएगा. बैठक को लेकर होरो पड़हा से दर्जनों ग्राम सभा को लिखित सूचना भेजी गयी है और अधिक से अधिक लोगों को बैठक पर आने कि अपील कि गयी है. यह जानकारी होरो पड़हा के सलाहकार अल्बर्ट होरो उर्फ शिबू होरो व आदिवासी मूलवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अनूप लकड़ा ने संयुक्त रूप से दिया।

डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में गुरुवार से तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप का उद्घाटन स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने किया. समर कैम्प का सुभारंभ छात्रो द्वारा वेलकम डांस कर किया गया। समर कैंप के पहले दिन छात्र- छात्राओं ने बॉली - बॉल , खोखो, बलून रेस, हिट द विकेट, मैथ रनिंग फ्रॉग रेस, होल्ड बलून रेस, चम्मच रेस, बिस्किट रेस इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। समर कैंप का शुभारंभ करते हुए स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की स्कूल में प्रत्येक वर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है। समर कैंप के लिए बच्चे बहुत उत्साहित रहते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखार होता है। बच्चे पढ़ाई के साथ- साथ कलात्मक एवं क्रियात्मक ,शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक येलो हाऊस 50 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। वहीं 45 अंकों के साथ रेड हाउस दूसरे स्थान पर और 40 अंकों के साथ ग्रीन हाउस तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक श्रवण कुमार, रवि सिंह, नितेश कुमार, हेमन्त कुमार , आरती कुमारी, प्रिस्का खेस, प्रियंका सिंह , सोमा सरकार,सीमा खेस , कौशिक गोस्वामी विजय महतो , गुलसन कुमार एवम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ आज

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज!इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेरोजगार महिलाएं एवं युवतियां भाग ले सकती है! जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष है! यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णता निशुल्क होगी! यह प्रशिक्षण आवासीय होगी! यह सूचना रूडसेट संस्थान के द्वारा दिया गया।

फैक्ट्री में वेल्डिंग कार्य के दौरान हादसा, मजदूर गंभीर रूप से घायल

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के महतो अहरा गझंडी रोड में संचालित जेकेआई फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह काम करने के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। घायल की पहचान आशु कुमार पिता पपन कुमार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त फैक्ट्री में मजदूर वेल्डिंग का काम कर रहा था इसी दौरान एक लोहा का प्लेट हाथ पर गिरने से हाथ जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

1 विभाग का नामः– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नामः– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समयः– 05/06/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– 06/06/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समयः– 06/06/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थानः– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरणः–

क्र0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	E/R to Health Sub Center for 111 Nos Under Garhwa Distt. for the year 2023-24.	₹ 5,55,000/-	₹ 11,100/-	₹ 1250/-	07 दिन
2	E/R to Sadar Hospital Garhwa for 13 Nos for the year 2023-24.	₹ 7,67,000/-	₹ 15,400/-	₹ 1250/-	07 दिन
3	E/R to Sadar Hospital Under Garhwa Distt. for the year 2023-24.	₹ 2,67,000/-	₹ 5,400/-	₹ 750/-	07 दिन
4	E/R to Primary Health Center for 10 Nos Under Garhwa Distt. for the year 2023-24.	₹ 7,49,080/-	₹ 15,000/-	₹ 1250/-	07 दिन

निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,गढ़वा

PR 297633 Building(23-24).D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि0) दिनांक 08.05.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के मत्स्य कृषकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मूख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बतख पालन की योजना है, इस योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	योजना	भौतिक लक्ष्य (युनिट में)			इकाई लागत	अनुदान की राशि
		लघु शीर्ष –101		लघु शीर्ष 789		
		Gen.	St	Sc		
1	2	3	4	5	6	7
1.	समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन)	03	01	01	153350/– प्रति 0.4 हे0 जलक्षेत्र।	अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदन 80% (अधिकतम 122680 रुपये होगी) एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 107345 रुपये होगी) तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

नियम व शर्ते :–

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 डकलिंग) ही स्वीकृत किया जायेगा। 0.2 हे0 जलक्षेत्र पर मछली–सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रुप से लागू होगी।
2. आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो इकाई की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुको को प्राथमिकता दी जायेगी।
5.लाभुक के अंशदान तथा अनुदान की प्रथम किस्त की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। (Duck House) लाभुकों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जायेगा।

उपर्युक्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक सुयोग्य मत्स्य पालकों/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 10.06.2023 अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 297639 Fish(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना सं०– RDD/SD/BOKARO/45/2022-23/GR06/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
I	बोकारो जिला के गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत चुट्टे पंचायत के पिपराबाद एवं बनडीहा के बीच खिराबेड़ा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। (लम्बाई 67.12 मी०)	32776500.00	656000.00	10000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 26.05.2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 06.06.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय– दिनांक 07.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग।
   iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी०भवन, धुर्वा राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –09.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9304777144
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो के पदनाम से देय एवं बोकारो में भुगतेय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

PR 297659 Rural Development (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/03/2023-24 Re (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

ग्रुपसं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में उ० बरगांव पंचायत के ग्राम मकुन्दा में बिरेन्द्र उराँव के खेत से गेन्दा उराँव के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण।	24,86,700.00	50,000.00	5000.00	03 माह
2	गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखण्ड में अमलिया पंचायत के ग्राम रायकेरा बांधढीपा में एतवा भगत के घर से अलीबकस के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण।	24,91,000.00	50,000.00	5000.00	03 माह
3	गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में पण्डरियर पंचायत के ग्राम सोगरा सुकरा मुण्डा के घर से रामनाथ नागेषिया के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण। (A)	24,97,700.00	50,000.00	5000.00	03 माह
4	गुमला जिला अंतर्गत कामडारा प्रखण्ड में कुलबुरू पंचायत के ग्राम कुलबुरू आंगनबाड़ी से पहाड़ टोली तक (A) पी0सी0सी पथ निर्माण।	24,94,200.00	50,000.00	5000.00	03 माह
5	टाना भगत सभागार भवन, धोधरा के परिसर में पेवर ब्लॉक, कंटिला तार एवं जतरा टाना भगत प्रतिमा का अधिष्ठापन का कार्य।	11,33,300.00	23,000.00	2500.00	03 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.05.2023 से दिनांक 01.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषत होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 297643 Rural Development(23-24).D

कौमी एकता सप्ताह के दूसरे दिन चित्रकला, पॉट पेंटिंग, क्रिएट आउट ऑफ वेस्ट व मेहंदी कॉन्टेस्ट

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुरुवार को करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित कौमी एकता सप्ताह के दूसरे दिन चित्रकला, पॉट पेंटिंग, क्रिएट आउट ऑफ वेस्ट एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला का विषय विषय अनेकता में एकता रखा गया। इसमें निर्णायक के रूप में कॉलेज के चित्रकला के शिक्षक अपूर्व डे उपस्थित थे। क्रिएट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बेकार पड़े सामानों से कान की बालियां,पेन स्टैंड ,सजावट के सामान आदि चीजों को बड़े सुंदर तरीके से बनाया बनाया गया। मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुआ। सभी प्रतियोगिताओं में कुल 260 से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज उपस्थित रहे।

गुदड़ी पंचायत में मना पीएम आवास योजना दिवस

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गुदड़ी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना दिवस मनाया गया। बीडीओ कीकू महतो ने पीएम आवास योजना दिवस पर लाभूकों को अधुरे आवासों को जल्द पूरा करने का अपील किया। आवास योजना का समय सीमा, अग्रिम भुगतान, निर्माण का भौतिक स्थिति का समीक्षा किया गया। उन्होंने कहा कि दर्जनों लाभुक अपना आवास अधुरा छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि सभी लाभुक जल्द से जल्द अपना आवास पूर्ण कर गृह प्रवेश का रस्म पुरा करें। मौके पर मुखिया किशुन किस्कू, पंचायत सचिव आदित्य चन्द्र महतो, रोजगार सेवक, स्वयं सेवक व पीएम आवास के लाभूक आदि उपस्थित थे।

आनन्दमार्ग प्रचारक संघ का योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): आनन्दमार्ग प्रचारक संघ की ओर से जोनल रेलवे ट्रेनिंग संस्थान, सीनी में रेल कर्मचारियों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे में कार्य करने वाले टीटीई, गार्ड, चालक, आरपीएफ बल समेत अन्य कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के योगासन बताए गए। इस मौके पर उपस्थित आचार्य गुणीन्द्रानन्द अवधूत ने कहा कि योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे पूरे दुनियां को एक सूत्र में बाँधा जा सकता है। इसके आयोजन में आनंदमार्ग के भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन, राजेन्द्र प्रसाद, संस्थान के प्राचार्य अवतार सिंह, आकाश मुखी, अनुदेशक सूर्यदेव सिंह आदि की भूमिका रही।

टोयोटो ने ग्रेट 4×4 एक्स- पेडिशन पहल की घोषणा की, चार जोन में होगा आयोजन


GREAT 4x4 X-PEDITION BY TOYOTA
TAKE CHARGE OF EVERY TERRAIN

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मोटरिंग के प्रति उत्साही देश भर के लोगों के लिए 4×4 अनुभवात्मक ड्राइव की अपनी अब तक की प्रथम पहल की घोषणा की। इस साल यह आयोजन चार जोन (क्षेत्रीय स्तर - उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। यह योजना टोयोटा द्वारा ग्रैंड नेशनल 4×4 एक्स- पेडिशन के साथ बनाई जा रही है। ये ड्राइव इस तरह डिज़ाइन किये गए हैं कि देश भर के 4×4 एसयूवी समुदाय के साथ जुड़ा जा सके। प्रत्येक जोनल आयोजन में एसयूवी का बेड़ा रहेगा। इनमें मशहूर हाईलक्स, फॉरच्यूनर 4×4, एलसी 300 और हाइराइड एडब्ल्यूडी (ऑल व्हील ड्राइव) के गौरवशाली स्वामी शामिल होंगे। अत्यधिक ऑफ-रोडिंग की पेशकश करने की दृष्टि से, टीकेएम ने कई चुनौतीपूर्ण बाधाओं के साथ अतिरिक्त 4 डब्लयूडी ट्रैक बनाए हैं, जिनमें आर्टिक्यूलेशन, साइड इंक्लाइन, रैंबलर, गहरे गड्ढे, कीचड़, पथरीली जमीन आदि शामिल हैं।

व्यवहार न्यायालय परिसर में जल जमाव रोकने के लिए हो रहे कार्य का पीडीजे ने किया निरीक्षण

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायकेला विजय कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में जल जमाव को रोकने संबंधी चल रहे निर्माण कार्य का मुआयना किया गया। भविष्य में संभावित जलजमाव क्षेत्रों को इसी क्रम चिन्हित किया गया। भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को यह निर्देश दिया गया कि जहां-जहां भी जलजमाव हो रहा है या जहां-जहां भी जलजमाव हो सकता है उसके निराकरण की दिशा में सार्थक प्रयास किया जाए। मौके पर बार एसोसिएशन सरायकेला के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, अधिवक्ता भीम सिंह कूदादा और अन्य अधिवक्ता गण भी मौजूद रहे।

झामुमो प्रखंड कमेटी का बैठक संपन्न, पटमदा प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला कमेटी के निर्देश पर झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी का एक बैठक गुरुवार को पटमदा डाक बंगला भवन परिसर में प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन मजबूती, 10 हजार नए सदस्यों को पार्टी में शामिल करने एवं निष्क्रिय पांच पंचायतों लावा, दिघी, कुमीर, बनकुंचिया व काशमार में पंचायत कमेटी के पुनर्गठन हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में राज्य सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार करें ताकि समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे लोग भी योजना का लाभ उठा सकें। बैठक में 20 व 21 मई को पांचों पंचायतों में कमेटी का पुनर्गठन करने का तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, आदि उपस्थित थे।

फ्रान्स के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित हुए टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन

यह सम्मान भारत व फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रान्स के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से नवाज़ा गया है। उन्हें यह सम्मान भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मज़बूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है। फ्रान्स की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने फ्रान्स के राष्ट्रपति की ओर से मंगलवार शाम सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी'हॉनर एन चंद्रशेखरन को प्रदान किया। टाटा समूह ने एक ट्वीट किया है कि, हमारे अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रान्स की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने शेवेलियर डे ला लीजन डी'हॉनर से सम्मानित किया है। भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मज़बूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें फ्रान्स का यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है। पुरस्कार प्रदान करने के बाद कोलोना ने भी ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि, टाटा समूह की कंपनियां फ्रेंको-इंडियन साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुझे फ्रान्स के राष्ट्रपति की ओर से टाटा समूह के सीईओ को शेवेलियर डे ला लीजन डी'हॉनरल का प्रतीक चिह्न प्रदान करने की खुशी है। प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के मित्र हैं। भारत में फ्रान्स के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने भी ट्विटर पर इसे लेकर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के सच्चे मित्र हैं। इस साल की शुरुआत में, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरबस के साथ एयरबस से 250 विमान खरीदने के लिए एक मल्टी-बिलियन डॉलर का सौदा किया था, जिसमें 210 ए-320 नियो विमान और 40 ए-350 विमान शामिल थे। वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र की नए युग की उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल दिसंबर में फ्रान्स के टूलूज में अपने नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।

गम्हरिया में कैच द रेन सेमिनार आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : संत कबीर सेवा संस्थान एवं नेहरू युवा केंद्र सरायकेला के संयुक्त तत्वावधान में वर्षा जल संरक्षण पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों के बीच कैच द रेन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक दिग्विजय भारत ने कहा कि अगर हम आज नहीं संभले तो काफी देर हो जाएगी। इस मौके पर बच्चों के बीच वर्षा का जल संरक्षण थीम पर ड्रॉइंग, क्विज, स्लोगन, लेखन, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके प्रधानाध्यापक अमित कुमार, सुमित सिंह, मोनिका कुमारी, संगीता सतपथी, खुशी सिंह, स्वाति राज समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में विकास कार्यो पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत भवन में गुरुवार को मुखिया करम सिंह मुंडा के अध्यक्षता पर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया गया। विकास कार्यो की चर्चा की गई। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए सरकार द्वारा वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं को शीघ्रता के साथ पूरा किया जाय और दूरगामी योजनाओं को निर्धारित किया जाए जिससे पंचायत में विकास की गति को बढ़ावा मिल सके। श्री मुंडा ने पंचायत के सभी जल संहिया को चाय स्तर पर बनने वाली नाडेप टैंक,सोट फीट सत्ता गड्ढा व बांस की घेराबंदी का निर्माण हेतु विशेष जानकारी दिया गया। बैठक में पंचायत सचिव अजीत कुमार महतो, उप मुखिया सुखलाल मुंडा, सोनामनी मुंडा, लक्ष्मण सोय आदि वार्ड सदस्य जलसहिया उपस्थित थे।

विभागीय उदासीनता का डंस झेल रहे पीएम आवास के लाभुक, ट्रैक्टर में बालू नहीं मिलने से लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में विभागीय उदासीनता का दंश आम जनों को भुगतना पड़ रहा है। बालू घाटों का निलामी नहीं होने से पीएम आवास, निजी आवास बनाने का कार्य अधर में लटका हुआ है। कहीं पीएम आवास का दीवार पूर्ण है तो कहीं छत ढलाई के लिए बालू पर रोक हटाने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बालू नहीं मिलने से अपना निजी मकान भी अधुरा पड़ा हुआ है। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में एक जेएस एम डीसी का घाट तो चालू है ,मगर क्षेत्र के लोगों को ट्रैक्टर पर बालू नसीब नहीं हो रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर पर बालू लेने के लिए बहुत सारे नियम बनाया गया है, जिससे ट्रैक्टर पर ग्रामीणों को बालू नहीं मिल रहा है। यहां चार बालू घाटों का निलामी के लिए सरकार की हरी झंडी तो मिल गया है और टेंडर प्रक्रियाधीन है, मगर अभी तक घाटों का निलामी विभागीय पेंच के चलते फंसा हुआ है। 15 जून तक बालू उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाया जाता है, ऐसे में फिर तत्काल बालू का निलामी नहीं होने से लोगों को बालू मिलने में दिक्कत का सामना करना होगा। ग्रामीण दिलीप दास ने बताया कि हमारे यहां सुवर्णरेखा, करकरी, कांची आदि बड़े नदी रहते हुए भी लोगों को बालू नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द घाटों का निलामी करने का मांग किया है एवं जेएस एम डीसी से क्षेत्र के लोगों को बालू देने का सरल नीयम बनाने का मांग किया है।

ऑनलाइन बुकिंग से ट्रैक्टर में भी बालू देने का प्रावधान : अमुल्य

वहीं जेएस एम डीसी घाट के बालू प्रभारी अमुल्य रत्न प्रामाणिक से बात करने पर उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर मे भी बालू देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा आनलाइन बुक नहीं कराया जा रहा है, जिससे ट्रैक्टरों पर बालू नहीं दिया जा सकता है।

पीएम ने पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

Puri-Odisha
Chief Minister Odisha
Puri Engine
Prime Minister

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और आज से यह ट्रेन सुचारू रूप से नियमित अपने समयानुसार चलेगी। 22895 हावड़ा-पुरी के प्रातः 06:10 बजे खुलेगी एवं दोपहर 12:35 अपने गंतव्य को पहुंचेगी। वहीं 22896 पुरी- हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी से अपराह्न 01:50 बजे रवाना होगी और उसी दिन रात 08:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन खरगपुर, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, क्योझर रोड, कटक भुवनेश्वर तथा खुर्दा रोड पर रुकेगी। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा पूरी और कटक रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास का आधारशिला शिलान्यास किया गया। साथ ही बिछुपाली - झारतरभा नई रेल लाइन का उद्घाटन भी किया गया। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित संबलपुर - टिटलागढ़ दोहरीकरण, अंगुल- सुकिंदा रोड नई रेल लाइन, मनोहरपुर- राउरकेला- झाड़सुगुड़ा- जामदा के बीच तीसरी लाइन एवं उड़ीसा में ब्रॉड गेज रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया। मौके पर संबंधित क्षेत्रों के सांसद एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित उपस्थित थे।

बिजली आपूर्ति नहीं सुधरी तो होगा बड़ा आंदोलन : अजय साव

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड स्थित रूगड़ी सब स्टेशन से बिजली की अनियमित आपूर्ति से क्षेत्र के लोगों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को इस संदर्भ में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाजसेवी अजय कुमार साव ने कहा कि रूगड़ी सब स्टेशन के अंतर्गत उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से बिजली बिल भरे जाने के बावजूद अनियमित बिजली आपूर्ति से लोग परेशान हैं। जिस प्रकार से भीषण गर्मी पड़ रही है, बिजली नहीं होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। श्री साव ने मीडिया के माध्यम से विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि तत्काल अगर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो बिजली विभाग के एसडीओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

बिजली व्यवस्था चरमराई में सुधार नहीं होने पर आजसू पार्टी करेगी ताला बंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

प्रधान कार्याल
ईचागढ़ विधानसभ
चिलगु डिल

चांडिल : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था की स्थिति दयनीय है. अनुमंडल क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर आजसू पार्टी एक्शन मोड में आ गया है. बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या में सुधार लाने के लिए आजसू पार्टी संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अपना विरोध जताया है. चिलगु स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने कहा कि बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण सभी वर्ग त्रस्त हैं. सरकार और बिजली विभाग आम जनता को बिजली मुहैया कराने में विफल साबित हो चुकी है. उन्होंने कहा कि ईचागढ़ विधायक की ओर से बिजली व्यवस्था सुधार के लिए किसी भी तरह का प्रयास नहीं होना दुर्भाग्य की बात है. आजसू पार्टी ने प्रशासन और बिजली विभाग से अविलंब बिजली व्यवस्था में सुधार करते हुए ग्रामीणों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने की मांग की है. ऐसा नहीं होने पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे. संवाददाता सम्मेलन में चांडिल की प्रमुख आमला मुर्मू, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव प्रमाणिक, जिला सचिव प्रवीण महतो, दिनेश सिंह और कालू अंसारी मौजूद थे.

पुराना सोनारी बस्ती में छऊ नृत्य की धूम कल

नीमडीह व पुरुलिया की टीम आएगी, रातभर होगा कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पुराना सोनारी बस्ती में विकास समिति की ओर से धनंजय महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें 20 मई (शनिवार) को समिति के मैदान (कारमेल जूनियर कॉलेज के पीछे) में रात्रि 10 बजे से छऊ नृत्य का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सांसद विद्युत महतो तथा सम्मानित अतिथि के रुप में ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो के अलावा अन्य अतिथियों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो, फणिन्द्र महतो, बबलू महतो, सुखदेव महतो, झामुमो जिला सचिव लाल्टू महतो, अजय रजक तथा अशोक सिंह मौजूद रहेंगे. छऊ नृत्य कार्यक्रम में नीमडीह (सरायकेला-खरसावां) के विवेकानंद विशाल छऊ सागर के उस्ताद चंडीचरण महतो बनाम पुरुलिया बागमुंडी (पश्चिम बंगाल) के वीणापानी छऊ नृत्य क्लब के उस्ताद हेम सिंह महतो अपनी प्रस्तुति देंगे. उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिये एक कमिटी का गठन किया गया. इसमें अध्यक्ष-धनंजय महतो, उपाध्यक्ष-गोपाल महतो, महासचिव-अखिलेश्वर महतो, सचिव-रामू महतो व कमल महतो, कोषाध्यक्ष-कार्तिक प्रसाद महतो शामिल है. कमिटी में सदस्यों के रुप में चित्तो मंडल, मनोज कुमार महतो, सपन महतो, उत्तम महतो, कमल आदित्यो, बॉबी दास, गोरा दास, कार्तिक दास, मिहिर महतो, शिवशंकर सिंह, तारापदो महतो, संतोष महतो, महादेव महतो, सुजीत आदित्य, बिजली महतो, निपुन मिश्रा, संजू बोस, असोक महतो, आदि थे।

जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

पेयजल की समस्या नहीं हो, चापाकल-जलमीनार की युद्धस्तर पर मरम्मती करायें : मिथिलेश ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग-सह- जिले के प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई। बैठक में विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, विधायक बहरागोड़ा समीर महंती एवं अन्य सभी विधायकगण के प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, 20 सूत्री के सदस्य, उपायुक्त विजया जाधव समेत जिले के तमाम विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे । उपायुक्त द्वारा पिछली बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में कृत कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया। सभी विभागों द्वारा बैठक में प्रस्तुत अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर मंत्री द्वारा जिले में क्रियान्वित सरकार के कल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई । मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपूर्ति, खनन, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी लिया गया। पेयजल विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या नहीं हो इसके लिए युद्धस्तर पर खराब पड़े जलमीनार एवं चापाकल की मरम्मती करायें। चिकित्सकों की कमी पर उन्होने कहा कि जिले के सभी पीएचसी व सीएचसी में रोस्टर बनाकर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करें । बैठक में यूसीआईएल द्वारा जादूगोड़ा क्षेत्र में खराब पेयजल आपूर्ति का भी मामला 20 सूत्री सदस्यों ने उठाया जिसपर पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता को पानी की गुणवत्ता जांचने का निदेश दिया गया । जोजोबेड़ा स्थित सीमेंट प्लांट से दूषित हो रहे पेयजल का मामला पर जांच का निदेश दिया गया ।

टाटा स्टील का वार्षिक सुझाव सम्मान समारोह का आयोजन

संगठन के रूप में सभी बिंदुओं पर उत्कृष्टता की दिशा में शुरु की गई यात्रा पर जोर : टी वी नरेंद्रन

प्रभात मंत्र संवाददाता

TATA STEEL
TATA
Suggestion Box Committee
Annual Suggestion

जमशेदपुर : सजेशन बॉक्स कमेटी (एसबीसी), टाटा स्टील और टाटा स्टील के टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट (टीक्यूएम) विभाग ने संयुक्त रूप से 17 मई को जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में वित्त वर्ष 22 और वित्त वर्ष 23 के लिए वार्षिक सुझाव सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के सभी लोकेशन्स से सुझाव प्रबंधन में कर्मचारियों और विभागों के योगदान को मान्यता दी गई। इस अवसर पर, वरिष्ठ नेतृत्व टीम द्वारा सुझाव प्रबंधन योजना के चौथे संशोधन को भी डिजिटल रूप से लॉन्च किया गया। 24 से अधिक विजेता विभागों और 58 व्यक्तिगत विजेताओं को मुख्य अतिथि, टी वी नरेंद्रन, सीईओ तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील और विशिष्ट अतिथि, संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट और चेयरपर्सन, एसबीसी ने दिया। उन्होंने टाटा स्टील के सभी लोकेशन्स पर सुझाव प्रबंधन में वृद्धि और इस पहल के प्रमुख प्रदर्शन मेट्रिक्स में सुधार पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार चौधरी ने पुरस्कार विजेताओं के प्रदर्शन की सराहना की और डिजिटल हस्तक्षेप के लिए सजेशन बॉक्स कमिटी की सराहना की, जिससे यह टाटा स्टील में सबसे डिजिटल रूप से उन्नत कमिटी बन गई। मुख्य अतिथि टी वी नरेंद्रन ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि सुझाव प्रबंधन का फोकस न केवल आईडिया जनरेशन पर है बल्कि सुझाव कार्यान्वयन के चक्र समय को कम करने पर भी है। उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस की थीम को सजेशन बॉक्स कमिटी तक ले जाया गया है, इस प्रकार शॉप फ्लोर फोकस के संगठनात्मक उद्देश्य को मजबूत किया गया है। उन्होंने एक संगठन के रूप में सभी बिंदुओं पर उत्कृष्टता की दिशा में शुरू की गई यात्रा पर भी जोर दिया। सजेशन बॉक्स समिति के सदस्य दिव्यांशु श्रीवास्तव ने 2022-2023 के लिए सचिव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन शाहनवाज आलम, वाइस प्रेसिडेंट, टीडब्ल्यूयू और एसबीसी सदस्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

कांग्रेस को संजीवनी

कर्नाटक का जनादेश और स्पष्ट बहुमत कांग्रेस के पक्ष में रहा है। कांग्रेस को 135 और भाजपा को 65 सीटों पर जीत मिली है, जबकि जनता दल-एस मात्र 19 सीटों पर ही ठहर गया है। भाजपा और जद-एस दोनों की ताकत और आंकड़े कम हुए हैं। कांग्रेस बीती विधानसभा में 69 सीट पर ही रह गई थी। उसे 66 अधिक सीटें हासिल हुई हैं। भाजपा 118 सीट से घट कर 65 पर सिमट गई है। जद-एस को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और वह 32 सीट से घट कर 19 तक लुढक़ आई है। कांग्रेस के लिए यह जनादेश 1989 के बाद सबसे विराट है, जब पार्टी के हिस्से करीब 43 फीसदी वोट पड़े हैं। यह वोट प्रतिशत भाजपा के 36 फीसदी से बहुत ज्यादा है। यकीनन यह कांग्रेस के हिस्से की 'संजीवनी' है, जिसे कर्नाटक के मतदाता लाए हैं। सोच लीजिए कि 'बजरंग बली' किसके साथ उपस्थित हैं! दरअसल जब चुनाव शुरू हुआ था, तभी से स्पष्ट 'अंडर करंट' कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन यह मूड बुनियादी तौर पर भाजपा-विरोधी था। इस बार जनता भाजपा के मंत्रियों और विधायकों को सबक सिखाना चाहती थी, लिहाजा 12 मंत्री चुनाव हारे हैं। माना जा रहा है कि यदि येदियुरप्पा भी भाजपा के मुख्यमंत्री-चेहरा होते, तो भी भाजपा की पराजय तय थी। भाजपा के विकल्प के तौर पर कांग्रेस को यह जनादेश हासिल हुआ है। कांग्रेस की जीत से ज्यादा महत्त्वपूर्ण भाजपा की पराजय और अंतर्कलह है, क्योंकि कर्नाटक ही दक्षिण में भाजपा की उम्मीद रहा है। उसे भाजपा का गढ़ नहीं माना जा सकता, क्योंकि पार्टी को कभी भी स्पष्ट जनादेश नहीं मिला। भाजपा के कई नेताओं और खासकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने येदियुरप्पा को कहा था कि वह उनके इलाकों में चुनाव प्रचार न करें। वे खुद संभाल लेंगे। नतीजतन येदियुरप्पा ने खुद को हाशिए पर कर लिया और सीमित प्रचार किया। कुछ लिंगायत बहुल इलाकों में वहां के जातीय नेताओं ने भी येदियुरप्पा से आग्रह किया कि वह उन इलाकों में प्रचार न करें, क्योंकि लिंगायत कांग्रेस को वोट देंगे। यह जनादेश से भी स्पष्ट हो रहा है कि लिंगायत अब भाजपा तक ही सिमटे हुए नहीं हैं। बहरहाल कांग्रेस के लिए यह जश्न की घड़ी है। अब देश के 4 राज्यों में कांग्रेस सरकारें होंगी। उनके अलावा बिहार, झारखंड और तमिलनाडु राज्यों की गठबंधन सरकारों में भी कांग्रेस एक घटक है। कमोबेश अब यह सार्वजनिक दावा करना छोड़ देना चाहिए कि भारत कांग्रेस-मुक्त हो सकता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो तंज किया है कि अब दक्षिण भाजपा-मुक्त हो गया है। दरअसल कर्नाटक में भाजपा की हर स्तर पर हार हुई है। जो विश्लेषण सामने आ रहे हैं, उनके मुताबिक मुसलमान और ओबीसी की लामबंदी और एकतरफा वोट के कारण कांग्रेस की जीत हुई। करीब 72 फीसदी मुसलमानों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया, नतीजतन हर क्षेत्र का जनादेश कांग्रेसमय हुआ। कर्नाटक के सिर्फ तटीय क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस से आगे रही। जिन्हें भाजपा अपना गढ़ माना करती थी और वहां उसे लगातार जनादेश भी मिलते रहे हैं, वहीं भाजपा पराजित हुई है। इनके अलावा मजदूर, किसान, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, लिंगायत, वोक्कालिगा आदि ने भी कांग्रेस को 'पहली पसंद' माना और वोट दिए। भाजपा की नाकामी का बड़ा कारण यह भी रहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'बजरंग बली', 'जहरीला सांप' और 'डबल इंजन' सरीखे मुद्दे उठाए। अब मौजू सवाल है कि क्या कर्नाटक के जनादेश का असर 2024 के आम चुनावों तक रहेगा?

भाजपा 118 सीट से घट कर 65 पर सिमट गई है। जद-एस को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और वह 32 सीट से घट कर 19 तक लुढक़ आई है। कांग्रेस के लिए यह जनादेश 1989 के बाद सबसे विराट है, जब पार्टी के हिस्से करीब 43 फीसदी वोट पड़े हैं। यह वोट प्रतिशत भाजपा के 36 फीसदी से बहुत ज्यादा है। यकीनन यह कांग्रेस के हिस्से की 'संजीवनी' है, जिसे कर्नाटक के मतदाता लाए हैं। सोच लीजिए कि 'बजरंग बली' किसके साथ उपस्थित हैं! दरअसल जब चुनाव शुरू हुआ था, तभी से स्पष्ट 'अंडर करंट' कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन यह मूड बुनियादी तौर पर भाजपा-विरोधी था। इस बार जनता भाजपा के मंत्रियों और विधायकों को सबक सिखाना चाहती थी, लिहाजा 12 मंत्री चुनाव हारे हैं। माना जा रहा है कि यदि येदियुरप्पा भी भाजपा के मुख्यमंत्री-चेहरा होते, तो भी भाजपा की पराजय तय थी। भाजपा के विकल्प के तौर पर कांग्रेस को यह जनादेश हासिल हुआ है। कांग्रेस की जीत से ज्यादा महत्त्वपूर्ण भाजपा की पराजय और अंतर्कलह है, क्योंकि कर्नाटक ही दक्षिण में भाजपा की उम्मीद रहा है। उसे भाजपा का गढ़ नहीं माना जा सकता, क्योंकि पार्टी को कभी भी स्पष्ट जनादेश नहीं मिला। भाजपा के कई नेताओं और खासकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने येदियुरप्पा को कहा था कि वह उनके इलाकों में चुनाव प्रचार न करें।

कुछ अलग

सिर्फ एक बार

सुक्खू सरकार लगभग आधा साल पूरा कर चुकी है और इसके सियासी, प्रशासनिक और सामाजिक पहलू, कुछ न कुछ अंक बटोर चुके हैं और इसीलिए मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू की निजी भूमिका में यह प्रदेश कुछ चर्चाएं, कुछ सहमतियां और कुछ अपेक्षाएं बटोर रहा है। ऐसे में कितने अंतर में और कितने समानांतर यह सरकार खड़ी है, इसका विवेचन राज्य के विभिन्न प्रैशर ग्रुप कर रहे हैं। जाहिर है ओपीएस मुद्दे पर कार्रवाई ने सरकार के प्रति कर्मचारी सौहार्द पैदा किया है, कुछ इसी प्रकार पेश किए गए बजट की समीक्षा में भी सुक्खू सरकार को विश्वसनीयता की आंख से देखा जा रहा है, लेकिन इसकी असली पहचान व्यवस्था परिवर्तन के दायरे में ही होगी। ऐसे में हम यह तो मान सकते हैं कि वर्तमान सरकार को 'सिर्फ एक बार' के सिद्धांत पर सफल होना पड़ता है। हिमाचल में क्रांतिकारी बदलाव तब-तब आए हैं, जब-जब मुख्यमंत्रियों ने 'सिर्फ एक बार' की राह पर स्वतंत्र और साहसी उद्घोष किए। वाईएस परमार और शांता कुमार हिमाचल के राजनीतिक इतिहास में अपने साहसी कडक़पन के लिए आज भी इसलिए जाने जाते हैं, क्योंकि दोनों मुख्यमंत्रियों ने सरकारी कार्य संस्कृति को अनुशासित करते-करते यह प्रवाह नहीं की कि उनकी सरकारें लगातार सत्ता में रहें। शांता कुमार ने तो दो बार सरकार की कुर्बानियां देकर, खुद को मतदान की कचहरी में अलोकप्रिय बना लिया, लेकिन प्रदेश को जीने के मौलिक सिद्धांत देकर वह श्रद्धेय हो गए। वाईएस परमार का जिक्र भी इसी तरह हिमाचल के संदर्भों को रोशन करता है। ऐसे में अब इनकी कुछ राजनीतिक समानताएं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के पास आकर संबोधित हो रही हैं। भले ही हम यह न कहें कि सुखविंदर सुक्खू के तेवर पूरी तरह परमार या शांतामय हो गए हैं, लेकिन सत्ता का लहजा 'सिर्फ एक बार' के सिद्धांत पर कुछ मार्ग अवश्य ही तय कर चुका है। अब तक सरकार का गठन, प्रशासन की समझ और प्रादेशिक प्राथमिकताओं की खनक से 'बार-बार सत्ता' का अलार्म नहीं बज रहा। सरकार अपनी मौलिकता में परवान चढऩा चाहती है, तो चंद फैसलों का सफल होना भी भविष्य लिख देता है। बेशक चुनावी गारंटियों की वचनबद्धता सुक्खू सरकार को उन तौर तरीकों से दूर रख रही है, जो कभी शांता-परमार ने उठाए, लेकिन सीमेंट उद्योग विवाद के बाद जल उप कर लगाने का निर्णय 'सिर्फ एक बार' आजमाने की दृढ़ प्रतिज्ञा बन जाता है। मुख्यमंत्री जब पूर्व सरकार की तख्ती पर लिखी सुर्खियां मिटाते हुए नौ सौ के करीब संस्थानों से जमीन खींच कर उन्हें तर्क की सूली पर चढ़ाते हैं, तो वह शांता कुमार हो जाते हैं। व्यवस्था परिवर्तन और सिर्फ एक बार सरकार के सिद्धांत दरअसल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जयराम सरकार, इससे पहले वीरभद्र या प्रेम कुमार धूमल सरकारों ने रिवाज बदलने या मिशन रिपीट की खातिर जो तख्तियां लिखीं, उनसे प्रदेश को नुकसान ही हुआ। कमोबेश पिछले पांच-छह विधानसभा चुनावों में सरकारों की अदला-बदली के जवाब में मुख्यमंत्रियों ने जो खाका बनाया, वह खराब साबित हुआ है। इस खाके ने अनावश्यक स्कूल, कालेज, दफ्तर, मेडिकल-इंजीनियरिंग कालेज और विश्वविद्यालय तक खोलकर सरकारों की इच्छा शक्ति को अजीब सी नुमाइश में बदल दिया, जबकि किसी भी सरकार को आरंभिक तीन सालों में ही अपनी बुलंदी जाहिर करनी चाहिए।

केंद्र सरकार 10 हजार नए एफपीओ बना रही है, जिस पर 6865 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे

गांवों में बेहतर ऋण आबंटन जरूरी

डा. जयंती लाल भंडारी

पीएम किसान के तहत पारदर्शिता के साथ प्रति वर्ष 3 किस्तों में 6 जहार रुपए सीधे छोटे किसानों के खातों में दिए जाते हैं। विगत 27 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 16800 करोड़ रुपये की 13वीं किस्त देशभर के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) द्वारा जमा की। देश के 11 करोड़ से अधिक छोटे किसानों के खातों में अब तक लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं। इसमें भी 50 जहार करोड़ रुपए से ज्यादा पैसे किसानी करने वाली हमारी माता-बहनों के खाते में जमा हुए हैं।

यद्यपि देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार आ रहा है, लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में सरल और सुगम ऋ़ण की जरूरत बनी हुई है। हाल ही में 12 मई को वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की समीक्षा बैठक में इन बैंकों की वित्तीय व्यवहार्यता योजनाओं पर चर्चा की और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को वित्तीय समावेशन के मामले में प्रदर्शन सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में ऋ़ण आवंटन बेहतर करने के लिए सुझाव दिए गए। ऐसे में निश्चित रूप से गांवों में बेहतर ऋ़ण आवंटन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गौरतलब है कि देश छोटे किसानों को आय सहायता के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) की स्पष्ट उपयोगिता दिखाई देने लगी है। पीएम किसान के तहत पारदर्शिता के साथ प्रति वर्ष 3 किस्तों में 6 हजार रुपए सीधे छोटे किसानों के खातों में दिए जाते हैं। विगत 27 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 16800 करोड़ रुपये की 13वीं किस्त देशभर के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) द्वारा जमा की। देश के 11 करोड़ से अधिक छोटे किसानों के खातों में अब तक लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं। इसमें भी 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा पैसे किसानी करने वाली हमारी माता-बहनों के खाते में जमा हुए हैं। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक 2014 के पहले तक कृषि क्षेत्र का बजट लगभग 25 हजार करोड़ रुपए होता था, जबकि अब 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बजट कृषि के लिए है। कृषि के विकास के लिए टेक्नालाजी के माध्यम से काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार 10 हजार नए एफपीओ बना रही है, जिस पर 6865 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है जिसमें किसानों को उनकी प्रीमियम 25 हजार करोड़ रुपए के मुकाबले अभी तक 1.30 लाख करोड़ रुपए क्लेम के रूप में दिए गए हैं। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, 1 लाख करोड़ रुपए का एग्री इंफ्रास्ट्रकचर फंड एवं कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के फंड दिए गए हैं। हर जगह गैप्स भरने के लिए तथा किसान मुनाफे की खेती करें, इसके लिए पर्याप्त निवेश की व्यवस्था की है। इस बार 2023-24 के बजट में भी एग्री स्टार्टअप को मदद देने के साथ ही, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स व बागवानी फसलों को बढ़ावा देने, कृषि क्षेत्र में टेक्नालाजी के जरिये विकास, प्लांटेशन को बढ़ाने, हर विषय के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं, जिससे भारतवर्ष की खेती को काफी फायदा मिल रहा है और मिलेगा। कृषि उत्पादों का निर्यात बढक़र 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। साथ ही खाद्यान्नों के मामले में हम आत्मनिर्भर हैं। निःसंदेह इस वर्ष एक जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) 2023 की जिस तरह उत्साहवद्र्धक शुरुआत हुई है, उससे भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्षभर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में एक जिला-एक उत्पाद के तहत 19 जिलों को श्रीअन्न के लिए चुना गया है। भारत में श्रीअन्न की उपज और खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी विभिन्न प्रजातियों की खेती 12 राज्यों में होती है। प्रति व्यक्ति खपत पहले दो किलो प्रति माह थी, जो अब बढक़र 14 किलो तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं। एपीडा ने भी दो स्तरों पर काम प्रारंभ कर दिया। उसने ऐसे 30 प्रमुख देशों की सूची बना ली है जो मोटे अनाज के बड़े आयातक हैं। साथ ही अपने देश के 21 राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी बना ली है। एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है। वस्तुतः मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और प्रजजन आयु वर्ग की महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। श्रीअन्न केवल भोजन या खेती तक ही सीमित नहीं है। भारतीय परंपरा में यह गांवों-गरीबों से जुड़ा है। छोटे किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, करोड़ों लोगों के पोषण का आधार व आदिवासियों का सम्मान है। सामान्य भूमि और कम पानी में भी उगाया-उपजाया जा सकता है। यह रसायनमुक्त है। उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। खेती के लिए खाद की जरूरत नहीं पड़ती। जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार है। इनकी खेती सस्ती और कम चिंता वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रहण योग्य बने रहते हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से मोटे अनाज की फसलें किसान हितैषी फसलें हैं। ज्ञातव्य है कि देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोग होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। स्थिति यह है कि कभी हमारे खाद्यान्न उत्पादन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले मोटे अनाज की हिस्सेदारी इस समय 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत जनवरी से अप्रैल 2023 के चार माह पूर्ण होने के बाद यह बात उभरकर दिखाई दे रही है कि अब सरकार की यह रणनीति होनी चाहिए कि जिस तरह से पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं उसी तरह के कदम मोटे अनाजों के संदर्भ में भी उठाए जाएं। इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाना होगा। देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के द्वारा मोटे अनाजों पर लगातार शोध बढ़ाया जाना होगा। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आम आदमी तक गेहूं एवं चावल की तुलना में मोटे अनाज की अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों की सरकारी खरीदी बढ़ाई जानी होगी। साथ ही मोटे अनाजों के निर्यात को अधिक ऊंचाई देने की नई रणनीति भी बनाई जानी होगी। हम उम्मीद करें कि जहां छोटे किसानों का सशक्तिकरण और अंतरराष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष भारत के लिए मोटे अनाज सहित खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में मील के पत्थर साबित होगा, वहीं गांवों में ऋ़ण आबंटन बेहतर किए जाने से देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था संवरते हुए दिखाई देगी।

एनकाउंटर्स में पुलिस की स्थिति विकट

न्याय दिलवाने के लिए पुलिस ही पहली चौखट होती है तथा अंतिम न्याय देने वाली संस्था तो माननीय न्यायपालिका ही होती है तथा न चाहते हुए भी लोग अन्ध भक्तों की तरह न्यायपालिका का गुणगान करते रहते हैं। पुलिस एक ऐसी संस्था है जिसकी हर व्यक्ति जैसे कि मीडिया, बुद्धिजीवी, कोर्ट व अन्य कोई भी संस्था इस तरह से आलोचना करती रहती है जैसे कि पुलिस वास्तव में ही बुराई का पर्याय हो। क्या किसी की हिम्मत है कि जो किसी न्यायाधीश की आलोचना कर सके। पुलिस ही एक लावारिस की तरह होती है जिसको कोई भी नहीं चाहता तथा अपने भी उसे ठोकरें मारते रहते हैं। क्या कभी किसी ने सोचा कि उत्तर प्रदेश में कितने बाहुबलियों व खूंखार अपराधियों, जिन्हें राजनीतिक शरण प्राप्त थी, ने कितने असमर्थ, असहाय व अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्याएं की हैं। विकास दूबे जैसे बाहुबली ने तो मौके पर गई पुलिस के आठ जवानों की हत्या कर दी थी तथा इसी तरह दैनिक छुटपुट घटनाओं में न जाने और कितने जवानों व अन्य लोगों की हत्याएं होती रहती हैं।

पुलिस की आलोचना तो हर कोई करना जानता है तथा हर काम के लिए पुलिस को ही बलि का बकरा बनाया जाता है। न्याय दिलवाने के लिए पुलिस ही पहली चौखट होती है तथा अंतिम न्याय देने वाली संस्था तो माननीय न्यायपालिका ही होती है तथा न चाहते हुए भी लोग अन्ध भक्तों की तरह न्यायपालिका का गुणगान करते रहते हैं। पुलिस एक ऐसी संस्था है जिसकी हर व्यक्ति जैसे कि मीडिया, बुद्धिजीवी, कोर्ट व अन्य कोई भी संस्था इस तरह से आलोचना करती रहती है जैसे कि पुलिस वास्तव में ही बुराई का पर्याय हो। क्या किसी की हिम्मत है कि जो किसी न्यायाधीश की आलोचना कर सके। पुलिस ही एक लावारिस की तरह होती है जिसको कोई भी नहीं चाहता तथा अपने भी उसे ठोकरें मारते रहते हैं। क्या कभी किसी ने सोचा कि उत्तर प्रदेश में कितने बाहुबलियों व खूंखार अपराधियों, जिन्हें राजनीतिक शरण प्राप्त थी, ने कितने असमर्थ, असहाय व अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्याएं की हैं। विकास दूबे जैसे बाहुबली ने तो मौके पर गई पुलिस के आठ जवानों की हत्या कर दी थी तथा इसी तरह दैनिक छुटपुट घटनाओं में न जाने और कितने जवानों व अन्य लोगों की हत्याएं होती रहती हैं। यदि हम उत्तर प्रदेश की ही बात करें तो पिछले छह वर्षों में वहां एनकाउंटर्स में 183 मौतें हुई हैं तथा जिनमें कई जख्मी भी हुए हैं। अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की कुछ अन्य बदमाशों ने पुलिस संरक्षण में ही हत्या कर दी तो पुलिस कार्यप्रणाली पर न जाने कितने प्रश्न उठने लगे हैं। अतीक अहमद के विरुद्ध सौ से भी अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं तथा उसने न जाने कितने लोगों की हत्या की है तथा कितने लोगों की जबरन जमीन हड़प कर ली थी। वर्ष 2004 में उसने राजूपाल नामक व्यक्ति जो बीएसपी का एमएलए था, की भी हत्या कर दी थी। कितनी विडंबना है कि उसकी अग्रिम जमानत का मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए आया तो एक नहीं दस जजों ने बारी-बारी अपने पांव पीछे खींच लिए तथा सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। कौन दोषी व कौन निर्दोष यह काम तो अदालतों का है। जब अदालतें दशकों तक न्याय नहीं देंगी तो गुंडे लोग राजनीतिज्ञों की शरण में जाकर आम लोगों का शोषण करते रहेंगे। राजू पाल की हत्या का मामला आज तक भी लम्बित है। वास्तव में आपराधिक तुष्टिकरण से हमारे नेता बाहर नहीं निकलना चाहते तथा वो बदमाशों के साथ हाथ मिलाकर अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश में जो भी मुठभेड़ें हुई हैं, उनमें 67.5 प्रतिशत हिंदू तथा 24 फीसदी मुस्लिम लोग संलिप्त पाए गए हैं तथा ऐसा नहीं है कि किसी सम्प्रदाय विशेष को लक्षित किया गया है। जरा सोचिए कि पुलिस एनकाउंटर्स के लिए पुलिस वालों को कोई न ही विशेष वेतन और न ही नियमों के विरुद्ध किसी प्रकार की पदोन्नति दी जाती है। वो तो अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपना दायित्व निभाते हैं। वो जो कुछ भी करते हैं, आपकी और हमारी सुरक्षा के लिए ही करते हैं। पुलिस पर छींटाकशी करने वालों के साथ जब कोई ऐसी घिनौनी घटना घटेगी तब इन्हें पुलिस के महत्त्व का एहसास जरूर होगा। याद रहे कि जब पुलिस वाले एनकाउंटर्स करते हैं तब उनके दिल और दिमाग पर कितना दबाव होता होगा। न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को भी हमेशा खौफ के साये में जीना पड़ता है। उच्चतम न्यायालय ने अपनी एक टिप्पणी में कहा है कि यदि मुठभेड़ फर्जी पाई जाती है तो सम्बन्धित पुलिस वालों को मौत की सजा होनी चाहिए। न्यायालय अपने गिरेबान में क्यों नहीं झांकते। वो खूंखार अपराधियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा तैयार किए गए मुकद्दमों को बिना वजह से कई वर्षों तक लम्बित रखते हैं तथा पीड़ित व्यक्तियों को आहें भर-भर कर मरने के लिए मजबूर कर देते हैं। अब तो अपराध की सोशल इंजीनियरिंग भी होने लगी है। हाल ही में बिहार में एक खूंखार अपराधी आनंद मोहन को, जिसे आजीवन कारावास की सजा दी हुई थी, 14 वर्षों की सजा के बाद ही सजा मुक्त कर दिया गया। इस व्यक्ति ने वर्ष 1994 में एक आईएएस अधिकारी की हत्या कर दी थी। जैसे ही ऐसे अपराधी जेल से बाहर आते हैं तब उनका एक देशभक्त की तरह आदर सत्कार किया जाता है तथा उनकी दीर्घ आयु की कामना के नारे भी लगाए जाते हैं। हम सभी को यह भी याद होना चाहिए कि वर्ष 1984 से लेकर वर्ष 1990 तक पंजाब में उग्रवाद के फन इस कदर फैल चुके थे कि यदि गिल जैसे निर्भीक पुलिस अधिकारी न होते तो न जाने कितने ही निर्दोष हिंदुओं को मौत के घाट उतार दिया होता। इसी तरह वर्ष 1990 में कश्मीर में हजारों हिंदुओं का कत्लेआम किया गया तथा उनकी बहू-बेटियों के साथ बलात्कार किया गया। उन्हें अपने घरबार छोडऩे के लिए मजबूर कर दिया गया। पुलिस ने जो कुछेक मुकद्दमे दर्ज भी किए उन पर न्यायालयों ने आज 33 वर्ष बीत जाने तक भी कोई विशेष कार्रवाई नहीं की। इस सम्बन्ध में उन पीड़ित महिलाओं से पूछा जाए जिनकी सांसें शुष्क हो चुकी हैं तथा न्याय के इन्तजार में उनकी आंखें पथरा सी गई हैं। यदि इतने बर्षों के बाद उन्हें न्याय मिल भी जाए तो ऐसा न्याय उनके जख्मों पर मरहम नहीं लगा सकता क्योंकि अब तक उनके जख्म कैंसर का रूप धारण कर चुके होंगे। यह ठीक है कि पुलिस को केवल कानून के अनुसार ही कार्य करना चाहिए मगर बेदर्द जमाने को पुलिस वालों की व्यथा व लाचारी की तरफ भी सहानुभूति रखनी चाहिए तथा उन्हें मूकदर्शक न बन कर पुलिस की सहायता करनी चाहिए ताकि आतताई शक्तियों का पूर्ण रूप से मुकाबला किया जा सके। अतीक और अशरफ की हत्या पर राजनीतिज्ञों व मीडिया के लोगों ने काफी हो-हल्ला किया तथा पुलिस की नाकामी का चालीसा भी पढ़ते रहे। हमलावरों ने चंद सैकंडों में ही इन दोनों को मार दिया तथा पुलिस वालों ने तुरन्त उन हमलावरों को दबोच लिया क्योंकि उन्होंने उसी समय आत्म समर्पण कर दिया था तथा पुलिस को उन पर गोली चलाने का कोई औचित्य नहीं था। पुलिस कोई अग्रदूत या ऐसे फरिश्ते नहीं हैं जिन्हें पहले ही पता हो कि एक निश्चित समय पर कोई हमलावर किसी अपराधी पर गोलियां चला देगा ताकि उसे एक वीआईपी की तरह सुरक्षा देकर उसका सुरक्षा चक्र इतना मजबूत कर दिया जाए ताकि पंछी भी उस चक्र में अपना पर न खोल पाए। जनता को पुलिस की मजबूरियों को समझना चाहिए तथा उनके हर कार्य में एक सारथी व सहयोगी की तरह काम करना चाहिए। तभी आप और हम चैन की नींद सो पाएंगे।

नागरिक बोध

कर्नाटक में कौन है कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के दावेदार!

सिद्दारमैया कर्नाटका के मुख्यमंत्री रह चुके है।सीएम पद के सबसे बड़े दावेदार है। सिद्दारमैया कोरबा समुदाय से ताल्लुक रखते है। वोकालिगा और लिंगायत के बाद तीसरी सबसे बड़ी ताकत और कर्नाटक में प्रभावी समुदाय के तौर से देखा जाता है। सिद्दारमैया खुद को पिछड़ी जाति के बताते है। इसी कड़ी में सीएम चयन के लिए चुनाव के दूसरे दिन से सियासी उठापटक और पोस्टर वार के बाद भी कोई निष्कर्ष नही निकला है। सिद्दारमैया के बाद कर्नाटक की सियासत में जिनका भरपूर योगदान रहा है उनके नाम की चर्चा जोरों पर है। डीके शिवकुमार सीएम पद के दावेदार है। इन दो नामो की चर्चा टॉक ऑफ स्टेट हो गई है। लेकिन इसके लिए अंतिम निर्णय आलाकमान का ही होगा। उसके लिए कर्नाटक में जीत का सेहरा बांधे सभी विधायको को दल के नेता का इंतजार करना होगा। अभी भी सूबे की कमान संभालने वाले डीके शिवकुमार की अगुवाई और उनकी मेहनत के बाद कर्नाटक में बहुत बड़ी जीत मिली है। कांग्रेस के इतने वर्षों के इंतजार के बाद दक्षिण में हाथ ने बाजी मारने के बाद सीएम की दावेदारी में एक या दो नही और भी हाथ खड़े हो सकते है। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस की जीत के लिए पसीना बहाने वाले अनेक कार्यकर्ताओ का योगदान भूलाया नही जा सकता है। डीके शिवकुमार को पार्टी संकट मोचन के रूप में देखती है। कांग्रेस के लिए संजीवनी लाने वाले ये चेहते चेहरे कांग्रेस के हाथ को उपर उठाने में मदद करते आ रहे है। डीके शिवकुमार वोक्कालिगा समाज से आते है। भाजपा ने इन दोनों समुदाय के साथ तात्मय स्थापित करने के प्रयास किये थे। लेकिन सफलता नही मिली।जेडीएस का वोट बैंक कहा जाने वाला वोकालिंगा समुदाय ने कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया। जिसके लिए जेडीएस की कम सीटे मिली है। सियासी उठापटक के बाद कोई परिणाम आने के बाद भी कांग्रेस में अंदरूनी लड़ाई शांत नही होगी। दोनो उम्मीदवार के नाम की चर्चा जोरों पर है। इसके साथ ही तीसरे दावेदार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चर्चा है। जिनके बूते कांग्रेस की नींव मजबूत हुई है। मल्लिकार्जुन खरगे का नाम चर्चित हो रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे के रास्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस की दो राज्य में सरकार बनी है। इसलिए इनको शायद मुख्यंमत्री बनाने में आलाकमान की स्वीकृति नही भी हो। लेकिन डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए खींचतान बनती है तो तीसरे व्यक्ति के तौर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम की दावेदारी मल्लिकार्जुन खड़गे को दी जा सकती है। कांग्रेस को बहुत बड़ा जनादेश मिला है। इसके चलते आलाकमान अपनी इच्छानुसार सीएम का नाम चयनित कर सकते है।

देश दुनीया से

नाक ढूंढना मुश्किल

गांव की मान्यता थी, इसलिए कचरे में भी बरकत ढूंढी जाती थी। कचरे में सबसे कीमती थी सुई। जो चुभती रही, जब तक चुभती रही, वही सुई थी, वरना ढेरों यूं ही नोक के टूटते ही ढेर पर फेंक दी जातीं। देखते ही देखते सुइयों का अपना एक साम्राज्य बन गया। यह दर्जियों का गांव था, इसलिए हर घर की सुई कचरे में भी आबाद थी। दरअसल सुइयों में भी रिश्ते आबाद थे। जो सास के हाथ में चली, वह सास हो गई, जो बहू के कब्जे में रही, वह बहू सरीखी हो गई। कचरे में भी रिश्ते सुई की नोक पर थे। पास में घर-घर से फेंके गए व्यर्थ भोजन की खिचड़ी पक रही थी, तो इधर सुइयों के झुंड में वार पर पलटवार चल रहा था। यह सब दो सुइयों की वजह से हो रहा था। एक खुद को जेठानी, तो दूसरी देवरानी मानती थी। सुइयों के झुंड में कई रिश्ते शांत हो चुके थे, लेकिन अपनी नोक की वजह से ये दोनों सुइयां टकराव पर आमादा थीं। सास के पलड़े से आई सुई को यह भ्रम था कि उसकी नोक के आगे किसी बहू की सुई कैसे टिक सकती है, लेकिन अपने रिश्ते की अस्मिता बचाने के लिए बहू की सुई भी जगह घेरने की फिराक में थी। हर वस्तु में कहीं न कहीं, कोई न कोई भाग नुकीला हो सकता है और यही शाब्दिक अर्थ नोक को हथियार बना देता है। नोक कितना स्थान घेरती है, यह इसके नुकीलेपन पर निर्भर करता है। हमें नहीं मालूम किस देश की सुई कितनी नुकीली है, लेकिन दावे से कह सकते हैं कि भारत की नोक के नीचे कोई सुई भी टिक नहीं सकती। ऐसे में चीन की क्या मजाल जो भारत की सुई के नीचे या सुई की नोक जितनी जगह हड़प ले। झगड़ालू सुइयां एक-दूसरे पर भारी पड़ रही थीं। टूटी हुई नोक के बावजूद, नाक का सवाल नोक पर आकर अटक गया था। वैसे भी यह पता करना मुश्किल है कि नाक कब नोक बन जाए। रूस ने नाक को नोक में क्या बदला, यूक्रेन लहूलुहान हो गया। अपने देश में थोड़ा विपरीत हो रहा है। नाक के बजाय लोग नोक बने घूम रहे हैं। नोक-नोक में हम न सामाजिक रहे और न ही सांस्कृतिक, बल्कि जनता ने नोक का आधिपत्य इतना बढ़ा लिया है कि इनके बीच नाक ढूंढना मुश्किल हो रहा है। नाक में नोक लिए जो लोग सफल हैं, उनमें सियासत का हर लक्षण परवान है, वरना नाक रखने वाले ही अब कानून, प्रशासन, सरकार और भगवान के सामने सिर्फ इसे रगड़ ही सकते हैं। यह बात टूटी नोक वाली सुइयों को जब समझ आई, तो उन्होंने एक दूसरी से रगड़-रगड़ कर फिर नोक बना ली। सुइयां कचरे के ढेर में भी नोक बना सकती हैं, तो इनसान भी नोक के लिए अब कचरा ढूंढ रहा है। दरअसल देश में जितने भी लोग नोकधारी बन रहे हैं, वे कचरे का फायदा उठाकर ही आगे बढ़ रहे हैं। पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी चाहकर भी नोक पैदा नहीं कर सकते, क्योंकि वे देश में नाक ढूंढ रहे हैं। बुद्धिजीवियों को यह भ्रम रहा है कि उनकी नाक ही देश की नाक है, लेकिन इधर राष्ट्र को मालूम है कि केवल चुनाव में ही नाक को ढूंढा जा सकता है। हर चुनाव में कोई जीत या कोई हार रहा है, लेकिन देश को अपना नाक नही मिल रहा। जीतने से ही नाक है, लेकिन जीतने के लिए एक अदद नोक चाहिए। इसलिए देश को वही मुद्दे लुभा रहे हैं, जिनके ऊपर नोक चस्पां है। बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे अब इसलिए पिटने लगे क्योंकि इनकी न तो नोक है और न ही नाक। उधर कचरे की टेढ़ी-मेढ़ी सुइयों को अब यह विश्वास हो गया कि वे घिसी-पिटी नोक से भी मुद्दा बनकर चुनाव को राजनीति का नाक बना सकती हैं। लिहाजा यह चुनाव तमाम सुइयों को लेकर होगा। ये सुइयां चल गईं तो बहता खून बताएगा कि चुनाव में किसकी नोक तीखी थी। देश फिर नाक ढूंढने की फिराक में जनता के नाक पर चढ़ी सुइयां देख रहा है, उसे बुद्धिजीवियों की नाक नजदीक से भी नजर नहीं आ रही।

हर वस्तु में कहीं न कहीं, कोई न कोई भाग नुकीला हो सकता है और यही शाब्दिक अर्थ नोक को हथियार बना देता है। नोक कितना स्थान घेरती है, यह इसके नुकीलेपन पर निर्भर करता है। हमें नहीं मालूम किस देश की सुई कितनी नुकीली है, लेकिन दावे से कह सकते हैं कि भारत की नोक के नीचे कोई सुई भी टिक नहीं सकती। ऐसे में चीन की क्या जमाल जो भारत की सुई के नीचे या सुई की नोक जतिनी जगह हड़प ले। झगड़ालू सुइयां एक-दूसरे पर भारी पड़ रही थीं। टूटी हुई नोक के बाजवूद, नाक का सवाल नोक पर आकर अटक गया था। वैसे भी यह पता करना मुश्किल है कि नाक कब नोक बन जाए। रूस ने नाक को नोक में क्या बदला, यूक्रेन लहूलुहान हो गया। अपने देश में थोड़ा विपरीत हो रहा है। नाक के जबाय लोग नोक बने घूम रहे हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरे

वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को बालूमाथ पुलिस ने थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बालूमाथ थाना एसआई संजय चौधरी के नेतृत्व में चले इस अभियान में दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहन के कागजात की जांच की गयी। मौके पर जानकारी देते हुए एसआई संजय चौधरी ने बताया की सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कुल 23 वाहन पकड़े गए ।इस दौरान वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी। जिनका ऑनलाइन चालान के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा गया। इस दौरान वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी। मौके पर बालूमाथ थाना शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा के तहत मुआवजा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स समेत अन्य से संबंधित बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों का गहन समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अभियोजन स्वीकृति अन्तर्गत प्राप्त सभी प्रस्तावों के प्रक्रियाधीन एवं निष्पादित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कारा सुरक्षा की समीक्षा में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिष्ठापित यंत्रों तथा विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं अन्य से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा जंगलों में आगजनी की घटनाओं के रोकथाम एवं उपायों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देशों के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही तथा निर्देश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कार्यपालक अभियंता नगर परिषद चतरा को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौकों पर हो रहे अतिक्रमण का निराकरण किया जाए जिससे कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। परियोजना क्षेत्र में विगत बैठक में दिये गए निर्देशों के आलोक में किये गए कार्यो की भी समीक्षा की गई और निर्देश दिया कि दुर्घटना सम्भावित मार्गो में हाई मास्क लाइट, एल ई डी लाइट और सी सी टी वी के अधिष्ठापन का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए तथा वाहनों को गति सीमा के पालन हेतु रोड बैरियर लगाया जाए।बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले एन0ओ0सी, एफआरए, रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निराकरण हेतु निर्देशित किया जिससे कि रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में उपायुक्त ने रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लिया। गहन समीक्षा उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय रखते हुए समस्याओं का ससमय समाधान करने को कहा गया। जिससे कि प्रोजेक्ट का संचालन सरलता पूर्वक हो सके।बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक तथा अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

CONFERENCE HALL
CHATRA

21 मई को होगा ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 21 मई को होगा।जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर भवन के इंडोर स्टेडियम चतरा में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित होगी तथा इस प्रतियोगिता में -15 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल का प्रथम चक्र सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक हैं वे जिला खेल कार्यालय, चतरा से सपर्क कर अपना नामांकन दर्ज करा सकते है। विशेष जानकारी के लिए शिव कुमार साहु, प्रधान लिपिक, जिला खेल कार्यालय, चतरा मोबाईल नं 7870238999 पर संपर्क कर सकते है।

परिसदन भवन चतरा में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुशवाहा समाज महाजुटान आज

मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता): चतरा जिला स्थित डमडोया गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र दांगी के बेटे की हत्या में शामिल हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की धीमी कार्रवाई पर कुशवाहा समाज ने कड़ा विरोध जताया है।हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने को लेकर कुशवाहा समाज शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे परिसदन भवन चतरा पहुंचकर जोरदार आंदोलन करेगी इस आंदोलन के मुख्य हिस्सा चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद रहे श्री नागमणि और वर्तमान में पांकी के विधायक श्री शशिभूषण मेहता रहेंगे। कुशवाहा समाज के चतरा जिला अध्यक्ष केदार दांगी की अध्यक्षता में यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि पुलिस के द्वारा अबतक हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे कुशवाहा समाज के लोग काफी मायूस हैं और यही वजह है कि हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर परिसदन भवन में बड़ी बैठक कर पुलिस से मिलकर हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा करेंगे ताकि कुशवाहा समाज के साथ न्याय हो सके। हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर परिसदन भवन चतरा में मयूरहंड प्रखंड कुशवाहा समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में वहां पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उक्त आशय की जानकारी मयूरहंड कुशवाहा समाज के अध्यक्ष अनिल भारती दिया।

वट सावित्री पूजा को लेकर दुकानों में उमड़ी सुहागिनों की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : शुक्रवार को होने वाली वट सावित्री व्रत पूजा को लेकर सिमरिया सुभाष चौक की दुकानें सज धज कर तैयार है। जहाँ गुरुवार की सुबह से देर शाम तक दुकानों में चहल पहल देखने को मिला और खरीदारी के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ती रही। महिलाएं पूजन सामाग्री के साथ साथ फल आदि समानों की जमकर खरीदारी की। सुहागिन महिलाएं शुक्रवार को उपवास रख कर पति की लम्बी आयु की कामनाएं करेंगी। केशरी श्रृंगार स्टोर के विक्रेता शंभू केशरी ने बताया कि पूजा सामग्री 10-30 व दान का समान 10-60 रूपये तक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि दुकान में हर त्योहार पर पूजा का सामान उचित मूल्य पर कुशल व्यवहार के साथ उपलब्ध कराया जाता है।

उपायुक्त ने सभी पंचायतों से ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

ROHIT RSI
BDC CHATRA
Narayan jha
ABHAY
NIC

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों और प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों की उपस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से सभी पंचायत सचिवों और राजस्व कर्मियों के साथ जुड़कर बैठक की एवं आवयश्क दिशा निर्देश दिया।बैठक में मुख्य रूप से कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना व अन्य संचालित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया तथा सभी लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी उपयोग हेतु खोले गए बैंक खाते जो क्रियान्वित नहीं हैं उन अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने वन क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं के निराकरण हेतु आवयश्क दिशा निर्देश दिया। उक्त बैठक में सभा कक्ष से अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, एवं अन्य पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा ऑनलाइन माध्यम से सभी पंचायत सचिव और राजस्व कर्मी जुड़े थे।

शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप, मामला दर्ज

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह मोहल्ला निवासी अंतू सोनी के 20 वर्षीय पुत्री खुश्बू सोनी ने बाजारटांड़ निवासी प्रदीप पाठक पिता गिरधारी पाठक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।उक्त मामले को लेकर मामला महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने बताया की आईपीसी की धारा 323/376 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। वही पीड़िता ने बताया कि प्रदीप पाठक वर्ष 2021 में दशहरा मेला में घुमाने का बहाना बनाकर अपने कार से बाजकुम स्थित नवोदय विद्यालय के पिछे ले जाकर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरीक सम्बन्ध बनाया. उसके बाद मुझे धरमपुर मोड़ के पास उतार दिया।जब मैंने उसका विरोध किया तो उसने आश्वासन दिया कि मैं तुम्हारे साथ शादी करूंगा। इसी का झांसा देकर वह लगातार मेरे साथ दुष्कर्म करते रहा. जब पीड़िता ने शादी करने के दबाव बनाया तो 11 मई को को उक्त युवक ने पीड़िता और उसकी मां को अपना घर बाजारटांड़ बुलाया और शादी से इनकार कर गया एवं दोनों की जमकर पिटाई कर दी. वही जान से मारने की धमकी भी दी पीड़िता ने बताया कि इस घटना से परिवार के लोग डरे और सहमें हैं।

मारपीट में एक घायल

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाँथडीह ग्राम में गुरुवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।घटना के सम्बंध में बताया जाता है की रूपलाल यादव 30 वर्ष पिता उदेश्वर यादव ग्राम हाँथडीह निवासी गांव में मजदूर खोजने निकला हुआ था। जहां पुराने विवाद को लेकर गांव के अरुण यादव के साथ उसकी कहासुनी हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर अरुण यादव ने रूपलाल यादव पर लाठी से हमला बोल दिया और उसके साथ मारपीट किया। जिससे रूपलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल रूपलाल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत परिजनों को मिला दो लाख का चेक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा भैंसादोन ने जीवन ज्योति योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये का चेक सौपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैनेजर ललित झा ने बताया की आदित्य यादव ग्राम शेरेगड़ा की पत्नी पियासो देवी की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर दो लाख रुपये का चेक सौपा है। इसमें लाभुक ने सरकार की योजना जीवन ज्योति बीमा योजना का 236 रुपये का बीमा कराया था। जिसकी आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद उसके पति आदित्य यादव को 200000 बीमा राशि का चेक दिया गया। मौके पर मैनेजर ललित झा,प्रदीप कुमार चौधरी सर्विस मैनेजर बैंक कर्मी सुजीत कुमार, सोनी कुमारी साहू सहित कई लोग उपस्थित थे। आगे उन्होंने बताया कि सरकार की इस योजना का लाभ कोई भी गरीब परिवार ले सकता है।

बीएलसीसी से संबंधित हुई बैठक कई समस्याओं का समाधान के लिए हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड परिसर सभागार में बृहस्पतिवार 18 मई को बीएलसीसी से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एलडीएम देवव्रत शर्मा पहुंचे। और कई समस्याओं का निदान करने हेतु बातें कहीं। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने केसीसी से संबंधित समस्याओं का निदान करने की बातें कही। वही नई एटीएम मशीन लगाने की बात बीडियो ने किया। एग्रीकल्चर लोन चल रहे समस्याओं का निदान करने की बात कही। साथ ही साथ बैंक में नए खाताधारक जिनका खाता नहीं खुल रहा है। उसे निदान करने की बातें बीडियो नहीं बोले। एनपीए से रिलेटेड लोन नहीं देने की बातें कही गई। एवं बैंक से जुड़े अन्य समस्याओं का निदान करने की बातें बीडियो ने एलडीएम से कही है। मौके पर उपस्थित बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर विवेक कुजुर झारखंड राज्य ग्रामीण के मैनेजर विनोद पासवान मुखिया निर्मला देवी प्रखंड में कार्यरत शीला कुमारी अभय कुमार व अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे।

एक अनियंत्रित मारुति वैन बाजार में घुसा दो महिला घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना क्षेत्र के गांगपुर चौक में बृहस्पतिवार को एक मारुति वैन जेएच 01डी 7943 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बाजार में घुस गई। जिससे बाजार में समान बेच रही महिला को गभीर चोट आई। और एक अन्य महिला को हल्की चोट आई है। जिस महिला को ज्यादा चोट आई हैं। उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए भेजा गया। घटना की खबर पर गिद्धौर थाना के विजय गुप्ता पहुंच कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि मारुति चतरा से हजारीबाग जा रही थी।

प्रखंड के सभी पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मनाया गया

बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): उप विकास आयुक्त लातेहार व झारखंड सचिव ग्रामीण विकास विभाग के आलोक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार गुरूवार को सभी पंचायतों मे आवास लाभुक दिवस मनाया गया। आवास लाभुक दिवस के मौके पर उपस्थित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया।आवास बनाने मे किसी तरह के परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद के लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातू, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में संबंधित मुखियाओं ने लाभुकों से सिधा संवाद कर आवास लाभुक दिवस मनाया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास लाभुक दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंडकर्मी मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 , 2018-19, 2019-20, 2021-22, 2022-23 में आवास निर्माण के लिए लाभुकों के बैंक खाते मे प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त की राशि भुगतान प्राप्त लाभुकों का लंबित आवास कार्य को हर हाल में पूर्ण कराने को लेकर गहन विचार -विमर्श किया गया। वहीं वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र मे लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने मे सहभागिता निभाने की अपील की गई. आवास लाभुक दिवस प्रत्येक गुरूवार को सभी पंचायतों में 30 जून तक मनाया जायेगा। जिसमे अधूरे आवास को पूर्ण करने हेतु दैनिक, साप्ताहिक मासिक लक्ष्य का निर्धारण किया जाना है।

सक्षम विद्यालय सक्षम पंचायत का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिला प्रशासन के नेतृत्व में पिरामल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढा में ब्रहस्पतिवार वार को पुस्तकालय एवम बाला पेंटिंग बिल्डिंग एस ए लर्निंग एड सहित का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ़ बिरजू,जिला परिषद् सदस्य निशा कुमारी एवं मुखिया अमिता कच्छप ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। सक्षम विद्यालय में पुस्तकालय एवं बाला पेंटिंग होने से बच्चों में काफी उत्साह है। वहीं बच्चे पुस्तकालय में अब तरह तरह की किताबों को पढ़ कर सीख सकेंगे तथा विद्यालय के हर कोने, हर दीवार, पिलर आदि से कुछ न कुछ ज्ञान अर्जित करेंगे। यहां गणित, पर्यावरण, योग, जल बचाओ, सौरमंडल, स्वच्छता, अंग्रजी आदि तमाम विषयों की जानकारी दी गई है। खेल खेल के माध्यम से ही याद कर सकेंगे, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि दीपांशी निगम के लगातार प्रयास- रचनात्मक सुझावों से यह पेंटिंग और पुस्तकालय आदि का कार्य पूर्ण हुआ है।उनका कहना है बच्चे देख-देख कर और बेहतर याद कर सकेंगे और खेल - खेल में ही सीखने की प्रक्रिया जारी रहेगी, हमारा प्रयास है की पंचायत के और भी विद्यालयों में हम इस तरीके से करवा कर बच्चों में एक नए प्रकार से पढ़ने की रूचि भर सकेंगे। शिकायत के लिए एक सजेशन बॉक्स(सुझाव पेटी) भी पुस्तकालय के अंदर लगवाई गई है जिससे बच्चे अपने मन में आने वाले सुझावों/शिकायतों को सभी के समक्ष रख सकें तथा मानसिक रूप से स्वस्थ होकर शिक्षा ले सकें। इस कार्य में पंचायत सचिव अक्षयवट चौबे की सराहनीय पहल रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रदीप उरांव, बिनोद , कौशल दांगी ने भी अपना भरपूर समर्थन एवम मदद की है। कार्यक्रम में मुखिया अमित, सचिव ए के चौबे, मुखिया प्रतिनिधि अनिल मिंज, पिरामल फाउंडेशन प्रतिनिधि दीपांशी निगम एवम अमृता प्रजापति, वार्ड सदस्य राम आशीष कुमार, डाढा के ग्रामीण जनता, स्वयं सेवक अखिलेश, स्वयं सेवक मनोज, विद्यालय के प्रभारी प्रदीप उरांव, कैलाश, पेंटर दीपक के अलावे ग्रामीण व बच्चे तथा बच्चे के माता पिता मौजूद थे।

पुलिस ने किया महिला का कंकाल में तब्दील शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : शिला ओपी पुलिस ने गुरुवार को तिबाब गांव स्थित चरका पत्थर जंगल से एक महिला का कंकाल बरामद किया है। शिला ओपी प्रभारी रामदेव वर्मा ने बताया की ग्रामीणों ने सूचना दी की तिबाब जंगल में एक महिला का शव कंकाल में तब्दील शव पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल के साथ जंगल पहुंचे जहां एक महिला का कंकाल मिला। उन्होंने बताया की महिला के कंकाल को पोस्टमार्टम (फोरेंसीक) के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच पड़ताल की जाएगी।फिलहाल यह कंकाल का शिनाख्त नहीं किया जा सकता रिपोर्ट आने के बाद सारा मामला का खुलासा कर दिया जाएगा।

डाक पार्सल वाहन से 955 बोतल अवैध शराब जब्त, वाहन चालक उपचालक फरार

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): चतरा पुलिस कप्तान मिली गुप्ता सूचना के आलोक में अन्तर्राजीय शराब का वाहन जप्त किया गया है। पीकअप वैन डाक पार्सल में अवैध अंग्रेजी शराब लोड कर चतरा तरफ से जोरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है।पुलिस कप्तान राकेश रंजन के आदेश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, सदर थाना चतरा मनोहर करमाली के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया तथा त्वरित कार्रवाई करने हेतू प्रातःकाल गस्ती में प्रस्थानित पदाधिकारी पु0अ0नि0 प्रकाश सेठ को सशस्त्र बल के साथ संघरी घाटी में चेकिंग लगाया गया । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनास कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की उक्त डाक पार्सल पीकअप वैन को आते देख रूकने का ईशारा किया गया तो उसका चालक काफी तेजी से गाड़ी भगाने लगा उसका पीछा किया गया तथा भगाने के कम में उक्त वाहन के चालक अपनी वाहन को तेजी से चलाकर भुईयाडीह से पहले पुल के समीप पलटी कर दिया तथा उसका चालक जंगल झाड़ का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गया। तत्पश्चात् घटनास्थल पर पहुँचकर उक्त पीकअप वैन वाहन को जप्त किया गया।

बीते रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में 2 लोग हुए घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कर सुरक्षित पहुंचे अपने घर

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत जपुआ में बीते रात 9:30 एक मोटरसाइकिल सवार दो युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दोनों युवकों को राहगीर के मदद से दोनों युवकों को गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया गया। उसके बाद सुरक्षित दोनों युवक अपना गांव चले गए। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने ही रिश्तेदार के साला बहनोई थे। एवं रिश्तेदारी से अपने घर जा रहे थे। घायल युवक का नाम संतोष यादव पिता गणेश यादव रमेश यादव पिता अर्जुन यादव इटखोरी थाना के बताए जा रहे हैं।

बरटा आंगनबाड़ी केंद्र में 87 लोगों का एनेमिया जांच किया गया



गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के बरटा गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बृहस्पतिवार 18 मई को 87 एनीमिया जांच किया गया। एवं मुफ्त में सभी को आयरन की गोली दी गई। मौके पर उपस्थित एएनएम संगीता देवी सेविका सीमा कुमारी सहिया सुचिता देवी एवं महिलाएं उपस्थित थी।

संक्षिप्त खबरें

जदयू वार्ड व नगर अध्यक्ष ने किया वार्ड 34 का मुआयना

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : वार्ड 34 के जनता दल यूनाइटेड के वार्ड अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी और महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ने वार्ड 34 का मुआयना किया और पाया कि करीब 1 महीने से जलापूर्ति ठप है लोग परेशान हैं।उनका कहना था कि सरकार का यह दावा फेल है कि हर घर नल हर घर जल। इस विषय पर संबंधित विभाग और प्रेस के माध्यम से लगातार नगर अध्यक्ष ने इस विषय से विभाग को अवगत कराया लेकिन बात वही की वही है। कभी गंदे जल की आपूर्ति होती है तो कभी वह भी नहीं आखिर जनता जाए तो कहां जाए ।वहीं नगर अध्यक्ष ने बताया की विभाग ने इस विषय पर जल्द संज्ञान लेकर बेहतर जलापूर्ति बहाल नहीं करता है तो एक वृहद जन आंदोलन किया जाएगा ।महानगर अध्यक्ष यासिर अंसारी ने आगे कहा कि नालियों का भी वही हाल है हल्की बारिश में भी नालिया सड़क पर आ जाती है और गंदगी का अंबार लग जाता है । जिससे कि मच्छर पनप कर तरह-तरह की बीमारियां फैला रहे हैं ।इस पर भी विभाग को संज्ञान लेकर सुधार करने की जरूरत है ।

12वीं सीबीएसई स्टेट सेकेंड टॉपर शुभांगिनी को दी गई बधाई

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखण्ड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत के ग्राम गुंजरा निवासी रविकांत प्रसाद (BSNL में इंजीनियर) एवं डॉ. शंकुतला (KBWC में प्रोफेसर) की बेटी एवं सेवानिवृत्त हाई स्कूल प्रधानाध्यापक शिक्षक नारायण प्रसाद की पोती शुभांगिनी उर्फ मानसी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं साइंस ग्रुप में 98.2त्न अंक प्राप्त करके झारखंड स्टेट में सेंकेंड टॉपर को जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने घर जा कर बधाई दी। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि बरकट्ठा की बेटी शिवांगिनी ने हज़ारीबाग जिला के साथ साथ मेरे क्षेत्र का नाम नाम पूरे झारखण्ड में रौशन की है जो गर्व की बात है। साथ ही युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूँ। शिवांगिनी ने विगत वर्ष 2022 में बायोलॉजी के नेशनल ओलंपियांड में स्टेट टॉपर रही एवं वर्ष 2021 में 10वीं बोर्ड में 98त्न अंक प्राप्त कर संत जेवियर हज़ारीबाग स्कूल टॉपर बनी थी।

दोषियों पर 5 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो रामगढ़ थाना में देंगे धरना : शंकर चौधरी

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ जिला पुलिस कार्यालय के समक्ष पुलिस जुर्म के खिलाफ गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसका नेतृत्व रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने किया। एसपी कार्यालय के समक्ष दिए गए धरना में सैकड़ों लोग शामिल हुए । धरना प्रदर्शन के द्वारा मांग किया गया कि रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह कुतियां को अभिलंब निलंबित किया जाए। रजरप्पा के मजदूर नेता रमेश विश्वकर्मा की हत्या की सीबीआई जांच कराई जाए गोला के संग्रामपुर में हुए गयाराम महथा हत्याकांड का जल्द खुलासा किया जाए। एक दिवसीय धरना में पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि जिला में अपराध हत्या बढ़ रही है और जिला प्रशासन मौन है ये लोग सरकार की छबि को धूमिल करने में लगे हुए ये सारे मामलो में जल्द से जल्द सीबीआई जांच कर करवाई किया जाए नही तो पांच दिनों के अंदर बड़ा आंदोलन किया जाएगा । रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा कि रामगढ़ जिला में पुलिस किस प्रकार कार्य कर रही है यह जनता देख रही है। जिला में अपराध चरम पर पहुंचा हुआ है। बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता है झूठे मामले में लोगों को फंसाया जा रहा है। शंकर चौधरी ने कहा कि 5 दिनों के भीतर रामगढ़ पुलिस दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती है तो रामगढ़ थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक दिवसीय धरना में चरण केवट, वीरेंद्र प्रसाद,टेकलाल महतो,कीर्तन महतो,छत्रु केवट,रूपलाल साहू,संदीप कुमार, जसवंत प्रजापति,बबलू प्रजापति, भोला केवट,साहब राम महतो, बीगल केवट, परण केवट, धनिया प्रजापति, भगवान साहू, हरे कृष्ण भारद्वाज, पुष्कर नायक सहित अनेक लोग शामिल थे।

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, जेएसएलपीएस, पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल में ऐप के माध्यम इंट्री कार्य, सक्रिय मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। साथ ही डाडी, टाटीझरिया, कटकमसांडी, बरकट्ठा, चूरुचू कटकमदाग, सदर, चौपारण आदि प्रखंडों को पंचायतों में कम से कम पांच पांच योजना को शुरू कर मनरेगा के तहत् मानव श्रम दिवस सृजन को बढ़ाने के लिए प्रयास करने को कहा। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् वृक्षारोपण हेतू लाभुक का चयन कर अंचलों से भू स्वामित्व का सत्यापन कर आगामी मानसून से पूर्व आवश्यक तैयारियों के लिए गड्ढे खोदने का काम पूरा कर लेने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया।

साथ ही उपायुक्त ने कहा फलदार पौधा के साथ साथ औषधीय गुणों वाले मूनगा अर्थात सहजन के पौधा लगाने को भी योजना में समाहित करें। अमृत सरोवर परियोजना के तहत् चयनित योजना में काम की गति को तेज़ी से पूरा करने पर ध्यान देने की बात कही। वीर शहीद फोटो हो खेल योजना के तहत डीएमएफटी मध्य चेंजिंग रूम के लिए चयनित 20 जगहों पर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत लाभुकों को मनरेगा योजना के तहत दिए जाने वाले पशु शेड एवं लाभुकों के द्वारा पशुपालन से संबंधित गतिविधि संचालन का फॉलो अप करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही उन्हें व्यक्तिगत रुचि लेकर लाभुकों को प्रोत्साहित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया।

मनरेगा के तहत् जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित योजनाएं धरातल पर उतरे एवं लोग लाभान्वित हो इसके लिए आम लोगों की भागीदारी एवं सामुदायिक जिम्मेवारी के माध्यम से योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाभुकों को कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने एवं किस्तों का भुगतान समय पर करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

लुकैया चुम्बा में जन सहयोग ट्रस्ट ने निःशुल्क सिलाई सेंटर का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिददी : मंझिला चुम्बा के लुकैया में गुरुवार को जन सहयोग उत्थान ट्रस्ट के द्वारा निःशुल्क सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसे ट्रस्ट की सदस्य आशा देवी के द्वारा फीता काटकर सिलाई प्रशिक्षण आरंभ हुआ। अवसर पर मुख्य रूप से ट्रस्ट सदस्य लीलम, सबिता, टाइगर सिंह उपस्थित थे। ग्रामीणों से ट्रस्ट सदस्य आशा देवी ने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ट्रस्ट के माध्यम से प्रथम चरण में सौ बेरोजगारों को रोजगार प्रशिक्षण देकर उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके लिए रोजगार का सृजन गांव से ही होगा। यह सिलाई प्रशिक्षण महिलाओं को तीन माह लेने के बाद रोजगार के हाथों से जोड़ेगा। वहीं ग्रामीण महिलाएं भी निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण की व्यवस्था से उत्साहित दिखे।

एनपीपीसीएफ के तहत किया गया एक दिवसीय कैम्प का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ0 प्रभात के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के सभी पंचायतों में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत डॉ0 सविता वर्मा और उनकी टीम के द्वारा फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को दुलमी प्रखंड के इचातु पंचायत के पंचायत भवन में फ्लोरोसिस से संबंधित कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान सभी आयु वर्ग के कुल 35 व्यक्तियों की फ्लोरोसिस की जांच की गई जिसमे 27 संदिग्ध व्यक्तियों की यूरिन जांच की गई एवं 3 व्यक्तियों में फ्लोरोसिस बीमारी की पुष्टि हुई। साथ ही ष्टाह्न अनुपमा कालखो एवं रूपा कुमारी के द्वारा 30 वर्ष के ऊपर सभी लोंगो का मधुमेह एवं रक्तचाप आदि की जांच की गई। वहीं फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ0 सावन कुमार द्वारा कई व्यक्तियों की कुष्ट संबंधि जांच भी की गई। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ0 सविता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बीमारी दांत एवं हड्डी प्रभावित करती है। इसमें हड्डियां टेड़ी हो जाती है एवं दांतो में भूरे धब्बे एवं क्षरण प्रारम्भ हो जाते हैं।

ग्राम पिपरा में 15 वें वित्त आयोग से बने पीसीसी पथ निर्माण का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : गुरुवार को चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत के ग्राम पिपरा वार्ड संख्या 13 में शौकत के घर से तालाब तक 15वें वित्त आयोग मुखिया मद से 2,49,600/ के लागत से निर्मित पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन बहेरा पंचायत के लोकप्रिय मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो ने अपने हाथों से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया।वही मुखिया ने ग्रामीणों को बताया की लगातार क्षेत्र का विकास के लिए तात्पर्य रहूंगा और आगे भी विकास कार्य करता रहूंगा। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, बहेरा उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, वार्ड प्रतिनिधि जावेद अली,वार्ड सदस्य नुसरत जहां, कृषक मित्र श्याम लाल महतो,वार्ड सदस्य अजरूद्दीन अंसारी, तबाराक हुसैन,सोकत अली, गुलजार अंसारी,मोजिम अंसारी,जलील अंसारी, रियाजुद्दीन अंसारी,फरीदा खातून, सकीला बानो,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुखिया उत्तम महतो ने वृद्धा, दिव्यांग पेंशन लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत सारूकुदर पंचायत मुखिया उत्तम महतो ने विधवा पेंशन,समाजिक सुरक्षा एवं वृद्धा पेंशन दस लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया । स्वीकृति पत्र वितरण के दौरान भावुक वृद्ध,विधवा एवं दिव्यांग महिला -पुरुषों ने उत्तम मुखिया को स्नेह एवं आशीर्वाद दी ।साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा मुखिया नाम का उत्तम नही काम का भी उत्तम है । पेंशन पाने के लिए हमलोग प्रखण्ड कार्यालय में इधर से उधर भटकते रहते हमारी परेशानियों को समझते हुए हम सबो का पेंशन करा दिया इसके लिए हमसब बहुत खुश है । स्वीकृति पत्र वितरण पंचायत भवन सारूकुदर में किया गया जिसमें सोमरी देवी, दर्शनी देवी, जालेश्वरी देवी, फागू महतो, सुभद्रा देवी, डुमरचंद महतो,होरील मिस्त्री, फाराचांच जीबलाल महतो,इब्राहीम अंसारी सारूकुदर को स्वीकृति पत्र दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य ललीता देवी करमली अंसारी पंचायत सचिव सरयू पासवान,टेकलाल महतो, नंदलाल महतो,योगेंन्द्र पटेल, नितीश कुमार,समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

झारखंडी भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति की जरूरत : संजय मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : जनसंवाद यात्रा लगातार अपने अभियान में आगे बढ़ता जा रहा है। जनसंवाद यात्रा के 17 वें दिन पाण्डेयबारा चौक पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया गया।इस दौरान संजय मेहता ने कहा कि झारखंड के तीन बड़े मसले स्थानीयता, नियोजन और पुनर्वास इन विषयों पर राज्य के भीतर एक समग्र और स्पष्ट नीति बनाए जाने की जरूरत है। यह नीति झारखंडी भावनाओं के आधार पर हो जिसमें झारखंडी हक अधिकारों की प्राथमिकता हो।संजय मेहता ने कहा कि यदि 81 विधायक और 14 सांसद झारखंड की माटी के होते तो आज यह समस्या नहीं जन्म लेती। देश के अन्य राज्य अपने निवासियों के लिए नौकरी आरक्षित कर रहे हैं।हमारे पास स्थानीय नीति नहीं होने के कारण नियोजन नीति भी स्पष्ट नहीं हो पाती है। यह एक स्पष्ट परिभाषा तय होनी चाहिए कि झारखंड में झारखंडी कौन है ?संजय मेहता ने एक बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि हजारीबाग एवं बरही क्षेत्र के प्रतिनिधि इन सवालों को लेकर गंभीर नहीं हैं। वे एक बयान तक देना मुनासिब नहीं समझते। समर्थन तो दूर की बात है। इसलिए झारखंड में इस वक्त जरूरत इस बात की है कि स्थानीय स्तर पर नेतृत्व का कौशल निखारा जाए। स्थानीय नेतृत्व के उभार से इलाके में एक बड़ी राजनीतिक चेतना का जन्म होगा।भुनेश्वर यादव ने कहा कि हमारे पूरे क्षेत्र से स्थानीय मुद्दों को राजनीति के केंद्र से गायब कर दिया जाता है। इस कारण लोकल मुद्दे राजनीतिक विमर्श में नहीं आ पाते। यहाँ के नेता यह सोचते हैं कि स्थानीय मुद्दे अगर चर्चा में आ गए तो उनकी राजनीति प्रभावित होगी।उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय में बाँटकर राजनीति की जाती है और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे मसलों पर ये नेता चुप्पी साध लेते हैं। यही कारण है कि बरही क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति दयनीय है।इस दौरान जन संवाद यात्रा को आमजनों का अपार साथ मिला। सभी ने एक स्वर में जनसंवाद यात्रा के उद्देश्यों और सवालों को जायज ठहराया।पाण्डेयबारा के कार्यक्रम में लालबहादुर पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय, डॉ. बी.के यादव, ब्यास यादव,जगदीश यादव, त्रिभुवन यादव, प्रवीण भारती, डेगलाल साव, मोहम्मद गुलाम अन्सारी, मोहम्मद जुबैर, मोहम्मद मोइन अन्सारी, मोहम्मद अतहर, रविश कुमार सिंह,यशवंत सिंह ,अंकित शर्मा ,महेन्द्र साव, युवा नेता अशोक कुमार सिंह ,संजय गुप्ता, मनोज सिंह ,टिंकू गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य, युगल ठाकुर समेत सैकडों लोग उपस्थित थे।

भंडारों में तालाब के गहरीकरण का कार्य किया जाएगा

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के ग्राम भंडारों में पेनिया तालाब का गहरीकरण का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव,अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इलियास खान, कनिया अभियंता मोहम्मद इरशाद, संवेदक रमजान अंसारी, के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह मद जिला परिषद के 15वें वित्त आयोग द्वारा स्वीकृत की गई है, जिसकी स्वीकृत राशि 11, 88000 हैं। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। और जहां भी जिस तरह की समस्या हो, उसे हमारे द्वारा पूर्ण किया जाएगा। विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी, तथा क्षेत्रवासियों के जरूरत व मांग के अनुसार सभी विकास कार्य पूर्ण किए जाएंगे। मौके पर भंडारों पंचायत के पूर्व मुखिया शराफत अली, विजया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव,बंधन यादव,रघुवीर यादव, बैजनाथ यादव, पप्पू खान,ताहिर हुसैन, शौकत अली,कलाम अंसारी, तैयब अंसारी,तहसील अंसारी, इरफान, जिब्राइल अंसारी, रहमत अली,शौकत अली,अब्दुल रशीद, गुलाम अंसारी, इबरार अंसारी, हलीम खान, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

कोबरा 203 के जवानों व उनकी टीम ने पेश की मानवता की मिसाल

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोबरा वाहिनी 203 के जवानों द्वारा अभियान में जाने के क्रम में चांडिल के समीप एक स्कूटी सवार व्यक्ति घायल अवस्था में रोड के किनारे देखा गया। तत्काल कोबरा 203 के एमओआईसी डॉक्टर अश्विन कुमार एवं उनकी टीम ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक अंकित मुर्मू ने बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए चौका से कांडरा जा रहा था।इसी क्रम में किसी अज्ञात वाहन के द्वारा चपेट मे आकर वह घायल हो गया तथा कोबरा के जवानों द्वारा उसकी सहायता की गई।उन्होंने इस कार्य के लिए कोबरा 203 के जवानों का धन्यवाद वा आभार जताया।

महिला स्वावलंबन प्रशिक्षण का शुभारंभ

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ ब्लॉक अस्पताल के समीप स्थित बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति के तत्वावधान एवं कार्यालय में महिला प्रशिक्षण का आरंभिक कार्यक्रम आगत अतिथियों , समिति की सदस्याओं तथा स्वरोजगारोन्मुखी महिलाओं की गरिमामयी भागीदारी में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दिव्यांग जनों के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वरोजगार , स्वावलंबन , स्वाभिमान एवं सेवा भावना की प्रतिष्ठा को प्रतिबद्ध बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति के प्रशिक्षक नितेश मिश्रा ने विस्तार पूर्वक बताया कि आप अपनी प्रतिभाओं को नया आयाम दीजिए। अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार आवश्यक घरेलू उत्पादों का सृजन कीजिए तथा प्रयास यह रहे कि गुणवत्ता और मूल्य यथोचित हों। वर्तमान समय की चुनौतियों के साथ साथ सुखद भविष्य की परिकल्पनाओं सहित भारत प्रोजेक्ट के झारखंड हेड महोदय ने ढेर सारी बातें बताई। सुरुचिपूर्ण ढंग से आरंभिक प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूरा कर महिला बहनों के सुखद भविष्य की कामना प्रकट की।अवसर पर उपस्थित रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के धनंजय कुमार पुटूस , भारत विकास परिषद् के नीरज पाठक , समाज सेवी राजेन्द्र केसरी एवं युवा संगठन के अजय अनमोल सहित अन्य ने संस्था के प्रयासों की सराहना की , सभी ने समवेत स्वर में कहा कि आप सभी सदस्याओं का प्रयास अवश्य रंग लायेगा।

आईलेक्स में लगाया गया समर कैंप बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल के 3 ब्रांच पंचमाधव, गोरियाकर्मा,बड़कागांव मे एक साथ समर कैंप का आयोजन किया गया।इस समर कैंप आयोजन में सभी क्लास के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।समर कैंप स्कूली जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है,जिसे अकादमिक जीवन की हलचल के बीच अनदेखा नहीं किया जा सकता है, विभिन्न स्कूलों में समर कैंप आयोजन करने के अलग-अलग तरीके हैं, इन शिविरों में सभी प्रकार की गतिविधियां शामिल की जाती है,जैसे की लंबी पैदल यात्रा, तैराकी,संगीत, नृत्य और कुछ ऐसी चीजें भी जिसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती, आईलेक्स मैं सभी गतिविधियां बच्चों के क्लास को ध्यान में रखते हुए प्लान किए जाते हैं, इन गतिविधियों में फिंगरप्रिंट, कार्ड मेकिंग,पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग,नेल आर्ट, सैलेड डेकोरेशन, मैंगो डे सेलिब्रेशन,एक्टिविटी को शामिल किया गया था। जिसमें बच्चों ने बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया, तथा बच्चों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखलाया बच्चों के द्वारा किए गए डेकोरेशन को देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे कि किसी प्रोफेशनली इंसान के द्वारा किया गया हो। नेल आर्ट को देखकर लग रहा था, जैसे कि नामी-गिरामी सलून से करवाया गया हो, आईलेक्स के निर्देशक शैलेश कुमार ने कहा कि समर कैंप जैसे आयोजन स्कूल में समय-समय पर होनी चाहिए। इससे बच्चों की एक्टिविटी तथा छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।

झामुमों विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटि ने किया पंचायत कमिटि का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता



विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बकसपुरा पंचायत में 18 मई 2023 दिन गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत् झामुमो माण्डू विस् सोशल मिडिया प्रभारी संजय कुमार पटेल की अध्यक्षता में बकसपुरा झामुमो पंचायत कमिटि का गठन किया गया। झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी,प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति,सदस्य मनोवर आलम की उपस्थिति में पंचायत कमिटि का गठन किया गया ।पंचायत कमिटि के गठन पूर्व में आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव की तैयारी को देखते हुए पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के बीच गहनता से चर्चा की गई। चर्चा उपरांत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हेमन्त सोरेन की सरकार ने राज्य हित में बेहतर कार्य कर रही है। संगठन को बूथ स्तर से पंचायत स्तर तक मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। ताकि आने वाले चुनावों में हम अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करते हुए लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में अपनी जीत दर्ज कर सकें। युवाओं को अधिक अवसर देने की जरूरत है ,ताकि उनकी ऊर्जा एवं सोच को आगे ले जाया जा सके।बैठक में सर्वसम्मति से कुलदीप महतो अध्यक्ष, तूफानी अंसारी,इकरार अंसारी उपाध्यक्ष, सरयू महतो संयुक्त सचिव,गांगो महतो संगठन सचिव,मुकेश महतो, हेमंत कुमार कोषाध्यक्ष,कार्यकारणी सदस्य संतोष सिंह,किशोर कुमार महतो , सफीक अंसारी,मजलूम अंसारी , पवन कुमार महतो,आशिफ अंसारी,किशोर महतो,कुंजलाल महतो,धनेश्वर महतो,गौतम कुमार को चुना गया ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

पीआईएस ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप संपन्न : शहाबुद्दीन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): बरियातू रांची स्थित पाम इंटरनेशनल स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप स्कूल के खेल शिक्षक एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षक मास्टर मोहम्मद शहाबुद्दीन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप में मुख्य जज की भूमिका में रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव मास्टर सैयद फारूक इकबाल उर्फ नदीम थे।रेफरी के तौर पर मास्टर मोहम्मद इस्माइल,सुमैया फातिमा,मंतशा आफरीन एवं महविश सारिया अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया। विजय प्रतिभागी इस प्रकार हैं-10 वर्ष के बच्चों के ग्रुप में जुवेरिया फातिमा गोल्ड मेडल, सरजील राजा गोल्ड मेडल, अफीफा इदरीश सिल्वर मेडल, माज अहमद सिल्वर मेडल, अलीजा,शिफा रिजवान, मोहम्मद अरहम एवं हुजैफा साजिद ब्रोंज मेडल,12 वर्ष के ग्रुप में अल्तमश अब्दाल,जोया नाज दोनों गोल्ड मेडल,इरशाद अंसारी, सारिका सरवर सिल्वर मेडल। चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजन सचिव मास्टर मोहम्मद शहाबुद्दीन ने सभी प्रतिभागियों को एवं रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन का शुक्रिया अदा किया वहीं स्कूल की प्रधानाध्यापिका लुबना फातिमा ने इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं आगामी जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप मे भाग लेने के लिए स्कूल के बच्चों को निर्देश दिया।

ग्लोबल इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड- 2023 से नवाजे गए समाजसेवी तुषार कांत शीट

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता और श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट को ग्लोबल इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है।उन्हें यह सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एमटीटीवी न्यूज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सुशील पाल एवं प्रबंध निदेशक आशीष व्यास द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।गौरतलब है कि शीट समाज सेवा के क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। विशेष रूप से कोरोना संक्रमण काल के दौरान उनकी सामाजिक गतिविधियां काफी सराहनीय रही है। जनहित के कार्यों के अलावा वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी समर्पित हैं।

जनसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रखंड कार्यालयों में सभी विकास कार्य बाधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनिश्चितकालीन हड़ताल

रामगढ़ : जनसेवक संवर्ग के हड़ताल के कारण सरकार की सभी विकास योजनाओं में बाधा आ रही है।विदित हो कि जनसेवक कृषि के साथ साथ अन्य सभी विभागों के कार्य भी करते हैं और पर्यवेक्षीय पदों पर आसीन हैं।ऐसे में उनके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से सभी प्रखंडों में विकास कार्य एवं आवश्यक सेवा के कार्य ठप पड़ गए हैं।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, जिसके कारण सभी प्रखंडों में आसपास सहित दूर दराज गांव से पहुंच रहे ग्रामीण कार्यालय बंद अथवा संबंधित के नहीं होने के कारण काम नहीं होने के बाद निराश घर लौट रहे हैं।लोग अपना काम कराने प्रखंड कार्यालय पहुंच तो रहे हैं। परंतु उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसेवकों के जगह पर तत्काल किसी को अतिरिक्त प्रभार भी नहीं दिया गया है, जिससे प्रखंड के कई कार्य बाधित हैं। प्रत्येक जनसेवक 2 से 3 विभागों के प्रभार में हैं ऐसे में किसी अन्य को उनका अतिरिक्त प्रभार देने में भी समस्या आ रही है। जैसे आपूर्ति अंतर्गत राशन कार्ड निर्माण, सुधार, और खाद्यान्न वितरण प्रभावित हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वृद्धा पेंशन, विधवा, दिव्यांग पेंशन, का कार्य प्रभावित हुआ है। बुजुर्ग इस भीषण गर्मी में असहाय होकर कार्यालयों से वापस हो रहे हैं। के सी सी, कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना जैसी कृषि और किसान हित की योजनाएं पूर्णतः ठप पड़ गई हैं।

पिंक ऑटो को हरी झंडी दिखाकर डीसी, डीडीसी ने किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो : जिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) योजना के तहत चिन्हित दो महिला लाभुकों क्रमशः चास प्रखंड के पिंड्राजोरा एवं चंदनकियारी प्रखंड की सबिता देवी/सबिता देवी को गुरुवार को डीसी कुलदीप चौधरी एवं डीडीसी कीर्तीश्री ने समाहरणालय परिसर में पिंक ऑटो का चाबी देकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना से अच्छादित होने पर दोनों लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) आरंभ किया गया है। इसी के तहत आज दो लाभुकों के बीच पिंट ऑटो का वितरण किया गया। उल्लेखनीय हो कि, इससे पूर्व भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अन्य लाभुकों के बीच भी योजना के तहत पिंक ऑटो उपलब्ध कराया गया। झारखंड सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का आरंभ किया गया है। सरकार द्वारा प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है।

शत शत नमन व विनम्र श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : सांडी रजरप्पा प्रोजेक्ट, झारखंड निवासी आजसू पार्टी के नेता सह समाजसेवी बिहारी चौधरी पंचतत्व में हुए विलीन। स्वर्ग बिहारी चौधरी के अंतिम यात्रा में शामिल हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी द्य मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज हमारा एक परिवार का अंग बिछड़ गया जिसकी भरपाई कर पाना बहुत ही मुश्किल है स्वर्गीय बिहारी चौधरी एक सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में पूरे रजरप्पा क्षेत्र में जाने जाते थे ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें द्य अंतिम यात्रा में शामिल सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी , समाजसेवी ज्योतिंद्र चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, नगर परिषद उपधायक्ष मनोज महतो, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो, मुखिया किशुन राम मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य गोपाल चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य कपिल मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य गोविंद मुंडा, सांसद प्रतिनिधि मुकेश सिंहा, रजरप्पा श्रमिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रविंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, जगदीश महतो, नगर सचिव नीरज मंडल, बिक्की चौधरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद हुऐ।

होमगार्ड बहाली जल्द करे उपायुक्त, टूट रहा अभ्यर्थियों के सब्र का बांध : गौतम

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : होमगार्ड बहाली हुए कई वर्ष बीत चुके हैं।लगभग सभी जिलों में बहाली की प्रक्रिया पूरी कर ट्रेनिंगभी पुरा कर जॉइनिंग भी कर चुके अभ्यर्थी।लेकिन हज़ारीबाग जिला का होमगार्ड बहाली अभी भी उम्मीद पर टिका हुआ है।हज़ारीबाग जिला में बहाली को लेकर 118 दिन लगातार अनिश्चितकालीन आन्दोलन भी चला।झारखंड के कई विधायक व मंत्री के साथ साथ कई समाजसेवी संगठन भी अभ्यर्थी को हक दिलाने के लिए आन्दोलन में सहयोग किये।पिछला वर्ष हजारीबाग उपायुक्त के उम्मीद पर 20 दिनों का आश्वाशन पर आंदोलन तोड़ा गया।लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभ्यर्थियों का सब्र टूटते नजर आ रहा है।होमगार्ड आंदोलन के नेतृत्व कर रहे आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा आंदोलनकारी गौतम कुमार को पूछे जाने पर कहा कि उपायुक्त नैंसी सहाय पर भरोसा था कि उनके पदभार ग्रहण करने के बाद बहाली की प्रक्रिया पुर्ण किया जाएगा।वे कई बार मीडिया व अभ्यर्थियों के बीच बोली कि सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार का आदेश आने पर बहाली दे दिया जाएगा।लेकिन वे भी इस मामला को ठंडे बस्ते में डाल रही।एक तरफ युवा बेरोजगारी की मार झेलना पड़ रहा वही अभ्यर्थियों को घर से भी ताना झेलना पड़ रहा।अगर उपायुक्त इन गरीब अभ्यर्थियों पर दया दिखाते हुए बहाली की प्रक्रिया पूर्ण करती तो हज़ारीबाग जिला के लिए इतिहास बनेगा।वही जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा की हम अभ्यर्थी के आंदोलन के साथ है,उनको उनके हक मिलना चाहिए।

मुख्य सचेतक सह विधायक की उपस्थिति में 20 को होगी रामगढ़ भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ की जिला कार्यकारिणी बैठक आगामी 20 मई को जिला कार्यालय रामगढ़ में पूर्वाह्न 11 बजे होना तय हुआ है जिसमे भाजपा सांसद एवं विधायक के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचेतक झारखंड विधानसभा सह बोकारो विधायक विरंची नारायण स्वयं उपस्थित रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी विज्ञप्ति के मध्यम से देते हुए भाजपा जिला महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने बताया की कार्यकारिणी बैठक में रामगढ़ भाजपा के सभी जिला पदाधिकारीगण,कार्यसमिति सदस्यगण,सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण,जिला में निवास करने वाले भाजपा के भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यगण,सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारीगण साथ में महा-सम्पर्क अभियान की मंडल टोली के संयोजक एवं सह संयोजक की मुख्य रूप से उपस्थिति रहेगी।

कार्यालय- झारखण्ड को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि०, रांची इन्दिरा पैलेस,हीनू

आवश्यक सूचना

उपर्युक्त विषयक सादर सूचित किया जाता है कि निबंधक सहयोग समितियां, झारखंड रांची के निदेशानुसार दिनांक 31.05.2023 को पुर्वाह्न 11.00 बजे झारखण्ड को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि0, रांची (इंदिरा पैलेस) के कार्यालय भवन में निदेशक बोर्ड के गठन के लिये मनोनयन हेतु विभाग को प्रतिनिधि का नाम प्रेषित किया जाना है। प्रतिनिधि का नाम चयन करने हेतु बैठक आयोजित की गयी है।

अतः अनुरोध है कि बैठक में ससमय भाग लेने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
प्रबंध निदेशक

PR 297724 Co-opretive(23-24).D

उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय गुमला (पंचायत शाखा)

आवश्यक सूचना

उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1159 दिनांक 15.05.2023 एवं झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग का पत्रांक 916 दिनांक 09.05.2023 के द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इन्टरमिडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्रेषित की गई है। उक्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 20.05.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से विकास भवन जशपुर रोड़, गुमला के सभाकक्ष में की जायेगी।

अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित एक–एक प्रति, हाल में खीचा गया दो (02) पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड/फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ उपस्थित हो। जाँच पत्रक एवं तत् संबंधित जानकारी www.gumla.nic.in पर दिये गए लिंक के माध्यम से Download किया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
गुमला

PR297715 (Panchayati Raj)23-24*D

समाहरणालय, चतरा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

Gmail - sport.chatra@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 21 मई, 2023 को कर्पूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम, चतरा में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित होगी तथा इस प्रतियोगिता में U-15 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल का प्रथम चक्र सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक हैं वे जिला खेल कार्यालय, चतरा से सपंर्क कर अपना नामांकन दर्ज करा सकते है। विशेष जानकारी के लिए श्री शिव कुमार साहु, प्रधान लिपिक, जिला खेल कार्यालय, चतरा मोबाईल नं0 7870238999 पर संपर्क कर सकते है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 297758 Tourism, Art Culture Sports
And Youth Affairs (23-24)D

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND Ph. No.: +91-651-2225878
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com CIN: U45200JH2013SGC001752

Project Name: **Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh.**
NIT No.: **JUIDCO/NIT/Ramgarh UWSS/536**
PR. No.: **295475**
Tender ID: **2023_UDD_69901_1**

This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

Corrigendum – 2

S. No.	Bid Document Ref.	Description	As per Tender Document/Corrigendum-1	As per Corrigendum – 2
1.	NIT	Last Date/Time for submission of online bids	18.05.2023 17:00 Hrs.	01.06.2023 17:00 Hrs.
2.		Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Hard Copy)	19.05.2023 17:00 Hrs.	02.06.2023 17:00 Hrs.
3.		Date & Time of Online Bid Opening	19.05.2023 17:30 Hrs.	02.06.2023 17:30 Hrs.

Sd/-
Project Director (Technical) JUIDCO Ltd.

PR 297689 Urban Development and Housing(23-24)D

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

राँची जिला अन्तर्गत उच्च विद्यालयों के लिए नवचयनित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों से संबंधित आवश्यक सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची के विभिन्न पत्रों के आलोक में राँची जिले के अन्तर्गत उच्च विद्यालयों के लिए नव चयनित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2023 को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना निर्धारित है । इस हेतु संबंधितों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2023 के प्रातः 07:00 बजे अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, राँची (शहीद चौक, फिरायालाल के नजदीक) से कार्यक्रम आयोजन स्थल, खेलगाँव, होटवार के लिए गाड़ी की व्यवस्था की गई है ।

सभी नवचयनित शिक्षक उक्त स्थल पर अचूक रूप से जिला स्कूल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रातः 09 बजे से पहले कार्यक्रम स्थल पर सभी को पहुँचाया जा सके । सभी नव चयनित शिक्षक/शिक्षिका यथासंभव ड्रेस कोड (पुरूष – Black Paint & Cream Shirt एवं महिला – लालपाढ़ क्रीम साड़ी) में आएगें। सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि पूर्ण अनुशासन अपनाते हुए विभागीय निदेशानुसार जारी नियम का पालन सुनिश्चित करेंगे।

विशेष परिस्थिति में निम्नांकित दूरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है–

1. श्री बिनय बन्धु कच्छप, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, मो0– 9661286565
2. श्री जयन्त कुमार, सहायक अभियंता, मो0– 9801306273
3. श्री प्रताप कुमार, एम0आइ0एस0 प्रभारी, मो0– 9430725151

जिला शिक्षा पदाधिकारी
राँची

PR 297616 Human Resource Developement (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call)
P.R. No.-293936 RURAL DEVELOPMENT (2022-23).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

गु० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	खूँटी जिला के खूँटी प्रखण्ड में सिल्डा कालामाटी पथ पर उराँव मसना के पास कॉंची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	4,00,87,700/–	8,02,000/–	10,000/–	18 माह
2	खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डुमरगड़ी के कोने बिरदा मुख्य पथ में बेलारी नाला पर पुल निर्माण।	3,07,22,400/–	6,14,500/–	10,000/–	18 माह
3	खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत टाटी नवाटोली इचा पथ पर टाटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	3,60,61,800/–	7,21,300/–	10,000/–	18 माह
4	खूँटी अन्तर्गत अड़की प्रखण्ड के खेसारी बेड़ा जिला से जोजो हातु पथ में बेड़ाहातु के पास मारंगलो नदी पर पुल निर्माण।	4,43,41,100/–	8,86,900/–	10,000/–	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –22/05/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –06/06/2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–09.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी 2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँचीं।
   3 e-Procurment Cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10/06/2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 297733 Rural Development (23-24)_D

जिला स्वास्थ्य समिति, राँची
सदर अस्पताल परिसर, राँची

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित किये जा रहे हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (HWCs) के लिए योग प्रशिक्षकों को सूचीवद्ध करने हेतु विज्ञापन

विज्ञापान संख्याः– 01/2023 साक्षात्कार की तिथि :– 26.05.20

राँची जिला अंतर्गत DRE 2023-24 अंतर्गत Comprehensive Primary Health Care (CPHC)-Wellness Activities at HWCs के आलोक में सभी Health & Wellness Centre में पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों का चयन कर योगा कार्यक्रम सुनिश्चित किया जाना है जिसके आलोक में इच्छुक योग प्रशिक्षक से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। Health & Wellness Centre का विवरण निम्नवत है :–

S.No	Name Of CHC's	Vacant Position In HWC's
1	Angara	AMBAJHARIA, HESALPIDHI, KASHIDIH, SIKIDARI ,BARWADAG, BISA, DIMRI, BURIDIH, JASPUR, KONTATOLI, KUCCHU, MERDHA, RAJADERA, PAIKA, TANTISINGARI
2	Bero	KHURKHRA, ITKI, HARHANGI, SERO, KARKARI, PATRATOLI, GARGAON, JAHANBAJ, GHAGRA, CHCHKOPI,
3	Bundu	HUTMA, BARIDIH, JARADIH, KANCHI, REHLADIH, SARJMDIH, BICHATTU, NAWADIH, SUMANDIH, TAIMARA, TI RILDIH, ARADIH, BARUHATU, DALKADIH, LAWGUA, MADHUKAMA,
4	Burmu	MURUPIRI, RAI, KHELARI, THAKURGAON, CHAINGADA, BEDWARI, LAPRA, OJHASARAM, HESALPIDHI, KANKA, NAWADIH, MAKKA, UMEDANDA
5	Chanho	TALA, KULLU, CHOREYA, LUNDRI, HURHURI, BAYASI, HONHE, RAGHUNATHPUR,
6	Kanke	HUSIR, KONGE, KAMRE, KATAKULLI , SUKURHUTTU, BUKRU, BUTTI, CHANDWAY, CHUTTU, GAGI, JIDU, KUMHARIYA, MANAHATU, MANHA, MESRA, MIRWA, PANDRA, PIRUTOLA, PITHORIA, RARAHA, SAHGRAMPUR, SIMILIA,SUGNU, URUGHUTTU,SUNDIL
7	Lapung	KAKARIYA,CHAMPADIH, DANEKERA, PANDU, KOASARA, DARI, JATALOYA, MAHUGAON, NAWATOLI, DOLARICHA,
8	Mandar	SAKRA, CHUND, HESMI, JAHIR, KARGE
9	Namkum	HAHAP , LALKHATANGA,CHANDAGHASHI, TUTIHARA,
10	Ormanjhi	DAHU,BARIDIH, BRAWE, CHARU, CHUTTUPALU, GUNJA, HARECHANDA,ICHADAG,JAIDIHA,KUCCHU,KULHI, KURUM, KUTTE, MADHUKAM, PISKA,RUKKA
11	Ratu	BARSA, ADCHERO, ARGORA, BALALONG, BANAPIRI, BARKHATOLI, BASILA,BIJULIA, CHIPRA,CHITERKOTA, GURU, HEHAL, HETAKOTA, HURHURI,JARI, KATU, MALMANDU, NICHIYATU, PALI, PUNDAG, TIGRA
12	Silli	HALMAD, MURI, RAMPUR
13	Sonahatu	DIRSIR, PARAMDIH, DULMI, MAHESHPUR, SERENGATU, TETLA, IRISERENG, RAHE, HESADIH, BASAHATU
14	Tamar	UMLESHA, PUNDIDIRI,PALNA,BADLA, NAWADIH, RABO, JILINGSERENG, KOKADIH, RADGAON, BASUCOHA, BHUIYADIH, BIRDIH, CHATGAON, CHIRUDIH, JAMUNPURI, JOPNO, KUBASAL, LUNGTU, MAJHIDIH, MANKIDIH, MURPA, PARASI, ULLIDIH, ULLILOHRA
15	Urban Ranchi	UPHC- Madhukam, Pandra, Hindpiri, Kantatoli, Tipudana

इच्छुक योग–प्रशिक्षक दिनांक **26.05.23** के संध्या 5.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ सिविल सर्जन, राँची के कार्यालय में निबंधत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते है अथवा स्वयं आकर हाथो–हाथ भी जमा कर सकते है।

साक्षात्कार :– साक्षात्कार **दिनांक 26.05.23 को प्रातः 10 बजे** से अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय मे आयोजित किया गया है जहां चयन समिति के समक्ष अभ्यर्थियों को योग–कला का प्रर्दशन करना होगा।

पारिश्रमिक :– योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सेशन के लिए रू0 **250**.00 पारिश्रमिक (Honorarium) दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। प्रत्येक माह आवंटित Health & Wellness Centre में 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा। प्रत्येक सत्र 2 घंटे का होगा।

योग्य प्रशिक्षक की योग्यता :– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टीफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेट बोर्ड (नई दिल्ली) से योग प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

चयन की शर्ते :– योग कार्यक्रम स्थानीय Health & Wellness Centre में किया जाना है अतः स्थानीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।

आवेदन पत्र :–आवेदन–प्रपत्र राँची जिला के बेवसाईट www.ranchi.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय राँची के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS राँची

PR 297762 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवदेन देने की अंतिम तिथि 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई

- नामांकन के लिए 30 मई को होगी चयन परीक्षा
- 07 जून को होगा फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन
- 12 जून से मेरिट लिस्ट के अनुरूप स्टूडेंट्स का होगा नामांकन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : राज्यवासियों की मांग पर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में नामांकन हेतु आवदेन देने की अंतिम तिथि 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई। अब नामांकन के लिए चयन परीक्षा 30 मई, 07 जून को फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन और 12 जून से मेरिट लिस्ट के अनुरूप स्टूडेंट्स का नामांकन होगा। अधिक जानकारी jepc. jharkhand.gov.in एवं उत्कृष्ट विद्यालय में संचालित हेल्प डेस्क से प्राप्त किया जा सकता है।

लिपिकों की प्रथम अर्धवार्षिक लेखा परीक्षा 2023 का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : राजस्व परिषद झारखंड, रांची से प्राप्त सूचना अनुसार जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की प्रथम अर्धवार्षिक लेखा परीक्षा 2023 के आयोजन निम्नवत निर्धारित की गई है =

1. दिनांक 24.06.23 (शनिवार) प्रथम पत्र-09 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक।

2. दिनांक 24.06.23(शनिवार)-द्वितीय पत्र-02 बजे से 05 बजे अपराह्न तक।

3. दिनांक 25.06.23(रविवार)-तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम-09 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न तक।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों द्वारा अपना आवेदन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर नियंत्रित पदाधिकारी से अग्रसारित कराकर स्कैन कर अंतिम तिथि 05.06.2023 तक ईमेल आईडी acexam-jhar1.2023dhn@gmail.com के माध्यम से अपना आवेदन समर्पित करेंगे।

धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के किया नामांकन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद हेतु अधिवक्ता राधेशयम गोस्वामी ने नामांकन किया। मौके पर सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे। उपस्थित अधिवक्ताओं ने राधेशयम गोस्वामी को फूल माला से लाद दिया और उनके समर्थन मे जम कर नारेबाजी की।

साथ ही चुनाव मे प्रचंड जीत के प्रति भी सभी आश्वाश्त दिखे। मौके पर अधिवक्ता विक्की बाबू, अमित मोदक, ललन गुप्ता, सोनू कुमार विश्वकर्मा, राहुल गोस्वामी, आकाश शर्मा, प्रीति सिंह समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

यात्रियों की सुविधा के लिए पटना से हावड़ा के लिए 01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु पटना और हावड़ा के मध्य दिनांक 21.05.2023 से 25.06.2023 तक प्रत्येक रविवार को गाड़ी सं. 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना सुपरफास्ट समर स्पेषल चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 02024 पटना-हावड़ा सुपरफास्ट समर स्पेषल 21.05.2023 से 25.06.2023 तक प्रत्येक रविवार को पटना से 05.30 बजे प्रस्थान कर 05.43 बजे पटना साहिब, 06.08 बजे बख्तियारपुर, 06.20 बजे बाढ़, 06.45 बजे मोकामा, 06.52 बजे हाथीदह, 07.13 बजे लखीसराय, 07.36 बजे जमुई, 08.21 बजे झाझा, 08.59 बजे जसीडीह, 09.20 बजे मधुपुर, 09.52 बजे जामताड़ा, 10.06 बजे चितरंजन, 10.39 बजे आसनसोल एवं 11.15 बजे दुर्गापुर रूकते हुए 13.25 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी संख्या 02023 हावड़ा-पटना सुपरफास्ट समर स्पेषल दिनांक 21.05.2023 से 25.06.2023 तक प्रत्येक रविवार को हावड़ा से 14.15 बजे प्रस्थान कर 16.08 बजे दुर्गापुर, 16.40 बजे आसनसोल, 17.14 बजे चितरंजन, 17.30 बजे जामताड़ा, 18.01 बजे मधुपुर, 18.26 बजे जसीडीह, 19.30 बजे झाझा, 19.50 बजे जमुई, 20.18 बजे लखीसराय, 20.38 बजे हाथीदह, 20.52 बजे मोकामा, 21.10 बजे बाढ़, 21.30 बजे बख्तियारपुर एवं 22.03 बजे पटना साहिब रूकते हुए 22.30 बजे पटना पहुंचेगी ।

चलन में रहने के बाद भी दुकानदार सिक्का लेने से करते है इंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के विभिन्न गांव और चौक चौराहे पर स्थित दुकानदार एक रुपया और दो रुपया के सिक्के लेने से इंकार कर रहे है जबकि भारत सरकार द्वारा अभी तक ये दोनों सिक्के चलन में है। सिक्के नहीं लेने की वजह से आम लोगो को दिक्कत होती ही है वही खाश करके स्कूली बच्चो को अधिक परेशानी होता है। कोई अगर 48 या 49 रूपये का सामान खरीदता है और 50 रुपया देता है तो वापसी में बाकि के रकम की जगह चॉकलेट या कोई दूसरी चीज वापस किया जाता है। यही नहीं अगर किसी ग्राहक के पास एक या दो रूपये के सिक्के है तो दुकानदार लेने से इंकार कर देता है कहता है की अब यह सिक्का नहीं चलता है अगर ये सिक्के नहीं चलते है तो ये सर्क्युलेशन में क्यों हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक ने ये साफ किया है कि सभी लोगों को बगैर किसी झिझक के एक और दो रूपये के सिक्कों को स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि ऋब्द्ध के मुताबिक मौजूदा ये सिक्के वैध हैं। ऋब्द्ध का कहना है कि लोगों की ज़रूरतों को देखते हुए समय- समय पर नए सिक्के चलन में लाये जाते हैं. सभी सिक्कों की विशेषताएं अलग होती हैं। जबकि भारत में वैध मुद्रा अस्वीकार करने वालों पर द्धक्ष्ट की धारा 498(ृ) से 498(श्व) के तहत राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। ऋब्द्ध के नियमो को अनदेखा करते हुवे जमुआ के ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानदार एक और दो रूपये के सिक्के को लेने से बेखौफ इंकार कर रहे है जो की नियम का उलंघन है।

पत्रकार पर गोलीबारी के विरोध में गोलबंद हुए धनबाद के पत्रकार, 20 मई को आक्रोश रैली

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : एक दैनिक खबर क्षेत्रीय रिपोर्टर प्रवीर महतो पर हुई गोलीबारी के विरोध में धनबाद के पत्रकार शनिवार को प्रेस क्लब झरिया से रणधीर वर्मा चौक तक आक्रोश रैली निकाल अपनी चट्टानी एकता का परिचय देंगे। इस आक्रोश रैली में झरिया प्रेस क्लब, धनबाद प्रेस क्लब के पत्रकार साथी शामिल होंगे। बताते चले कि बीती रात घर जाने के क्रम में दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार प्रवीर महतो पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाई। गंभीर स्थिति में उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल लाया गया जिसके उपरांत प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इस घटना पर रोष एवं दुख व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि इस सरकार में अपराधी बेलगाम हैं और उनका मंसूबा इतना बढ़ा हुआ है कि आए दिन कोयलांचल में रक्तपात लूटपाट की जा रही है। प्रशासन जल्द से जल्द इस घटना में संलिप्त अपराधियों को पकड़ कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाए। पत्रकार देश के चौथे स्तम्भ हैं। प्रवीर महतो पर हमला पूरे पत्रकार जगत के लिए चुनौती है। प्रेस क्लब झरिया के सचिव शैलेंद्र जायसवाल ने कहा कि पूरे राज्य में पत्रकारों पर कभी फर्जी मामले दर्ज किये जा रहे है तो कहीं जेल भेज दिया जा रहा है और अब गोली भी चल रही है। हमें आपसी भेदभाव भुला कर अपनी एकता का परिचय देने का समय आ गया है।

थम नहीं रही है कोयला तस्करी, जान जोखिम में डालकर तस्कर करते हैं कोयले की तस्करी



प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न भागों में कोयला तस्करी बदस्तूर जारी है सूरज उगने से पहले से लेकर दिन के 8:00 बजे तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मार्गो जैसे जोरासाख बरहमसिया पथ, कोवाड़ बरहमसिया पथ, द्वारपहरी करमाटांड़ पथ पर इन दिनों बैल गाड़ियों एवं मोटरसाइकिलों से कोयला तस्करी करने वालों का झुंड देखा जा सकता है। अलबत्ता ये तस्कर जान जोखिम में डालकर कोयले की तस्करी करते हैं जहां एक मोटरसाइकिल में हजारों किलो कोयले लदे होते हैं वही कोयले की बोरी पर सर्कस की भांति एक व्यक्ति बैठकर एवं दूसरा फराटे दार मोटरसाइकिल चलाते हुए रास्ते में गुजरते हुए देखा जा सकता है। भगवान न करे यदि इतनी बोझ लदी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाए तो एक नही बल्कि दो जिंदगी खतरें में पड़ सकती है। समय रहते यदि इस पर रोक नहीं लगाई जाती है तो निश्चित ही बड़ी घटना घट सकती है।

चुनावी वादों को पूरा करने में टुंडी विधायक अव्वल

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

टुंडी : टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अथक प्रयासों से टुंडी के विभिन्न जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े सड़कों का कायाकल्प होना आरंभ हो गया है कुछ का शिलान्यास हो चुका है वहीं कुछ का बहुत जल्द शिलान्यास होना है। प्राप्त समाचार के अनुसार प्रतापपुर सर्रा पथ का सर्वे का काम लगभग पूरा हो चुका है इस सड़क के सर्वे होते ही विधायक के प्रति लोगों का विश्वास जगा है वहीं विधायक के गुणगान करते लोग नहीं थकते। इस सड़क के बन जाने से दूरी तो कम होगी ही साथ में आम जनताओं का समय भी बचेगा एवं लोग रोज़गार से भी जुड़ेंगे। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के समय विधायक के द्वारा जनताओं से किए गए वादे पूरे किए जा रहे हैं सुदूरवर्ती इलाकों को सीधे एन एच से जोड़ने का काम इनके द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व जियाजोरी मधुरसा पथ जो कि सीधे टुंडी प्रखंड मुख्यालय को जोड़ता है वहीं प्रतापपुर, पाण्डेयडीह बेजराबाद होते कटजीरा,मधुरसा पथ का सबकुछ हो चुका है। अब इन सड़कों पर काम भी आरंभ हो जायेगा। गौरतलब है कि जब मथुरा प्रसाद महतो खाद्य आपूर्ति मंत्री थे तब इन्होंने बहुतों राशनकार्ड गरीबों के लिए बनवाया था और जब ये शिक्षा मंत्री थे तब इन्होंने करीब सैकड़ों विद्यालयों को उत्क्रमित किया था। इनके प्रयासों से टुंडी में हर प्रकार की विकास हुआ है। अपने चुनावी वादों पर खरा उतरने के साथ पूरे झारखंड में अव्वल है एवं रविवार के दिन भी जनताओं के सेवा क्षेत्रों में रहते हैं।

नौजवान कमिटी ने की भुगतान दर के नए नियम पर पुनर्विचार की मांग

बिजली जीएम को सौंपा ज्ञापन, विधायक राज सिन्हा भी थे मौजूद

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : नौजवान कमिटी, पुराना बाज़ार के संस्थापक सदस्य एवं पुराना बाज़ार चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान एंड टीम ने धनबाद विधायक राज सिन्हा की मौजूदगी में बिजली कनेक्शन में किलोवाट के भुगतान दर के नए नियम पर पुनर्विचार कर नियम में बदलाव करने की माँग को ले कर बिजली जीएम हरेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। सोहराब खान ने कहा की नए नियम में जितना किलोवाट बढ़ाया जाएगा विभाग उतने का ही पैसा ले। जबकि नए नियम के अंतर्गत यदि किसी का पाँच किलोवाट लोड का कनेक्शन है और एक किलोवाट लोड बढ़वाने पर नए दर से छह किलोवाट का भुगतान करना होगा और अगर पूर्व की निर्धारित किलोवाट की भुगतान रशीद है तो फिर वो जमा रकम को माइन्स कर दिया जायेगा। सोहराब खान ने बताया की जिन उपभोक्तओं का पहले के लोड का भुगतान रशीद कही गुम हो गया हो तो फिर मौजूदा किलोवाट का पूरा भुगतान उपभोक्तओं को करना होगा जो बिलकुल भी न्यायसंगत नहीं है। विभाग को इस नियम पर पुनर्विचार करके नियम में बदलाव करना चाहिए। उधर बिजली जीएम हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा की मौजूदा हालात से विभाग के आला अधिकारिओं को अवगत करवा दूँगा। वहीं धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की व्यवसायीयों एवं उपभाक्ताओं के सहूलत के अनुसार नियम बनाए जाने की आवश्यकता है। व्यवसायीयों एवं उपभाक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ ना पड़े इनके लिए संबधित मंत्री से मुलाक़ात कर के समस्या के समाधान का प्रयास करूँगा और जरूरत पड़ी तो विधानसभा में इस समस्या को उठाऊँगा। जीएम से मुलाक़ात करने वालों में राज सिन्हा, सोहराब खान, इमरान अली, रोहित सरावगी, अजय कांत, संतोष आदि उपस्थित थे।

जंगली नील गाय के मांस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गावां/गिरिडीह : गावां थाना क्षेत्र के धनेता गांव में वन विभाग की टीम ने जंगली नील गाय के मांस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी धनेता गांव निवासी शुक्रर उर्फ गुड्डू भूला है। वह जंगल से नील गाय के बच्चा को मारकर धनेता के एक झोपड़ी में उसका मांस को बेच रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को मिली।

कांग्रेस नेता शेख गुड्डू के समर्थकों ने फूका जिला अध्यक्ष का पुतला

संतोष को जब तक कांग्रेस निष्कासित नहीं करती तब तक विरोध जारी रहेगा : चंडी गयाली

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद कांग्रेस में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है नए पदाधिकारियों के चयन का विवाद अभी थमा ही नहीं था कि बाघमारा प्रखंड क्षेत्र से कांग्रेस नेता शेख गुड्डू के समर्थकों ने जिला अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, दूसरी बार जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के खिलाफ पुतला दहन किया गया । वही रणधीर वर्मा चौक पर पुतला दहन करने पहुंचे शेख गुड्डू के सैकड़ों समर्थकों के साथ से शेख गुड्डू समर्थक चंडी गयाली ने कहा कि संतोष सिंह कांग्रेस का चोला पहनकर बीजेपी के लिए काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संतोष सिंह को जब तक कांग्रेस पार्टी निष्कासित नहीं करती तब तक विरोध जारी रहेगा।

टुंडी के कर्माटांड स्थित डिग्री कॉलेज का बिनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी के टीमों ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : पश्चिमी टुंडी के करमाटांड स्थित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का आज बिनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी के टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का भवन बन कर तैयार हो चुका है और इस सत्र में पठन पाठन का कार्य प्रारंभ होने वाला है। कुछ माह पूर्व ही छः सदस्यीय टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया था जिसमें कुछ कार्य अधूरा रहने पर उसे जल्द पूरा करने का दिशा निर्देश जारी किया गया था। आज भी टीमों द्वारा संतोष जनक कार्य नहीं देखने पर फिर से कामों को जल्द पूरा करने का निर्देश जारी किया गया और कहा गया कि जितना जल्दी हो सके हैंड ओवर किया जाएं। बहुत जल्द तीनों संकायों की पढ़ाई प्रारंभ हो वालीं है वैसे भी राज्य सरकार का आदेश निर्गत किया गया है कि डिग्री कॉलेज में इसी सत्र से शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएं निरीक्षण के क्रम में डाक्टर इन्दजीत कुमार,सीसी डीसी डॉ अशोक कुमार , डॉ शैलेन्द्र कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

भाकपा माले ने शुरू किया 'सीसीएल पानी दो' मुहिम

- 22 मई को जीएम के समक्ष मांग-पत्र सौंपने का कार्यक्रम।
- जल संकट पर आज पपरवाटांड़ इलाके में लिया गया जायजा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : सीसीएल के आसपास के इलाके में व्याप्त जल संकट के बीच आज भाकपा माले ने 'सीसीएल पानी दो' मुहिम प्रारंभ करते हुए व्याप्त जल संकट को लेकर विभिन्न गांवों का दौरा शुरू किया। आज महेशलुंडी पंचायत के पपरवाटांड़ के दोनों टोलों में जाकर लोगों से मुलाकात कर उनके साथ बैठकें की गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि, विधायक अनुसंशा से कई वर्ष पूर्व उनके यहां बनाई गई लघु जलापूर्ति योजना आज तक शुरू नहीं हुई है। सौर आधारित बोरिंग और टंकी निर्माण हुआ है लेकिन वह भी यहां की जरूरत के अनुसार नाकाफी साबित हुआ है। अधिकांश लोग गांव के बाहर बहने वाले नाले के गंदे पानी के ऊपर निर्भर हैं। गांव में कुछ कुएं भी है जो गर्मी में सूख जाते हैं तथा मरम्मती के अभाव में जर्जर तथा बारिश का पानी घुस जाने से गंदा होकर किसी काम के नहीं रहते, फिर भी मजबूरी में उस पानी का उपयोग किया जाता है।

कांग्रेस का प्रथम कार्यकारिणी बैठक व शपथ ग्रहण समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वामी सहजानंद सरस्वती ट्रस्ट भवन में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रथम कार्यकारणी की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्म करने वाला आदमी ही लक्ष्य को हासिल करता है। सभी को संगठन में मजबूती के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी सक्रिय एवं उर्जावान लोगों को जगह दी जाएगी। साथ साथ मिशन 2024 के तहत सभी पदाधिकारियों को संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने का संकल्प एवं सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, मदन महतो, वैभव सिन्हा, मनोज यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, ललन चौबे सहित सभी संगठन-मोर्चा के अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड-नगर के अध्यक्षगण एवं सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

बाघमारा प्रखंड परिसर में पंचायत स्वयं सेवकों ने दिया धरना

जांच कमिटी बनाई जाएगी : सीओ

बीडीओ जिला मुख्यालय में रहने के कारण अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह से वार्ता हुई, जिसमें सीओ ने कहा की समस्या की निदान के लिए जांच कमिटी बनाई जाएगी, जांचों उपरांत बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान की जाएगी तथा सभी स्वयं सेवक को सुचारु कार्य आवंटन किया जाएगा ।

बीडीओ की अनुपस्थिति में सीओ ने किया वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बाघमारा : बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर में बांसजोड़ा और मधुबन ग्राम पंचायत के स्वयं सेवक ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए स्वयं सेवक मनोज कुमार सेन ने कहा कि बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति उन्हें पीएम आवास के लाभुक से पैसे वसूली का दबाव डाल रहे थे, एवम गलत तरीके से घर का जियो टेक करवा रहे थे इसके गलत कामों का विरोध करने पर मेरा काम किया हुआ प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं करने लगा और मेरा आई डी बंद कर दिया तथा मुझे मेरे कामों से हटा दिया । कार्यक्रम में ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो उपस्थित थे उन्होंने बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति पर पद का दुरुपयोग कर मनमानी करने का आरोप लगाया और कहा कि बगैर अभियोग की पुष्टि हुए कैसे इन दोनो स्वयं सेवक को बीडीओ ने सेवा से वंचित कर रहे है ।कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शंकर महतो, विकास महतो अजय महतो, गौतम कुमार, श्यामलाल महतो, राजेश यादव, विशाल कुमार, चंदन महतो, सुरेश रविदास, संजय चौधरी, उपेंद्र महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : समीर उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला कार्यसमिति की बैठक बख्शिडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुई जिसमें मुख्य रुप से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राजसभा सांसद समीर उरांव, गणेश मिश्रा जिला प्रभारी मनोज मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, अजातशत्रु प्रदेश मंत्री भाजयुमो उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव ने किया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन वंदे मातरम के गीत के साथ बैठक शुरू हुई । मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा माननीय समीर उराँव ने कहा कि 1 माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर विगत 9 वर्षो जन भावनाओं के सम्मान में किए गए कार्यो से लाभान्वित हुए लोगों से संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। भारत भावनाओं का देश पर हमारे देश के प्रधानमंत्री जन भावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए समाज में बैठे अंतिम व्यक्तियों के कार्य एवं आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का निर्माण कर कार्यान्वयन किया है। चाहे हम जिस क्षेत्र की बात करें शिक्षा, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, सड़क सहित अन्य। जनभावनाओं से जुड़े राम मंदिर निर्माण, 370 धारा का खत्म कर एक देश एक निशान, एक परिधान,एक विधान लागू हुआ। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है। गणेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। जिससे कार्यक्रम में शतप्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। अपने कार्यो का प्रचार प्रसार भी आवस्यक है।और हमारे मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार विगत 9 वर्षों में ऐसे कार्यो को जिसके लिए कितने संघर्ष हुए महान व्यक्तित्व ने बलिदान दिया। उनके सपनों को पूरा किया गया है। हमें लोगों की भाव की पूर्ती के लिए पुनः संकल्पित होकर अभियान में स्वयं आगे आकर जुड़ना होगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किया गया जिसमें मोर्चा सहित सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई। लाभार्थी सम्मेलन, मोर्चा और जिला कार्यसमिति संयुक्त सम्मेलन, वरिष्ठ नागरिकों वार्तालाप, संयुक्त व्यवसायी बैठक, 23 जून को बलिदान दिवस, 25 काला दिवस सहित अन्य कार्यक्रम होगें। बैठक मे पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद एवं राजमोहन राम, उपाध्यक्ष नीरज कुमार हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, मंत्री अनिल उरांव, मीना बाखला, भारती सिन्हा सरिता देवी, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार दिलीप पटनायक, सुदामा प्रसाद, नवीन कुमार साहू, सूरज दसोधी, मुकेश साहू, विवेक सोनी, अमरेश भारती, बजरंग उराँव, नासिर हुसैन, नजीर आलम, भीखराम उराँव, प्रकाश नायक, सुरेश बैठा, प्रकाश नायक, अमित लोहरा, अशोक साहू, यदुनंदन तिवारी, धनंजय तिवारी, बाल्मीकि कुमार, सुधांशु साहू, विवेक चौहान, प्रदीप सिंह, सहित अन्य शामिल थे।

भारतीय जनता पार्टी
जिला -लोहरदगा, झारखण्ड
जिला कार्यसमिति बैठक

अंचल निरीक्षक के आकस्मिक निधन पर किया गया शोकसभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : किस्को प्रखंड में कार्यरत अंचल निरीक्षक का बीते शाम सड़क दुर्घटना मे निधन पर गुरुवार को सेन्हा प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने शोकसभा का आयोजन कर दिया श्रद्धांजली किस्को अंचल में कार्यरत अंचल निरीक्षक जगरनाथ उराँव का बीते शाम सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। जिज़ निमित सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। शोक संवेदना के पश्चात प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा कार्यालय का दैनिक कार्य प्रारम्भ किया गया। कामकाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि बुधवार को किस्को अंचल कार्यालय से लोहरदगा आने के दौरान बंजार किस्को के समीप सड़क दुर्घटना मे अंचल निरीक्षक जगरनाथ उराँव का मौत हो गया। जिस खबर से पूरे जिले के पदादिकारी स्तब्ध रह गए। अंचल निरीक्षक सामाजिक तथा मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। जिस कारण आम जनो से भी गहरा लगाव था। वही अंचल निरीक्षक का असामयिक निधन के समाचार सुन लोगों ने शोक संवेदनाएँ प्रकट किया है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मौके पर सीओ विजय कुमार, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता, बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत, बिनेश्वर उराँव, रामा महतो, रीना देवी, जनक साहु, विकास कुमार के अलावे प्रखंड और अंचल कर्मी मौजूद थे।

ससमय आवास का निर्माण कार्य पूर्ण करें सभी लाभुक : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अन्तर्गत लाभको की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभको के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रत्येक गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या का समाधान के लिये बैठक आयोजित होगा। जिसमें ईट, बालू या अन्य सामग्री के कारण आवास निर्माण कार्य मे किसी तरह की परेसानी हो रही है। तो लाभुक अपनी अपनी समस्या रखेंगे जिसे समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ ही कहा कि अगर पूर्व का आवास निर्माण कार्य लम्बित है। तो अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आवास नही मिल पायेगा। इस लिये सभी लाभुकों 30 जून तक ससमय आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने का आवश्यक निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि जो लाभुक आवास नही बनाते हैं। तो लाभको को दिया गया अग्रिम राशि को शुद्ध के साथ सरकार को वापस करना होगा। साथ ही सर्टिफिकेट केश कर नियम संगत कानूनी करवाई करने की बात कही गई। तथा जनसेवक को निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी लाभुकों को नोटिस के माध्यम से आवास निर्माण के लिये सूचना देने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया कमला देवी, जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, जनसेवक उमेश कुमार, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार,स्वयं सेवक विजेता मिश्रा के अलावे सुनील यादव, बरतु महतो, मंगलेश्वर कुजूर, सूर्यभूषण मिश्रा, कपिन्द्र चिक बड़ाइक, बुदेश्वर उराँव, बिनोद यादव सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

आम बागवानी का निरीक्षण कर बीडीओ ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के तोड़ार पखनटोली में बीडीओ ने आम बागवानी का निरीक्षण कर पौधा लगाने का दिया निर्देश। लोहतदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत का तोड़ार पखनटोली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के मध्यम से धुरती उराँव, संजय उराँव, बिपता उराँव और संतोषी तिग्गा का 4 एकड़ जमीन में मिश्रित आम बागवानी खेती का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा गड्ढा खुदाई करने के पश्चात पौधा लगाने और दवा,खाद डालने तथा घेराबंदी करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 2 सौ एकड़ भूमि में मनरेगा द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी का कार्य करने का लक्ष्य है। मौके पर जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार मौजूद थे।

दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : दामोदर बचाओ आंदोलन कार्यक्रम निमित्त युगांतर भारती द्वारा आयोजित गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर 30 जून को दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में कार्यक्रम आयोजन हेतु बड़की चापी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर के सभागार में महोत्सव के अध्यक्ष राम स्वारथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें चुलहा पानी की सफाई, भोजन, सड़कों की मरम्मत, प्रचार-प्रसार व कार्यक्रम में झारखंड के महामहिम सी.पी .राधा कृष्ण के आने की संभावना को लेकर चर्चा हुई। बैठक में आंदोलन के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, युगांतर भारती जिला संयोजक बालकृष्ण सिंह, संजय बर्म्मन, भूषण प्रसाद, सुभाष यादव, सुरेंद्र प्रजापति, हरि साहू, जयनारायण प्रजापति, यदुनंदन तिवारी, ब्रीगू नंदन तिवारी, दुबराज वर्मा, विनोद मुंडा, लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव, रविंद्र उराव, मनोहर मोदी, मनोहर ठाकुर आदि समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित उपस्थित थे। अगली बैठक बड़की चापि स्थित शिशु मंदिर में 20 मई को दिन के 10:30 बजे दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सह विधायक सरयू राय के साथ होगी।

बानो में दो एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को मिली अनुमति

21 को हरी झंडी दिखा रवाना करेंगे, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयास से बानो क्षेत्र सहित सिमडेगा जिला वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी। बानो रेलवे स्टेशन में 21835/12836 हटिया SMVT बेंगलुरू एक्सप्रेस एवं 13424/13426 मालदा सूरत एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की अनुमति रेल मंत्रालय से मिली है । गौरतलब है कि काफी दिनों से क्षेत्र की जनता इन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रही थी, क्षेत्र की जनता की मांग पर पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्री से मिलकर इन ट्रेनों के ठहराव की मांग की थी मांग पूरी होने पर क्षेत्र की जनता ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है और कहा कि हमारी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई। दिनांक 21.05.2023 दिन रविवार समय शाम 7:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बानो रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, इसे लेकर रेल मंत्रालय एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।

40 वर्षीय लोहरदगा जिला का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया : रामचंद्र गिरि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला आजसू पार्टी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने कहा कि लोहरदगा जिला बने 40 वर्ष हो गए किंतु इस जिले का अब तक अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। इन 40 वर्षो में कितनी सरकारें बनी और बदली, कितने उपायुक्त आए और गए पर लोहरदगा जहां था आज भी वहीं खड़ा है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि यह सत्य है कि लोहरदगा को जिला बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ रांची के पूर्व सांसद और लोहरदगा के सर्व प्रतिष्ठित शिव प्रसाद साहू को है। वे कांग्रेस के बड़े लीडर थे और बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में चाहे जगरनाथ मिश्रा हों, बिंदेश्वरी दुबे हों या भागवत झा आजाद हों सबसे इनका निकटतम संबंध था । वे चाहते तो लोहरदगा जिला को विकास के मॉडल के रूप में राज्य के उच्च पटल पर ला सकते थे। यहां की सबसे पुरानी मांग अगर रही है तो वह बॉक्साइट आधारित कारखाना की रही है, किंतु इस ओर उनका ध्यान कभी नहीं गया। झारखंड बनने से पूर्व लोहरदगा के 2 विधायकों स्वर्गीय इन्द्रनाथ भगत और स्वर्गीय भूखला भगत को बिहार का कैबिनेट मंत्री भी बनने का मौका मिला मगर लोहरदगा के विकास में इनका भी योगदान स्मरणीय नहीं रहा। झारखंड बनने के बाद भाजपा के कद्दावर और जुझारू नेता सपनु भगत को कैबिनेट मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण विभाग मिले किंतु इनका भी लाभ लोहरदगा को नहीं मिला। आगे चलकर लोहरदगा को नेतरहाट विद्यालय प्रोडक्ट सुखदेव भगत जो डिप्टी कलेक्टर रहे ,विधायक के रुप में मिले। उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति को अपना विधायक पाकर लोहरदगा वासी बहुत खुश हुए किंतु सुखदेव भगत जी भी लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले को विकास के पथ पर आगे ले जाने में सक्षम नहीं हो पाए । तभी लोहरदगा की जनता ने कांग्रेस और भाजपा किनारे कर आजसू पार्टी के जुझारू नेता कमल किशोर भगत को विधायक के रूप में चुना। कमल किशोर भगत के पास लोहरदगा जिला के विकास का विजन था। उन्हीं के कार्यकाल में पेसरार जैसे सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में आवागमन हेतु पथ निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई और कई विकास के कार्य हुए जिसे आज भी लोहरदगा की जनता याद करती है। महिला मंडल का गठन कर पूरे झारखंड में एक मॉडल के रूप में इसे विकसित करना और महिलाओं को घर से बाहर निकाल कर समाजिक एवं राजनीतिक मुख्यधारा में जोड़ना इनकी बहुत बड़ी उपलब्धि रही किंतु उनका भी कार्यकाल बहुत छोटा रहा और जिस गति से लोहरदगा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाह रहे थे वे बढ़ा नहीं पाए। वर्तमान में पुनः एक बार उच्च शिक्षा प्राप्त कांग्रेसी नेता रामेश्वर उरांव जी को लोहरदगा की जनता ने विधायक के रूप में कमान सौंपी और उन्हें झारखंड के वित्त मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण विभाग के मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।और लोहरदगा की जनता क्षेत्र के विकास के प्रति आश्वस्त हुई। किंतु इस बार भी लोहरदगावासियों का सपना चकनाचूर होता दिखा। सांसद के रूप में ललित उरांव, इन्द्रनाथ भगत प्रो दुखा भगत और वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत लोहरदगा को मिले परन्तु उनका कार्यकाल भी ऐसा नहीं रहा जिसके लिए लोहरदगा वासी इतरा पाते। झारखंड अलग होने के समय लोहरदगा के भाजपा के कद्दावर नेता प्रवीण कुमार सिंह को बिहार विधान परिषद का सदस्य बनने का मौका मिला किंतु झारखंड के दृष्टिकोण से इनका कार्यकाल भी मात्र 7 माह ही रहा बाकि का 5 वर्ष 5 महीना वे बिहार के विधान पार्षद के रूप में कार्य किए । इनके मन में लोहरदगा के विकास का विजन तो था,विजन को पूरा करने में यह सक्षम भी थे किंतु बिहार के विधान परिषद सदस्य होने के कारण वह भी लोहरदगा के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाए। हां लोहरदगा की एकमात्र उपेक्षित महिला इंटर कॉलेज में सभागार गुदरी तालाब स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में निर्माण कार्य चुन्नीलाल उच्च विद्यालय,मंजूर मती उच्च विद्यालय आदि जगहों में इस अल्प समय में ही इन्होंने स्मरणीय कार्य किया।

कैम्प में सलगी के ग्रामीण जनताओं ने बिजली बिल ब्याज माफी योजना का उठाया लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : कुडू प्रखंड के पंचायत सलगी में आज ब्याज माफी योजना के तहत सलगी के पंचायत भवन के सामने कैम्प लगाकर बिजली विभाग के अधिकारियों विजय कुमार, ताहिर खान,रजी अंसारी के द्वारा कैंम्प लगाया गया। इस कैम्प में सलगी के ग्रामीण जनता ने बिजली बिल माफी योजना का उठाया लाभ बहुत सारे ग्रमिणों जनताओं ने उपस्थित होकर पैसा जमा किया और बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा रसीद प्राप्त दिया गया।बिजली विभाग के सभी अधिकारियों के द्वारा कहा गया कि जिस तरह से सलगी पंचायत में बिजली उपभोक्ताओं का संख्या है उस तरह से बिजली बिल वसूली नहीं हो पा रहा है जबकि आज सरकार के गाइडलाइन के अनुसार आज सलगी पंचायत में कैंप लगाया गया और पूर्ण रूप से ग्रामीण जनता उपस्थित नहीं होना या बिजली उपभोक्ताओं का अलसी दर्शाता है। बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीण जनता से अनुरोध करता है कि आप सब इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं क्योंकि सरकार के द्वारा बिजली बिल माफी योजना का कार्य प्रारंभ है आप सब जितना जल्द हो इस योजना को लाभ लेने के लिए बिजली बिल जमा कर साथ ही साथ100 यूनिट बिजली फ्री लेने के लिए अपना बीजली बिल जरूर जमा करें।

शिक्षाविद डॉ. करमा उरांव को दी गई श्रद्धांजलि

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू और आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू ने शिक्षाविद डॉ करमा उरांव के निधन पर गहरा शोक संवेदना प्रकट करते कुडू के पड़हा भवन में उनके आत्म के शांति के लिय 2 मिनट का मौन रखा, आदिवासी समाज के रीढ़,प्रख्यात मानवशास्त्री, शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव का 14 मई 2023 को सुबह देहांत हो गया था 4 दिन पूर्व उन्हें मेदांता हॉस्पिटल में ढ्ढष्ट में इलाजरत थे। आदिवासी समाज सहित झारखंड,भारत देश और पूरी दुनिया के लिए यह अपूर्णीय क्षति है। दुनिया में उनके योगदान और उत्कृष्ट कार्यो के कारण वे हमेशा हमारे दिलों में अजर अमर रहेंगे। वर्तमान सरना धर्म कोड सहित झारखंड की कई समस्याओं को लेकर वह लगातार आंदोलनरत थे। दो दर्जन देशों में भ्रमण कर दुनिया का मार्गदर्शन कर चुके हैं। सरना मां उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा उनके परिवार तथा समाज को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दे। बाबा करमा उरांव को भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दिया, मुख्य रूप से राजी पाढहा सरना पार्थना सभा कुडू के अध्यक्ष शनि भगत, सचिव जतरू उरांव, कोषाध्यक्ष बन्ना उरांव,मीडिया प्रभारी बिन्देश लकड़ा, ऋतु लकड़ा, आदिवासी छात्र संघ कुडू अध्यक्ष अवधेश उरांव, मीडिया प्रभारी अमित उरांव सदस्य अनुप टाना भगत, सुनील मुंडा, रविंद्र उरांव, रूपनरायन उराँव, फल्गु उराँव, सुधीर उराँव, गोपाल उराँव, शुशीला उराँव, सधवा उराँव, मनिला उराँव, नेहा उरांव, सरस्वती उराँव, सबिता उराँव, आदि मौजूद रहे।

आईस्क्रीम बेचने निकला अधेड़ 4 दिनों बाद भी नही लौटा घर



लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): मामला सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की है जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति रियासत अंसारी पिछले 4 दिनों से लापता है। लापता व्यक्ति के घर वालो ने बताया कि विगत 15 मई सोमवार को वह आइसक्रीम बेचने के लिए निकला था पर शाम तक घर वापश नही लौटा काफी खोजबीन के बाद लापता व्यक्ति का कुछ पता नही चल पाया। वही पुत्र हैदर अंसारी ने गुरुवार को लिखित आवेदन सदर थाना में देते हुए लापता पिता की खोजबीन की मांग की है रामपुर ग्राम निवासी रियासत अंसारी 60 वर्षीय जो कि जन्म से ही गूंगा बहरा है ना सुन पाता है न ही बोल पता है। लोगो ने बताया कि वह व्यक्ति सिर्फ इसारो की भाषा समझता था जिसका अभी तक काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया है। वही परिवार वालो ने पुलिस साथ साथ स्थानीय लोगो से भी मदद की गुहार लगाई है अगर यह व्यक्ति कही दिखे तो मोबाइल नंबर 9608875811 पर सम्पर्क किया जा सकता है। ऐसे ही एक मामला सदर थाना क्षेत्र के बकरनी गांव की है जहाँ किसुन दयाल उरांव नामक व्यकि पिछले 25 मार्च से ही लापता है जिसकी भी काफी खोजबीन के बाद अभी तक उसका भी पता नही चल पाया है।

सांसद सुदर्शन भगत सिंह आज तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का करेंगे शिलान्यास

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): शुक्रवार लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया जाएगा। केंद्र सरकार के द्वारा लगातार ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मती का कार्य चल रहा और लोहरदगा लोकसभा के सांसद ने ग्रामीण और शहरी सड़कों,को प्राथमिकता से सुदृढ़करण का कार्य अपने प्रयास लगातार कर रहे हैं। कई अन्य सड़कें बन रही जो केंद्रीय योजना अंतगर्त है। जीमा से बराठपुर, मन्हो से भक्सो मोड़,भक्सो से ऐने,नदी नगड़ा, बाघी पथ कुल तीन पथों के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। बराठपुर में - जीमा से बराठपुर पथ का शिलान्यास समय-10:30 बजे पूर्वाह्न। मन्हो में-मन्हो से भक्सो मोड़ पथ का शिलान्यास समय-11:30 बजे पूर्वाह्न। भक्सो से एने, नदी नगड़ा, बाघी पथ का शिलान्यास समय-12:30 बजे अपराह्न। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहेगें। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस ने दी।

13 वें हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची में

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 12 से 22 जून 2023 तक राऊरकेला ,उड़ीसा में आयोजित 13 हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड पुरुष हॉकी टीम के गठन हेतु हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल दिनांक 27 मई 2023 को पूर्वाहन 08ः00 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची में होगी। चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म तिथि 01 जनवरी 2004 या उसके बाद हुई है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है बे हॉकी इंडिया द्वारा जारी किए गए हैं फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा चंजोपराज्त उम्र पात्रता प्रमाण पत्र तथा जिस विद्यालय में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे है उस विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनोफाईड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

रक्तचाप साइलेंट किलर : डॉ. राकेश कुमार



कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कैरो प्रखण्ड से आजकल भाग-दौड़ भरी जिंदगी और खराब लाइफ स्टाइल के कारण कई अनगिनत समस्याएं उत्पन्न हो रही है। उसी में से एक है हाई ब्लड प्रेशर जिसे हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप के नाम से भी जानते हैं। वर्तमान समय में यह समस्या आम हो चुकी है और लगभग हर घर में इसके पेशेंट देखने को मिल जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे लोगों की कुल संख्या लगभग 1.3 बिलियन है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दुनियाभर में हाई बीपी से बड़ी संख्या में लोगों की जाने जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में 1.28 अरब लोग हाई बीपी के शिकार है.46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें हाई बीपी यानी उच्च रक्तचाप की बीमारी है, दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले 80 फीसदी लोगों को भारी खतरा है जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। आपके शरीर का ब्लड प्रेशर दो चीजों से निर्धारित होता है- ह्रदय द्वारा पंप किए गए ब्लड की मात्रा और धमनियों में ब्लड- फ्लो के खिलाफ प्रतिरोध। ऐसे में आपका ह्रदय जितना ब्लड पंप करता है और आपकी धमनियां जितनी पतली होती है, रक्त का दबाव उतना ही ज्यादा होता है, जिसे हम हाई ब्लड प्रेशर या हाईपरटेंशन कहते हैं। दुनिया में 1.28 अरब लोग हाई बीपी के शिकार है। हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को सेब,केला के अलावे सिट्रस एसिड से भरपूर फल का सेवन आवश्य करना चाहिए, जैसे-नींबू, चकोतरा,संतरा आदि। यह सब खट्टे फल विटामिन-सी के मुख्य श्रोत होते हैं और इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में यह हाई बीपी की समस्या को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए निम्न बातों को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। कम सोडियम लें जो स्टेज 1 उच्च रक्तचाप में बेहद मददगार है।

चलते चलते एक नजर

पुलिस ने ट्रक सहित 150 बोरी डोडा जब्त किया

रांची। तमाड़ थाना क्षेत्र के कुबासाल मार्केट के पास पुलिस ने देर रात बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सी कम्पनी बसुकोचा तथा तमाड़ थाना के संयुक्त प्रयास से डोडा लदा हुआ एक ट्रक आरजे-19-जी ई 5882 का परिचालन करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ही छापामारी की और ट्रक को चेकिंग के दौरान पकड़ा लिया। डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बासुकोचा के जंगल से एक ट्रक अवैध डोडा लोड कर तमाड़ की ओर जा रही है, उनके नेतृत्व में टीम गठन कर मौके पर छापेमारी की गई। जिसमें एक ट्रक में प्लास्टिक की बोरी में 150 बोरियों में अवैध डोडा लोड की गई थी। इस छिपे मारी में अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने ट्रक में रखा 150 बोरी डोडा जिसका वजन लगभग 2259 किलो होगा यह अवैध डोडा जब्त कर लिया है और फरार चालकों की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

फायरिंग प्रशिक्षण में 13 वायरलेस इंस्पेक्टरों को मिली सफलता

रांची। फायरिंग प्रशिक्षण में कुल 13 वायरलेस इंस्पेक्टर पास हो गये हैं। जिनमें मुख्य रूप से राखो हरि मुंडा, अंशु कुमारी सिंह,रिंकी कुमारी, धनिष कुमार सिंह, रौशन कुमार उरांव, विकास प्रसाद, दीनबंधु हांसदा, लीना कुमारी सोरेन,विकाश कुमार, देवकुमार, मृगेंद्र शनि, मो निजामुद्दीन दुर्गेश कुमार के नाम शामिल हैं। बताया गया कि इससे पूर्व पुलिस वायरलेस के नवनियुक्त 13 प्रशिक्षु इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में फेल हो गये थे। इसके बाद इन सभी इंस्पेक्टर का 28 अप्रैल को एसआईआरबी - 2 द्वारा खूंटी में प्रशिक्षण आयोजित किया था। इस प्रशिक्षण के बाद सभी असफल 13 इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में पास हो गए।

13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल रांची में

रांची : 13 वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल में किया जाएगा। चैंपियनशिप 12 से 22 जून 2023 तक राऊलकेला ,उड़ीसा में आयोजित होगा। चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म तिथि एक जनवरी 2004 एवं उसके बाद का हो। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम और ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है, वह हॉकी इंडिया द्वारा जारी किए गए हैं।

विद्यालय में ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार, संजना कुमारी को मिला प्रथम स्थान

रांची : कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को विवेकानंद युथक्रेक फाउंडेशन की ओर से ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। साथ ही देश के प्रधानमंत्री की ओर से दिये गए पंच प्रण पर युवा संवाद पर सेमिनार और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान संजना कुमारी ,द्वितीय स्थान नेहा कुमारी और तृतीय स्थान हिमांशु कुमार को मिला। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता विवेकानंद युथक्रेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप बिरसा उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी रही।

मोदी सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं खिलाड़ी : सुरजेवाला

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हक की लड़ाई के लिए जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों की करुण पुकार सुनने के लिये मोदी सरकार तैयार नहीं है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में बेटियां और खिलाड़ी नहीं हैं।सुरजेवाल ने गुरुवार को ट्वीट कर सवालिया लहजे में कहा कि मोदी सरकार को देश की बेटियों की चीत्कार और न्याय की गुहार क्यों नहीं सुनाई देती ? पिछले 26 दिनों से अपने साथ हुई ज्यादतियों के लिए न्याय मांगने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही हैं।आगे सुरजेवाला ने कहा कि उन्होंने देश की बेटियों व नामी पहलवानों के बीच पहुंचकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। दुनिया में अपनी ताकत का लोहा मनवाने वाली इन बेटियों के संघर्ष में हम मन-वचन-कर्म से साथ हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के मामले में चुप्पी क्यों साध हुए है ?

उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी 19 मई को आयेंगे रांची

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेवा विमान से पटना से रांची आयेंगे। एयरपोर्ट पर जदयू नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद चौधरी रांची से रामगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहां जिला के कुंज्जु (नया मोड़) में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। झारखंड प्रवास के दौरान 20 मई को चौधरी रामगढ़ के मां छिन्नमस्तिका मन्दिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद हजारीबाग जायेंगे। वहां आयोजित जदयू कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल होंगे। 21 मई को वह चतरा में जदयू कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भाग लेंगे। चौधरी चतरा से सड़क मार्ग से बिहार वापस लौट जायेंगे। प्रवास के दौरान 19 और 20 मई को रात्रि विश्राम रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में करेंगे। जिलों में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में ख़ासा उत्साह है। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हुए है।

अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति ने सामान्य और उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों पर चर्चा की। साथ ही जिले में तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कई निर्णय लिए गए। अनुकंपा के आधार पर सामान्य के छह मामले समिति के समक्ष आए। विचार-विमर्श के बाद समिति ने चार मामलों को स्वीकृति दी। एक अभ्यावेदन को समिति ने अस्वीकृत कर दिया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रधान लिपिक के पद पर 30 और उच्च वर्गीय लिपिक पद पर 66 तथा शेष अन्य पदों के लिए सभी को प्रमोशन देते हुए उनके वित्तीय लाभ को समिति की ओर से तय किया गया।

संत मरियम स्कूल का कराटे में शानदार प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : काठमांडू नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय शाखा कजरी के कराटेकार सिद्धेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। साथ में इंटरनेशनल लेबल पर ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सिहान सुरेंद्र श्रेष्ठ नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ती -पत्र प्राप्त किया। विदित हो की सीधेश कुमार मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है साथ ही नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी इनके ही नेतृत्व में शामिल हुआ। छात्र के इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने छात्र एवं प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि पलामू और हमारे विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि पहली बार हमारे विद्यालय का छात्र अंतरराष्ट्रीय लेवल पर ब्लैक बेल्ट हासिल किया एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा मे भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। हम सभी उम्मीद करते है की आने वाले समय में पलामू जैसे सुदूरवर्ती पिछड़े इलाके से और भी छात्र प्रेरणा लेकर ढेरों मेडल अपने नाम करे। साथ ही देव ने कहा की कराटेकार सीधेश कुमार को बहुत जल्द विद्यालय प्रबन्धन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सोनाहातु थाना क्षेत्र भकुआडीह चौक पर अफीम कारोबारी दो युवक को पुलिस ने पकड़ने के लिए पीछा किया जिसमें एक युवक फरार हो गया एक गिरफ्तार हो गया। इस संबंध ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने एनडीपीएस एक्ट एवं 25 (1)/20/365 दर्ज किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा गुप्त सूचना दिया गया। बताया गया कि दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर जा रहे है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमण्डल पुलिस का गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए के पास वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया , उसी क्रम में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा उक्त मोटरसाईकिल सवार को बांकु गाँव स्थित दुर्गा मंदिर के पास घेर लिया गया। मोटरसाईकिल पर पीछे बैठा युवक अंधेरा का लाभ उठाते हुए मोटरसाईकिल से कुदकर भागने में सफल रहा। मोटरसाईकिल चाल रहा युवक मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया। युवक का नाम ज्योतिलाल महतो जिला सरायकेला-खरसावा का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक थैले के अन्दर पॉलिथीन में अफीम जैसा पदार्थ पाया गया तथा उसके कमर में खोसा एक देशी पिस्टल एवं बाये पॉकेट से एक चाकू बरामद किया गया। जब अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू द्वारा थैले में रखे भूरे रंग के चिपचिपा पदार्थ की जाँच डीडी कीट से की गयी तो उक्त बरामद पदार्थ अफीम पाया गया। उक्त बरामद अफीम की वजन कराने पर कुल वजन एक किलो 250 ग्राम पाया गया। पकड़ाये युवक से बरामद सामानों से सम्बन्धित वैध कागजात की मांग करने पर उनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ करने पर बताया गया कि इनके मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे साथी जो पुलिस द्वारा पीछा करने पर मोटरसाईकिल से कूदकर भाग गया उसके साथ मिलकर अफीम खरीद कर ला रहे थे। बरामद अफीम का अनुमानित बाजार भाव लगभग 1,00,000 रूपया है।

छापामारी दल के सदस्य: अजय कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू, पुअनि सतीश वर्णवाल, थाना प्रभारी सोनाहातु ,पुअनि मुकेश कुमार यादव, सोनाहातु थाना,पुअनि अभिमन्यु कुमार, सोनाहातु थाना और सोनाहातु थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

सब इंस्पेक्टर अनिमेष हुए सम्मानित

रांची। झारखण्ड पुलिस के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने रांची जिला के नामकुम थाना के पदस्थापित तत्कालीन पुअनि अनिमेष शांतिकारी को अनुसंधाकर्ता व उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। अनिमेष शांतिकारी को यह नामकुम थाना में 13.06.2020 में केस संख्या-118/2020 में डोडा व अफिम के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा और पूरे काण्ड का उदभेदन किया था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुअनि अनिमेश शांतिकारी को नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी बधाई देने के साथ शुभकामना दी है। वर्तमान में अनिमेष अरगोड़ा थाना में पदस्थापित हैं।

झारखंड के चार विवि में होगी कुलपति की नियुक्ति

प्रभता मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के चार विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति होगी।

इसके अलावा प्रो-वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए भी विज्ञापन जारी हो चुका है। राज्यपाल सचिवालय ने कहा है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अलावा सिदो कान्हो मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा में वीसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने होंगे।

इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय के साथ साथ विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू और कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के लिए प्रो- वीसी की नियुक्ति होनी है। एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव और अन्य जरूरी अनुभव रखने वाले कैंडिडेट वीसी, प्रो- वीसी के पदों के लिए निर्धारित वेबसाइट http://www.jharkhanduniversities.nic.in या http://www.rajbhavanjharkhand.nic.in की मदद से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य में अगले माह जून के अंत तक पांच कुलपति व दो प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने को हैं।

केंद्रीय हज कमिटी व झारखण्ड राज्य हज कमिटी के खिलाफ दर्ज होगा पीआईएल

आम जनता हेल्पलाइन
عام جنتا ہیلپ لائن
Mob.: 94317 55844
90062 95313 / 99341 66811

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : केन्द्रीय हज कमिटी ने झारखण्ड के हाजियों के साथ धोखधड़ी किया है। केंद्रीय हज कमिटी ने 7 माह पहले आजमीन हज से हज फार्म भरवाया , जिसमें रांची से जेद्दा या रांची से मदीना डायरेक्ट फ्लाइट की बात की गई थी। हज यात्रा शुरू होने से 15 दिन पहले अचानक यह घोषणा किया जाना की अब झारखण्ड के हज यात्री कोलकाता से सऊदी अरब जायेंगे। अंतिम समय में अचानक इस तरह के तुगलकी फरमान से दूर-दराज के हज यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इसके साथ ही हज यात्रियों की ऊपर 6643 रूपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। इसके अलावा रांची से कोलकाता जाने के लिए आजमीन हज को अपनी खर्च से जाना होगा। हज यात्री जिसमें अधिकतर उम्रदराज पुरुष-महिला होते है। ग्रामीण क्षेत्रों के हज यात्रियों के लिए केन्द्रीय हज कमिटी का यह अनैतिक फरमान आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं। आम जनता हेल्पलाइन मांग करती है की झारखण्ड राज्य हज समिति अपनी उदासीन और गैर जिम्मेदाराना रवैया को छोड़कर झारखण्ड के हाजियों के लिए रांची से कोलकाता कनेक्टिंग फ्लाइट की व्यवस्था करें , अन्यथा हम लोग केंद्रिय हज कमिटी और झारखण्ड राज्य हज कमिटी के खिलाफ झारखण्ड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। झारखंड राज्य हज समिति के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। बैठक में एजाज गद्दी, रमजान कुरैशी, नेहाल अहमद, हाजी फिरोज जिलानी, मो. हैदर, अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव तारिक हुसैन व हाजी जसीम मुख्य रूप से मौजूद थे।

रांची में फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी

रांची : रांची पुलिस ने फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में ऐसे कई यूट्यूब न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल, न्यूज एप, इंटरनेट वेबसाइट हैं, जो सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नहीं हैं। इस तरह के चैनल में 4-5 लोग काम करते हैं और उस चैनल का आईडी कार्ड धारण कर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं। इनका कोई भी पंजीकृत कार्यालय नहीं होता है। ये लोग अपने आप को चैनल का पत्रकार एवं संपादक बताते हुए विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था के लिए डयूटी पर तैनात पदाधिकारियों पर दबाव भी डालने का प्रयास करते हैं। इनके द्वारा कई बार भ्रामक और गलत ढंग से खबरों को प्रकाशित करने की बात सामने आयी है। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए सिटी एसपी ऑफिस में उपस्थित होने का कष्ट किया जाये।

वर्ष 2022-23 की स्वीकृत योजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूर्ण करें पदाधिकारी : सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने निर्देश दिया है कि स्वीकृत्यादेश प्राप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 की लंबित योजनाओं को किसी भी हाल में 15 जून तक पूरा करें। साथ ही चेतावनी दी कि अगर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी, तो संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तालाब, डीप बोरिंग, परकुलेशन की योजनाओं की स्वीकृति 31 मई तक सुनिश्चित करें। सचिव नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी जिले से आये जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। सचिव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही विभागीय निदेशक यह सुनिश्चित करें कि विभाग की ओर से विभिन्न जिलों को आवंटित की गई राशि का व्यय नियमानुसार हो। निदेशक इसकी मॉनिटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाए तथा इसका व्यापक तौर पर प्रचार - प्रसार किया जाए। 15 जून तक सभी प्रखंडों में मेले का आयोजन सुनिश्चित होना चाहिए। प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री कृषि फसल राहत योजना का फ्लैक्स लगाया जाए ताकि किसान पूरी जागरूकता के साथ योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। सिद्दिकी ने प्रमोशन ऑफ द अर्बन फार्मिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिलास्तर पर एक कमेटी गठित करें, ताकि योजना फलीभूत हो सके। उद्यान विकास योजना के लिए विशेषज्ञों की राय लेने का भी उन्होंने निर्देश दिया। सॉयल कन्जर्वेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी चालू योजनाएं हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए तथा उसका बिल जेनरेट कर भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही पीएल एकाउंट से ली गई जलनिधि की योजनाओं को पूरा करें। 31 मई तक सभी आवेदित डीप बोरिंग की स्वीकृति मिले, यह सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, विभाग के विभिन्न निदेशालयों के निदेशक सहित सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारी व जिला उद्यान पदाधिकारी उपस्थित थे।

कृषि सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश